CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 08°C

सेंसेक्स 74,340.09 निफ्टी 22,544.70

सोना 88,200 चांदी 99,000

हल्द्वानी, शुक्रवार 7 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 197 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 6 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## छठा रोज़ा

### ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी की सीख देता है छठा रोज़ा

कुरआन पाक के पच्चीसवें पारे की सूरह शूरा की तिरालीसवीं आयत में जिक्र है जो सब्र करने वाले हैं और रहम करने वाले हैं वो बुलंद मर्तबे और अज़्मत वाले हैं। यहां यह बात काबिलेगौर है कि सब्र और रहम मर्तबे और अज़्मत बढ़ाने वाले हैं और रहम रास्ता है अज़्मत का। सब्र, सीढ़ी है बुलंदी की, तो इसका सीधा-सा जवाब है कि मुकम्मल ईमानदारी और अल्लाह की फरमाबरदारी के साथ रखा गया रोज़ा और रोज़ेदार इसकी पहचान है। नेकनीयत और पाकीज़गी के साथ रखे गए रोज़े का नूर अलग ही चमकता है। जज्बा-ए-रहम रोज़ेदार की पाकीजा दौलत है और जज्बा-ए-सब्र रोज़ेदार की रूहानी ताकत है। कुरआने-पाक में अल्लाह को सब्र करने वाले का साथ देने वाला बताया गया है अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। रोज़ा इम्तिहान भी है और इंतजाम भी। सब्र और संयम रोज़ेदार की कसौटी है इसलिए रोजा इम्तिहान है। सब्र की कसौटी पर रोजेदार कामयाब यानी खरा साबित हुआ तो इसका मतलब यह कि उसने आखिरत का इंतजाम कर लिया।

# उत्तराखंड में अब बारामासी रहेगा टूरिज्म: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हर्षिल/उत्तरकाशी।** एक दिवसीय शीतकालीन यात्रा पर गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुखवा और हर्षिल से उत्तराखंड में शीतकालीन तीर्थाटन और पर्यटन की जोरदार ब्रांडिंग की। उन्होंने तीर्थयात्रियों, पर्यटकों से लेकर कॉरपोरेट और फिल्म उद्योग तक को विंटर सीजन में उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की है। हर्षिल में जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बीते दिनों माणा में हुए हिमस्खलन में दिवंगत लोगों के प्रति

■ **प्रधानमंत्री ने 'घाम तापो टूरिज्म' के तौर पर की उत्तराखंड विंटर टूरिज्म की ब्रांडिंग**

दुख: व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की यह भूमि, आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत है। उन्होंने उत्तराखंड से अपना आत्मीय लगाव, व्यक्त करते हुए कहा कि वो जीवनदायिनी मां गंगा के शीतकालीन गद्दी स्थल पर अपने परिवारजनों के बीच पहुंचकर धन्य महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां गंगा की कृपा से ही उन्हें दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला। मां गंगा के आशीर्वाद से ही वह काशी पहुंच,



सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने कहा था कि मां गंगा ने ही उन्हें काशी बुलाया है। उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा कि उन्हें कुछ महीने पहले अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने -शेष पृष्ठ दो पर

## हर विपदा में प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे: पुष्कर धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड पर जब भी कोई विपदा आई है, चाहे केदारनाथ यात्रा मार्ग पर आई प्राकृतिक आपदा, जोशीमठ में भूधंसाव, सिलक्यारा टनल हो या फिर अभी हाल ही में चमोली में माणा गांव के पास हुई हिमस्खलन की घटना हो।

प्रधानमंत्री हमारे साथ सदैव खड़े रहे हैं। मुख्यमंत्री ने चार हजार 81 करोड़ रुपये की लागत से गौरीकुंड से केदारनाथ और 27 सौ 30 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोप-वे निर्माण की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों रोप-वे परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद तीर्थयात्रियों को आवगमन के लिए सुगमता होगी और प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का एक प्रमुख आधार है। होटल व्यवसायियों से लेकर टैक्सी चालकों, स्थानीय दुकानदारों के साथ ही यात्रा से जुड़े हुए लाखों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि शीतकाल में उत्तराखंड के चारों धामों के कपाट बंद होने के बाद इन सभी लोगों की आर्थिकी प्रभावित होती थी।

# POK वापसी के बिना कश्मीर हल संभव नहीं

## कश्मीर के सवाल पर जयशंकर ने पाकिस्तानी पत्रकार को दिया जवाब

लंदन, वार्ता

**विदेश मंत्री डा. एस.** जयशंकर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है।

डा. जयशंकर ने यहां चैथम हाउस में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना, जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं, तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं।

■ **कहा : हमने इस क्षेत्र में अधिकांश मसले को हल करने के लिए अच्छा काम किया**



### भारत ने की खालिस्तानियों के हंगामे और राष्ट्रध्वज के अपमान की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाववादियों एवं आतंकवादियों द्वारा हंगामा और भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किए जाने की कड़ी निंदा की है तथा ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की निष्क्रियता पर क्षोभ व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां मीडिया के सवालों पर कहा कि हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन की यात्रा के दौरान सुरक्षा भंग के फुटेज देखे हैं। हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग की भर्त्सना करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने राजनयिक दायित्वों को पूरी तरह से पूरा करेगी। उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने लंदन में डा. जयशंकर का रास्ता रोकने का प्रयास किया, भारत विरोधी नारे लगाए तथा भारतीय ध्वज फाड़ दिया, जबकि वहां मौजूद स्थानीय सुरक्षा अधिकारी हस्तक्षेप करने की बजाय पूरी तरह से निष्क्रिय और उदासीन बने रहे।

### हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार हर जरूरतमंद के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन के दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर यूपी सरकार को लगाई कड़ी फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में 2021 में हुए एक बुलडोजर एक्शन को लेकर यूपी सरकार को आड़े हाथों लिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उन्हें नोटिस मिलने के कुछ घंटों के भीतर बुलडोजर चला दिया गया। जवाब देने या कानूनी बचाव का मौका तक नहीं दिया गया। रविवार, 7 मार्च 2021 को हुई इस कार्रवाई में प्रोफेसर अली अहमद और वकील जुल्फिकार हैदर समेत कुल 5 लोगों के मकान गिराए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शनिवार, 6 मार्च की रात को नोटिस दिया गया। हालांकि नोटिस पर एक मार्च की तारीख लिखी थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि जिस जमीन पर यह मकान बने थे, वह लोग -शेष पृष्ठ दो पर

■ **अतीक से जुड़ी संपत्ति मानकर गिरा दिए थे मकान**

■ **वकील और प्रोफेसर के घरों को अवैध रूप से तोड़ने पर पुनर्निर्माण के दिए आदेश**



### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सनातन धर्म पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर विवादों में घिरे तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ बिना इस अदालत की अनुमति नए आपराधिक मामले दर्ज नहीं किए जाए। पीठ ने श्री स्टालिन के खिलाफ विभिन्न राज्यों में शुरू की गई सभी आपराधिक कार्यवाहियों को एक साथ करने की उनकी याचिका पर यह अंतरिम निर्देश पारित किया।




### गंगा सफाई गारंटी पर वादा भूल गए मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए 'नमामि गंगे योजना' शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ उससे गंगा साफ नहीं हुई। श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री की गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा था कि उनको 'मां गंगा ने बुलाया है' पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को 'भुलाया' है।

### पोर्ट स्टेनली से केपटाउन के लिए रवाना हुई तारिणी

**नई दिल्ली।** समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने निकली नौसेना की दो महिला अधिकारियों की नौका तारिणी पोर्ट स्टेनली से अगले चरण में केप टाउन के लिए रवाना हो गई है।

# कौशांबी से खालिस्तानी आतंकवादी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र से एसटीएफ और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में गुरुवार तड़के आंतकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं आईएसआई मॉड्यूल के दुर्दांत आतंकवादी लजर मसीह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में असलहा और गोला बारूद बरामद किए गए।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने यहां पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सकाढा मोड़ के पास यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप के आतंकी लजर मसीह को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड,तीन जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक रूस निर्मित पिस्टल और 13 जीवित कारतूस के अलावा फर्जी आधार कार्ड बरामद किया गया है।



■ **एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में असलहा और गोला-बारूद बरामद**

### उप्र विस के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा का बजट सत्र पूरा हो गया है। बजट सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही कुल 72 घंटे 56 मिनट तक चली। जबकि 3 घंटा 36 मिनट के लिए स्थगित हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चार दिन चर्चा हुई। इसमें 147 सदस्यों ने हिस्सा लिया। बजट पर साधारण चर्चा 4 दिन तक हुई। जिसमें कुल 94 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 3 विधेयक पारित हुए। सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री नेता सदन योगी आदित्यनाथ, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और समेत सभी दलीय नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस सदन का ब्रांड एम्बेसडर है। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन में सदस्य जो भी वायदा अपने क्षेत्र में करें उसे पूरा जरूर करें।

# अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से 42 महिलाएं सम्मानित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली 42 महिलाओं को गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कमला अंकीबाई घमंडीराम गोवानी ट्रस्ट ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इन महिलाओं को 2025 के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर, श्रम, रोजगार युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन और लोकसभा सदस्य मनोज तिवारी सहित कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। श्री गडकरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ऐसे समाज के निर्माण की जरूरत है, जहां समानता हो और हीनता की भावना नहीं हो।



■ **विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले नवाजा गया**



# उत्तर प्रदेश के शिक्षा मित्रों की नौकरी पर संकट के बादल

## यूपी में अवकाश लेकर हो रहे गायब, अब उत्तर प्रदेश में खंगाली जाएगी कुंडली

**लखनऊ, वार्ता**




पूरे उत्तर प्रदेश में शिक्षा मित्रों की कुंडली खंगाली जाएगी। यह आदेश राज्य परियोजना निदेशक ने दिए हैं। आदेश में बताया गया है कि ये शिक्षा मित्र प्रदेश के कई मंडलों में लंबे समय से अवैतनिक अवकाश लेकर गायब चल रहे हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अब लखनऊ मंडल में ऐसे 270 शिक्षामित्रों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है , ताकि इस तरह का मामला कहीं पाया जाता है, तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

एक दैनिक अखबार ने 15 जनवरी को यह मामला उठाया था। उसकी रिपोर्ट में कहा गया था कि लखनऊ मंडल से जुड़े शिक्षामित्रों के अवैतनिक अवकाश लेकर लंबे समय से गायब रहने व इसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निदेशालय ने मंडल के सभी जिलों के बीएसए को ऐसे शिक्षामित्रों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सभी बीएसए से समग्र शिक्षा व बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जिलों में कार्यरत शिक्षामित्रों का विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इस मामले को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान बड़ी बात कही गई थी। शिक्षा मंत्री ने शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर जवाब दिया था। यूपी के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय में बढ़ोतरी किए जाने की मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि यूपी के शिक्षामित्र को वर्तमान में 10000 प्रति महीने के हिसाब से मानदेय दिया जा रहा है। पहले 3500 प्रति महीने के हिसाब से शिक्षामित्र को मानदेय दिया जाता था। बाद में शिक्षामित्र के मानदेय में 10000 की बढ़ोतरी की गई है।

विपक्ष के माध्यम से जब सवाल पूछा गया कि शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी को लेकर क्या विचार है तो इस पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि अभी शिक्षामित्र के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। क्योंकि पहले ही शिक्षामित्र के मानदेय में 3500 से बढ़कर 10000 कर दिया गया है। अभी भविष्य में शिक्षामित्र के मानदेय बढ़ोतरी का कोई विचार नहीं है। अब उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्र के अवैतनिक अवकाश को लेकर जल्द कार्रवाई शुरू होगी। जो शिक्षामित्र वेतन अवकाश लेकर किसी और कार्य में संलग्न है, उन शिक्षामित्र की नौकरी समाप्त कर दी जाएगी।

# यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मिला नया सीईओ

**लखनऊ, वार्ता**



■ हाईकोर्ट ने जीशान रिजवी की नियुक्ति का दिया आदेश, अजीज को किया कार्य मुक्त

यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को लंबे समय बाद एक स्थायी मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मिल गया है। हाईकोर्ट ने अनुभवी और ईमानदार अधिकारी जीशान रिजवी की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। वे पहले भी इस महत्वपूर्ण पद पर कार्य कर चुके हैं और उनकी प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

बोर्ड में स्थायी सीईओ की गैरमौजूदगी के कारण वक्फ संपत्तियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य अटके हुए थे, खासकर धारा 52 और 54 के तहत होने वाली कार्रवाहियां। वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण और अनियमितताओं को रोकने के लिए ये धाराएं बेहद अहम हैं, लेकिन सीईओ के अभाव में इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अस्थायी रूप से अजीज अहमद को सीईओ का चार्ज सौंपा था, लेकिन उनके पास पहले से ही सचिवालय और सुन्नी वक्फ बोर्ड की सीईओ की जिम्मेदारी थी, जिससे वे शिया वक्फ बोर्ड के कार्यों को पूरी तरह संचालित नहीं कर पा रहे थे। इसके चलते बोर्ड के प्रशासनिक कार्य ठप पड़ गए थे और हितधारकों में निराशा बढ़ रही थी। बोर्ड के कार्यों में हो रही देरी और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने जीशान रिजवी की नियुक्ति का आदेश जारी किया और सरकार को 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश भी दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले का वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों और हितधारकों ने स्वागत किया है। वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर जीशान रिजवी की सख्त कार्यशैली जानी जाती है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि अब लंबित मामलों का जल्द निस्तारण होगा और वक्फ बोर्ड की कार्यप्रणाली में तेजी आएगी। इस फैसले पर 'सेव वक्फ इंडिया ' के वाइस प्रेसिडेंट सैयद रिजवान मुस्तफा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय वक्फ संपत्तियों की रक्षा और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। जीशान रिजवी की नियुक्ति के बाद अब बोर्ड के कार्यों में नई ऊर्जा और गति आने की संभावना है। लंबित मामलों का समाधान, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में यह निर्णय एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि उनकी अगुवाई में वक्फ बोर्ड किस तरह अपनी कार्यप्रणाली को सशक्त और प्रभावी बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्थिक असमानता में सौ वर्षों का रिकॉर्ड टूटा: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया और करीब एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि देश में आर्थिक असमानता ने 100 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इसका मतलब सौ साल पहले जितनी असमानता थी वह आज है। उन्होंने कहा कि एक सौ करोड़ लोगों के पास अपने जरूरत के अलावा कुछ भी खरीदने के लिए पैसा नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था इस हालत में है, लेकिन सरकार की तरफ से कोई भी एक शब्द बोलने को तैयार नहीं है। सरकार ने लोगों को उनकी बदहाली में छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों पर देश के लोगों ने अपना पैसा शेयर बाजार में लगाया और देशवासियों का 94 लाख करोड़ रुपया शेयर बाजार में डूब गया। लोगों की जिंदगी की गाढ़ी कमाई का पैसा डूब गया, लेकिन प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने चंद मित्रों का सोलह लाख करोड़ रुपया माफ किया। यह देश के लोगों का पैसा था। उन्होंने कहा कि सरकार अनाप शनाप टैक्स लगाकर लोगों से पैसा वसूलती है और अपने मित्रों का कर्ज माफ कर देती है।

### महिला दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा यहां विज्ञान भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि भी शामिल होंगे। महिला दिवस के अवसर पर 'वह भारत का निर्माण कर रही है' हैशटैग से सोशल मीडिया पर एक मेगा अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ मेरा युवा भारत पोर्टल के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य भाग लेंगी।

# एसिड अटैक पीड़िताओं को दी जाएगी आर्थिक मदद

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ नई दिल्ली में आठ को होगा अपराजिता सम्मान समारोह, समग्र समाज के लिए जागरूकता की मुहिम चला रहा किसान ट्रस्ट

किसान ट्रस्ट के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित अपरा. जिता समारोह में एसिड अटैक पड़िताओं को आर्थिक सहायता दी जाएगी। यह समारोह आठ मार्च को आयोजित होगा। इसमें समाज में समावेशिता और न्याय की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही आर्थिक साक्षरता बढ़ाने, नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को बाजार उपलब्ध कराने पर मंथन किया जाएगा। यह प्रथम अपराजिता सम्मान समारोह होगा। इसमें महिलाओं की दृढ़ता और उपलब्धियों का सम्मान किया जाएगा। इस दौरान में दो प्रमुख पैनल चर्चा होंगी जिनमें विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और समाज में बदलाव लाने वाले प्रमुख व्यक्तियों की भागीदारी रहेगी।

पहली चर्चा में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार किया जाएगा, जिनमें बचपन से स्वास्थ्य जागरूकता की कमी, स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने में आने वाली चुनौतियां, रजोनिवृत्ति से जुड़े मिथकों को तोड़ना, और समग्र कल्याण के लिए पोषण और फिटनेस की भूमिका शामिल है। इस सत्र में विश्व बैंक की दीपिका आनंद , सर्वोदय अस्पताल से जुड़े डा. शहला जमाल, पोषण विशेषज्ञ ईशी खोसला और सामाजिक प्रभाव विशेषज्ञ शैफालिका पांडा अपनी राय साझा करेंगी और इसका संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मनीषा अहलावत करेंगी। दूसरी चर्चा में डिजिटलीकरण महिलाओं के जीवन को कैसे बदल रहा है, आर्थिक साक्षरता बढ़ाने, नई नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराने, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों को बाजार उपलब्ध कराने और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने में इसकी क्या भूमिका है। इस पर चर्चा होगी यहां गेट्स फाउंडेशन की अर्चना व्यास डा. श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल से उमंग माथुर नताशा जोग और संया सेठ (यूएन वीमेन) प्रमुख वक्ता होंगी और इसका संचालन लीडरशिप कोच शिल्पी सिंह करेंगी। यह जानकारी किसान ट्रस्ट अध्यक्ष डा. यशवीर सिंह ने दी।

## मुख्यमंत्री योगी 2100 प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए टूल किट

# यूपी में दस लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेंगे

**गोरखपुर, वार्ता**



■ युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को शुरू की गई थी

■ एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, अभी 254794 हजार आवेदन आ चुके हैं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है।

बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपए का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण कार्यक्रम में योगी ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपए वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर व बस्ती के सातों जिलों गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के युवाओं को ऋण वितरित किया गया। जब हम यह स्कीम बना रहे थे, तभी आपकी ऊर्जा पर विश्वास था। हमें पता था कि आपके पास विजन है, उसे धरातल पर उतारने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। कई नौजवान स्टार्टअप-कारोबार प्रारंभ करना चाहते, लेकिन पूंजी का अभाव होता है। हमने तय किया कि उसकी मजबूरी को मजबूरी नहीं रहने देंगे, बल्कि उसके विजन को धरातल पर उतारेंगे। योगी ने कहा कि उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम का पोर्टल प्रारंभ कराया। इसमें हमने व्यवस्था दी कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। 10 प्रतिशत तक मार्जिन मनी भी सरकार उपलब्ध कराएगी। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है।

### बसपा का अब हो गया है भाजपाकरण: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बहुजन समाज पार्टी का उदय सामाजिक न्याय के धरातल पर हुआ है लेकिन अब उसका भाजपाकरण हो गया है और इसी आधार पर वह राजनीतिक निर्णय ले रही है। कांग्रेस नेता तथा दलित, ओबीसी, मॉइनोरिटीस एवं आदिवासी-डोमा परिसंघ के चेयरमैन डा. उदित राज ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुजन समाज पार्टी का उत्थान अन्य दलों से भिन्न स्तर का रहा है। इसकी शुरुवात सामाजिक आंदोलन से हुई और बाद में राजनीतिक दल बसपा बना और अब इसका पूरी तरह से भाजपाकरण हो गया है। उन्होंने कांग्रेस को सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा हितैषी बताते हुए कहा कि पिछले चार दशक से आरोप पर आरोप कांग्रेस पर लगाते गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने पलट कर जवाब नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को हिस्सेदारी दी और उसी को अंबेडकर विरा. धी और दलित विरोधी बताकर हमला बोला जाता रहा। अब जब बसपा का भाजपाकरण हो गया है, तो चुप बैठा नहीं रहा जा सकता। बसपा को गरीबों के खून पसीने से गठित पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि बसपा को जन्म और ताकत देने वाले गरीब दलित और कर्मचारी थे। सामाजिक न्याय और समानता की सोच रखने वाले दलों तथा संगठनों के साथ कांग्रेस की हमेशा साहनुभूति रही है। इस आंदोलन से जुड़े हर समुदाय या दल के साथ कांग्रेस की सहानुभूति कुछ ज्यादा ही रही है। पिछले चार दशक से आरोप पर आरोप कांग्रेस पर लगाते गए लेकिन पार्टी ने पलट कर जवाब नहीं दिया। कांग्रेस ने दलित, आदिवासी और पिछड़ों को हिस्सेदारी दी और उसी को अंबेडकर विरोधी और दलित विरा. धी बताकर हमला बोला जाता रहा। अब जब बसपा का भाजपाकरण हो गया है, तो चुप बैठा नहीं रहा जा सकता।

## अर्थ व्यापार

# तरलता की घोषणा से बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई, वार्ता**



एशियाई बाजारों की तेजी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए इस महीने एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूति खरीदने की घोषणा से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 609.86 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत उछलकर करीब दो सप्ताह बाद 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,340.09 अंक पर पहुंच गया। पिछले लगातार दो दिनों में सेंसेक्स में 1350.16 अंक की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207.40 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,544.70 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह निवेशकों की बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में निवेश धारणा मजबूत रही। इससे मिडकैप 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 40,009.30 अंक और स्मॉलकैप 1. 63 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,265.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4103 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3006 में तेजी जबकि 990 में गिरावट रही, वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य 12 में बिकवाली हुई। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ नीति में बदलाव का भारतीय बाजार पर कोई विशेष प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर, ट्रंप कनाडा और मैक्सिको के साथ टैरिफ को लेकर समझौते की दिशा में बढ़ रहे हैं, जिससे वैश्विक बाजार में सकारात्मक संकेत देखने को मिल रहे हैं। आरबीआई ने घोषणा की है कि बैंलकग तंत्र में तरलता बढ़ाने के लिए वह इस वर्ष 12 मार्च और 18 मार्च को दो अलग.अलग चरण में एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। साथ ही 24 मार्च को 10 अरब डॉलर/रुपए की खरीद/बिक्री स्वैप ऑक्शन करेगा।

## अर्थ व्यापार

### इको टूरिज्म और स्थानीय आजीविका पर ध्यान देगी सरकार: उमर

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर विधानसभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि सरकार बंगस को एक ऑफ-बीट गंतव्य के रूप में विक. सित करने की योजना बना रही है और पर्यटकों के लिए कुछ बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए धन आवंटित किया गया है, लेकिन धन का उपयोग वन मंजूरी से जुड़ा हुआ है जो क्षेत्र के नियोजित विकास के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री पिछले दो वर्षों में बंगस घाटी के विकास के लिए उपयोग किए गए धन के बारे में सदस्य शेख खुर्शीद द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। पर्यटन विभाग के प्रभारी मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री ने विधानसभा को सूचित किया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत आवंटन 30 लाख रुपए है, जिसमें से 24 लाख रुपए पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 80 रिंगिट चढ़कर 4749 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की तेजी के साथ 43.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में अब...** उन्हें गोद ले लिया है, अब अपने बच्चे के प्रति मां गंगा का दुलार ही है कि वो आज खुद मुखवा गांव पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि वो हर्षिल की धरती पर आकर, अपनी दीदी भुलियों को भी याद कर रहे हैं, क्योंकि वो उन्हें हर्षिल की राजमा और अन्य लोकल प्रॉडक्ट भी भेजती रहती हैं। श्री मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले जब वो बाबा केदार के दर्शन के लिए आए थे, तो बाबा के दर्शन के बाद उनके मुंह से अचानक ही भाव प्रकट हुआ कि ये दशक उत्तराखंड का होने जा रहा है। ये भाव भले ही उनके थे, लेकिन इसके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति बाबा केदार की थी। अब बाबा के आशीर्वाद से ये शब्द धीरे-धीरे सच्चाई में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये दशक अब उत्तराखंड का बन रहा है। उत्तराखंड की प्रगति के लिए, नए-नए रास्ते खुल रहे हैं, जिन आकांक्षाओं को लेकर उत्तराखंड का जन्म हुआ था, उत्तराखंड नित नए लक्ष्य और संकल्प लेते हुए, उन्हें पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने शीतकालीन तीर्थाटन-पर्यटन पर जोर देते हुए कहा कि इसके माध्यम से उत्तराखंड की आर्थिक सामर्थ्य को साकार करने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इस अभिनव पहल के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड के लिए अपने टूरिज्म सेक्टर को बहुआयामी या बारामासी बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 365 दिन का पर्यटन जरूरी है। वो चाहते हैं कि उत्तराखंड में कोई भी पर्यटन सीजन ऑफ नहीं रहे, बल्कि हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। श्री मोदी ने कहा कि अभी पहाड़ों पर मार्च से जून के बीच ही ज्यादातर पर्यटन आते हैं, जबकि इसके बाद पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो जाती है। अभी सर्दियों के सीजन में होटल, रिजॉर्ट, होम स्टे खाली पड़े रहते हैं। ये असंतुलन साल के बड़े हिस्से में उत्तराखंड की आर्थिकी को सुस्त कर देता हैं। जबकि सच्चाई यह कि अगर देश- विदेश के लोग, सर्दियों में यहां आएं ,तो उन्हें सच्चे अर्थ में देवभूमि की आभा के दर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि विंटर टूरिज्म में यहां लोगों को ट्रैकिंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटी का रोमांच मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि धार्मिक यात्रा के लिए भी उत्तराखंड में सर्दियों का समय बेहद खास होता है। यहां इस समय कई तीर्थ स्थलों पर विशेष अनुष्ठान होते हैं।

**सुप्रीम कोर्ट...** उसके लीज होल्डर थे। प्रशासन ने उस जगह को माफिया और राजनेता अतीक अहमद से जोड़ते हुए यह कार्रवाई की थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया था कि वह भूमि नजूल लैंड थी। उसे सार्वजनिक कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जाना था। 1906 से जारी लीज 1996 में खत्म हो चुका था। याचिकाकर्ताओं ने लीज होल्ड को फ्री-होल्ड करने का आवे. दन दिया था। उन आवेदनों को 2015 और 2019 में खारिज किया जा चुका है। ऐसे में बुलडोजर कार्रवाई के जरिये अवैध कब्जे को हटाया गया था। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस. ओका और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच आनन-फानन में मकान गिरा दिए जाने को गलत कहा। जस्टिस ओका ने कहा कि क्या आपको पता है कि संविधान में अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) जैसा भी कुछ है? जिस तरह का यह मामला है, उसका एक समाधान यह हो सकता है कि हम सरकार के खर्च पर इन मकानों को दोबारा बनवाएं। 2 जजों की बेंच ने हाल ही में बुलडोजर एक्शन पर आए सुप्रीम कोर्ट के दूसरी बेंच के फैसले का हवाला दिया। उस फैसले में कहा गया था कि लोगों को पर्याप्त समय और कानूनी बचाव का मौका देने के बाद ही विध्वंस की कार्रवाई हो सकती है। यूपी सरकार के लिए पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए हाईकोर्ट भेजने का सुझाव दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इससे मना करते हुए 21 मार्च को अगली सुनवाई की बात कही।

### उप्र में 50 किमी की रफ्तार से चलीं पछुआ हवाओं से गिरा पारा

**लखनऊ।** यूपी में पिछले तीन दिन से चल रही पछुआ की रफ्तार बुधवार को 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को भी पार कर गई। हवा के असर से प्रदेशभर में बीते 24 घंटों में तापमान में 4 से 6 डिग्री की गिरावट आई है। साथ ही एक बार फिर से सुबह-शाम का मौसम सुहाना हो गया है। गुरुवार को भी प्रदेश में तेज हवा का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार से पछुआ की रफ्तार थमेगी, इसके बाद तापमान में बढ़त देखने को मिलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उप्र में पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद पीछे खाली जगह भरने को चली पछुआ हवा की रफ्तार बुधवार को 51 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गई। इसके असर से दिन के पारे में 4 से 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार के बाद हवा की रफ्तार थमेगी और अगले तीन से चार दिनों में पारा जितना गिरा है, उतना चढ़ेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



मुकद्दस रमजान 06

सुन्नी

गुरूवार शुक्रवार
अफतार सेहरी
6:22 5:18

शिया

गुरूवार शुक्रवार
अफतार सेहरी
6:27 5:23

मुकद्दस रमजानुल मुबारक

की हार्दिक शुभकामनाएं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व ग्राम प्रधान
मेहुंवाला माफी, देहरादून।

## खाद्य विभाग की छापेमारी से मचा हडकंप

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे में खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मचा। गुरुवार को तल्हेडी बुजुर्ग कस्बे में छापेमारी करने पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने किरयाना की दुक. ानों पर खाद्य पदार्थों के सैंपल भरें। अचानक आई खाद्य विभाग की टीम से कस्बे के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने कई दुकानों से सैंपल भरे।

# एक बार फिर से मोदी थपथपा गए धामी की पीठ

## सीएम को प्रधानमंत्री ने बोला छोटे भाई ऊर्जावान मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पीठ थपथपा गए हैं। शीतकालीन यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की शानदार बॉन्डिंग गुरुवार को भी दिखी। प्रधानमंत्री को जब जहां मौका मिला, वह मुख्यमंत्री को शाबासी देते, प्रोत्साहित करते हुए दिखाई दिए। भाषण खत्म कर मुख्यमंत्री जैसे ही प्रधानमंत्री के करीब पहुंचे, तो पहले तो उन्होंने गर्मजोशी से हाथ मिलाया। बाद में मुख्यमंत्री की पीठ भी थपथपा दी।

एक के बाद एक महत्वपूर्ण फैसले लेने और उन्हें अमल में लाने के मुख्यमंत्री के अंदाज को शीर्ष स्तर पर पसंद किया जा रहा है। चाहे समान

■ हाथ मिलाकर, पीठ थपथपाकर सीएम को शाबाशी
राज्य सरकार के प्रयासों को प्रधानमंत्री ने बार-बार सराहा
अहम फैसले लेने और उन्हें लागू करने पर की संतुष्टि जाहिर

नागरिक संहिता हो या राष्ट्रीय खेलों का आयोजन, प्रधानमंत्री के स्तर पर मुख्यमंत्री को भरपूर शाबासी मिली है। अब शीतकालीन यात्रा के लिए राज्य सरकार के प्रयास पर प्रधानमंत्री संतुष्ट नजर आ रहे हैं। अपने संबोधन



में उन्होंने इसका बार-बार जिक्र भी किया। उन्होंने शीतकालीन यात्रा के उत्तराखंड से जुड़े आर्थिक पहलू को रेखांकित करते हुए इसे अभिनव पहल बताया। साथ ही, इसके लिए मुख्यमंत्री और उनकी सरकार को धन्यवाद भी दिया।

अपने संबोधन की शुरुआत में मुख्यमंत्री के लिए प्रधानमंत्री ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, वह गौर करने वाले रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को छोटा भाई और ऊर्जावान मुख्यमंत्री कहते हुए संबोधित किया। उन्होंने अपनी केदारनाथ यात्रा का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि यह दशक उत्तराखंड का बन रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार बढ़िया काम कर रही है।

### कभी मुस्कराए, कभी विनम्रता से जोड़े हाथ

हर्षिल की जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्षेत्रवासियों के जबरदस्त उत्साह के दर्शन भी हुए। कार्यक्रम में कई बार मोदी-मोदी के नारे गूंजे। इस पर प्रधानमंत्री कई बार मुस्कराए। कई बार उन्होंने विनम्रता से हाथ जोड़ लिए। पारंपरिक परिधान और टोपी पहने प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कई आंचलिक शब्दों का इस्तेमाल भी किया।

## जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का सीएम धामी ने किया स्वागत



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देवभूमि उत्तराखंड आने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी और अन्य गणमान्य जनों ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

## आपस में मिलजुल कर मनाएं त्योहार: सिसौदिया

**सहारनपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रथम अशोक कुमार सिसौदिया ने कहा कि त्यौहारों को मिलजुलकर मनाएं। श्री सिसौदिया आज अंबाला रोड स्थित एक बैंकट हॉल में थाना कुतुबशेर व मंडी की शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को फाग है और दूसरा जुमा रमजान का है इसलिए मिश्रित आबादी में ख्याल रखा जाए। इंस्पेक्टर कुतुबशेर एच एन सिंह ने कहा कि छोटी सी घटना की भी जानकारी पुलिस को दे।

पार्षद और कार्यकारणी सदस्य मंसूर बदर ने कहा कि होली भी हमारी है और रमजान भी हमारा है लोगो को सोचना होगा अपना दिल बड़ा करना होगा। पार्षद हाजी गुलशेर ने भी भाईचारगी की अपील की। समाज सेवी आरिफ खान व रईस पप्पू ने विचार रखे।

# मोदी राज्य के ब्रैंड अंबेसडर, विंटर टूरिज्म को मिलेगा नया मुकाम: भट्ट

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रधानमंत्री के उत्तरकाशी आगमन शीतकालीन यात्रा को डबल इंजन की रफ्तार देने वाला बताया है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोदी देवभूमि के ब्रांड एंबेसडर हैं और उनकी ष्घाम तापोंष् योजना भी विंटर टूरिज्म को नए मुकाम पर लेकर जाएगा। उनका संदेश, मां गंगा यमुना की घाटी को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करेगा।

भट्ट ने देवभूमि की सवा करोड़ देवतुल्य जनता की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी का आना हमेशा राज्य के विकास और पहचान को नए पायदान पर ले जाता है। उनके मन मस्तिष्क में उत्तराखंड के विकास और यहां के जनमानस को लेकर विशेष लगाव के हम सभी गवाह हैं। जिसका अहसास एक बार



फिर उन्होंने आने से पहले ही कराया, जब कैबिनेट ने श्री केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे को मंजूरी दी। उन्होंने विश्वास जताया कि पीएम मोदी के आने के बाद राज्य की शीतकालीन यात्रा को रफ्तार मिलने वाली है।

उनके मार्गदर्शन में ही धामी सरकार ने प्रदेश का इन्फ्रास्ट्रक्चर इस लायक बनाया कि हम इस यात्रा का आगाज

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के उत्तरकाशी आगमन को शीतकालीन यात्रा को डबल इंजन की रफ्तार देने वाला बताया

कर पाए हैं। उनका देवभूमि की सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा को लेकर यहां से दिया संदेश, श्रद्धालुओं के मन में यहां आने के संदर्भ में नया विश्वास और उत्साह को सृजित करेगा।

भट्ट ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में आज देवभूमि की तीर्थयात्रा और पर्यटन दोनों अपने अपने स्वर्णिम काल की ओर बढ़ रही हैं। ऐसे में देवभूमि और सनातन संस्कृति के एकमेव ब्रांड ऐंब्सडर का शीतकालीन यात्रा में आने का आह्वाहन करना, देश दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर उत्तराखंड को नई पहचान देने वाला साबित होगा। उनका कहा कि मां गंगा और यमुना की उद्गम भूमि उत्तरक. ाशी आना, यहां श्रद्धालुओं का सैलाब लेकर आएगा।

प्रधानमंत्री ने जिस खूबसूरती से पहाड़ की धूप को मैदानी क्षेत्रों से आए पर्यटकों को गर्मी देने से संबद्ध किया ,उसका चमत्कारिक प्रभाव आने वाले दिनों में विंटर टूरिज्म को लेकर मिलेगा। हमारी सरकार उनके विकास और विरासत के मूल मंत्र को अपनाकर, लगातार तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

लिहाजा आज उनकी सुझाई ये घाम तापों योजना, पर्यटकों को आकर्षित करने में बहुत प्रेरणादायक साबित होगी।

# राष्ट्रपति आशियाना में बनेगा विश्व स्तरीय सार्वजनिक पार्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राष्ट्रपति आशियाना परिसर में अत्याधुनिक सार्वजानिक पार्क बनाया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 20 जून को राजपुर रोड स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना परिसर की 132 एकड़ भूमि में अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला रखेंगी। राष्ट्रपति के अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता की अध्यक्षता में उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरूवार को राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति आशियाना में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी साझा की गई। इस पार्क की डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। पार्क का पूर्ण विकास होने के बाद माननीय राष्ट्रपति द्वारा 2026 में यह पार्क उत्तराखंड की जनता को समर्पित किया जाएगा।

अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि उत्तराखण्ड की जनता के लिए खोला जाने वाला यह पार्क एक ऐतिहासिक परियोजना के रूप में काम करेगा।

जिसमें विश्व स्तरीय सुविधाएँ, नवीन डिजाइन, टिकाऊ विशेषताएँ होंगी और यह हरियाली, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। यह पहल उत्तराखंड के लोगों के साथ नागरिकों के जुड़ाव को बढ़ाने के माननीय राष्ट्रपति के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि ये पहल भागीदारीपूर्ण शासन और समुदाय-संचालित विकास के प्रति माननीय राष्ट्रपति की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। बैठक में अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा देहरादून में 21 एकड़ के राष्ट्रपति भवन राष्ट्रपति आशियाना की प्रगति की भी समीक्षा की, जिसे इस साल 20 जून, 2025 को माननीय राष्ट्रपति द्वारा जनता के लिए खोला जाएगा। भवन के अलावा, परिसर में आगंतुक सुविधा केंद्र, घुड़सवारी, एम्फीथिएटर, कला प्रदर्शन, कैफेटेरिया, स्मारिका स्टोर अन्य काफी कुछ जनता को देखने को मिलेगा। उन्होंने राष्ट्रपति अशियाना में किये जाने वाले कार्यों को समय से पूर्ण करने के भी निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये।

बैठक में स्वाति शाही, निदेशक राष्ट्रपति सचिवालय, पीआरओ राष्ट्रपति सचिवालय कुमार समरेश, सचिव राज्यपाल रविनाथ रमन, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, अपर सचिव अभिषेक रूहेला, रीना जोशी, विनीत कुमार, अपूर्णा पाण्डे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह के साथ वन लोक निर्माण, पेयजल, परिवहन, विद्युत आदि विभागों के साथ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी एक बार फिर से दिल्ली पहुंचे

**एम. फहीम शतन्हा**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार में मंत्रिमंडल में विस्तार और बदलाव की चर्चाएँ एक बार फिर से तेज होने लगी हैं। गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के दिल्ली जाने से विस्तार की सम्भावनाओं को और अधिक बल मिल गया। इसके साथ ही पिछले दिनों बीजेपी अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा मीडिया के सवाल पर मंत्रिमण्डल विस्तार की सम्भावना पर हामी भरने के बाद से मंत्रिमण्डल विस्तार की सम्भावनायें और बढ़ गई हैं। धामी मंत्रिमंडल में मंत्रियों की 4 सीट खाली चल रही हैं। माना जा रहा है कि नए मंत्री बनने के साथ ही कुछ पुराने मंत्रियों को बदला भी जा सकता है क्योंकि मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा भी की जा रही है। मंत्रिमंडल में बदलाव की सम्भावनाओं को पिछले दिनों कुछ मंत्रियों की चर्चित और विवादास्पद बयानों से उपजे हालात से भी बल मिल रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि मंत्रिमंडल से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है और पांच नए मंत्री बनाए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार की शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तरकाशी दौरे के बाद खुद भी दिल्ली चले गए हैं उनके दिल्ली जाने से धामी मंत्रिमंडल में बदलाव और विस्तार की चर्चाएं और तेज हो गई हैं। राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में चल रही वर्तमान बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल 12 सीटों

■ बीजेपी अध्यक्ष के बयान से मंत्रिमंडल विस्तार के लिए फिर जगी उम्मीद
पिछले दिनों मंत्रियों के बयानों को लेकर भी फेरबदल की चर्चाएं

का मंत्रिमण्डल होना चाहिए लेकिन 3 सीट शुरू से ही खाली थी और पिछले वर्ष मंत्री चंदन रामदास के देहांत के बाद से मंत्रिमंडल में चार मंत्रियों की जगह खाली है। जिसको लेकर कई बार मंत्रिमण्डल विस्तार और फेरबदल की बात कही जाती रही है। अब एक बार फिर से धामी मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं और सम्भावनाओं ने जोर पकड़ लिया है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल में खाली सीटों को भरते हुए जल्दी ही विस्तार किया जा सकता है मंत्रिमंडल विस्तार की स्थिति में कुछ पूर्व मंत्रियों सहित करीब एक दर्जन विधायकों को रेस में माना जा रहा है राजनीतिक गलियारे में चर्चा तो यहा तक है कि स्पीकर ऋतु खण्डूरी को भी नई जिम्मेदारी के साथ मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। यानी इन सम्भावनाओं के मुताबिक अगर मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल की सूरत सामने आती है तो उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

# लद्दाख की तरह हर्षिल क्षेत्र बनाया जाएगा मोटर बाइक डेस्टिनेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने एवं गंगोत्री धाम के शीतकालीन गद्द्दी स्थल उत्तरकाशी के मुखवा गांव में मां गंगा के दर्शन करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को हर्षिल, उत्तरकाशी में शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम के तहत 2 मोटर बाइक रैली एवं 2 ट्रैक रूट दलों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने धार्मिक पर्यटन के साथ शीतकाल के समय उत्तराखंड में होने वाले साहसिक खेलों को भी बढ़ावा दिया। जिसके तहत उन्होंने नेलांग, जादुंग, सोनम एवं पीडीए घाटी के अद्भुत और अनछुए पर्यटन गंतव्यों के लिए साहसिक पर्यटन अभियानों का फ्लैग ऑफ किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर्षिल से पी. डी.ए मोटर बाईक- एटीवी-आरटीवी रैली के 21 सदस्यों (भारतीय सेना) के दल एवं हर्षिल-जादुंग मोटर

■ प्रधानमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन एवं साहसिक खेलों को दिया बढ़ावा
राज्य में बाइक रैली और ट्रैकिंग के प्रति भी आकर्षित होंगे खिलाड़ी

बाइक रैली के 18 सदस्यों (उत्तराखंड पर्यटन) के दल को फ्लैग ऑफ किया। साथ ही उन्होंने नीला पानी-मुलिंग ला पास ट्रैक के 15 सदस्यों (आई.टी.बी.पी) के दल एवं जादुंग-जनकताल ट्रैक पर जा रहे 22 सदस्यों ( एन.आई.एम ) के दल का भी फ्लैग ऑफ किया।

मोटर बाईक-एटीवी-आरटीवी रैली (हर्षिल - पी.डी.ए), मोटर बाइक रैली (हर्षिल-जादुंग) मोटर बाइक रैली नेलांग, जादुंग, सोनम एवं पी.डी.ए वैली में आयोजित की जा रही है। इन घाटियों की भौगोलिक स्थिति लद्दाख की भांति है। जिसका उद्देश्य लद्दाख वैली की तर्ज पर उत्तराखंड के हर्षिल क्षेत्र को देश का बड़ा मोटर बाईक डेस्टिनेशन बनाया जाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा सर्दियों के दौरान उत्तराखंड की यात्रा करने से देवभूमि की दिव्य आभा की सच्ची झलक मिलती है। उन्होंने कहा विंटर टूरिज्म में यहां, लोगों को ट्रैकिंग, स्कीइंग जैसी एक्टिविटीज का रोमांच, सचमुच में रोमांचित कर देगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में धार्मिक यात्राओं के लिए सर्दियां विशेष महत्व रखती हैं, क्योंकि इस दौरान कई पवित्र स्थलों पर अनोखे अनुष्ठान किए जाते हैं। उन्होंने मुखवा गांव में होने वाले धार्मिक समारोहों को क्षेत्र की प्राचीन और महत्वपूर्ण परंपराओं का अभिन्न अंग बताया।

# एक सप्ताह महिलाओं को मुफ्त सफर कराएंगी महिला सारथी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश की महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में सरकार की महत्वाकांक्षी महिला सारथी योजना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लॉन्च की जाएगी।

विभागीय मंत्री रेखा आर्या महिला सारथी की पहली सवारी होंगी। पहले एक सप्ताह जनजागरुकता के लिए चालक महिलाओं को फ्री में सफर कराएंगी।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में ऐसी महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी जो आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा या परित्यक्ता हों। महिलाओं को परिवहन विभाग ड्राइविंग का प्रशिक्षण दे रहा है और उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में यह योजना 10 ई स्कूटी, 2 ई ऑटो रिक्शा और 2 ई टैक्सी कार के साथ शुरू की जा रही है।

योजना की शुरूआत मंत्री यमुना कॉलोनी स्थित कैम्प कार्यालय से करेंगी और स्वंय आईआरडीटी हॉल सर्वे चौक पर इन्हीं वाहनों से पहुंचेंगी। जहां इसके बाद सभी वाहनों का डेमो आईआरडीटी सभागार में दिया जाएगा। पायलेट प्रोजेक्ट के लिए वाहनों की व्यवस्था एक संस्था के सीएसआर फंड से की गयी है। विभागीय मंत्री ने बताया कि पहले छह माह पायलेट प्रोजेक्ट का रिजल्ट देखने के बाद इसका विस्तार प्रदेश के अन्य शहरों में किया जाएगा। इन गाड़ियों के संचालन के लिए एक पूरी तरह प्रोफेशनल मोबा. इल एप बनाया गया है। उसमें यूजर इंटरफेस तकरीबन वैसा ही है, जैसा आजकल ऑनलाइन गाड़ियां बुक करने वाली कमर्शियल कंपनियों के एप में होता है। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि वाहनों में महिला चालकों की सुरक्षा के मद्देनजर कई फीचर शामिल किए गये हैं। इन वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग नियमित रूप से होगी ताकि महिला चालक या सवारी में से किसी को भी सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर तुरंत मदद मिल सके। इस योजना में पुलिस और परिवहन विभाग भी शामिल हैं। पायलट प्रोजेक्ट के लिए देहरादून में पहले ही महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# मोदी के प्रयासों से प्रदेश में बारहमासी पर्यटन का श्रीगणेश: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेश में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तरकाशी जनपद स्थित गंगोत्री धाम के शीतकालीन पूजा स्थल हर्षिल-मुखबा में शीतकालीन यात्रा का श्रीगणेश करने पर उत्तराखंड की जनता की ओर से हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर प्रधानमंत्री के हर्षिल-मुखबा में आने के बाद अब निश्चित रूप से शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन को भी पंख लगेंगे। इससे जहां स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखबा में दिये संदेश के बाद दुनिया के पर्यटक

■ प्रधानमंत्री के संदेश के बाद अब उत्तराखंड टूरिज्म को लगेंगे पंख
भूमि संबंधी विसंगतियों को दूर करने के लिए भूमि बंदोबस्त के भी दिए निर्देश



बड़ी संख्या में उत्तराखंड का रुख करेंगे वर्ष भर पर्यटन के विस्तार को नया आयाम मिलेगा।

महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड को रोपवे की बड़ी सौगात देने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इससे केदारनाथ एवं हेमकुंड यात्रा पर आने वाले बुजुर्गों और महिलाओं की बड़ी राहत मिलेगी।

प्रधानमंत्री के हर्षिल-मुखबा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और उनकी धर्मपत्नी पूर्व पर्यटन मंत्री अमृता रावत ने मुखबा में गंगा माता की पूजा अर्चना करने के बाद बताया कि हमारी सरकार शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा दे रही है। महाराज ने कहा कि हमने इस क्षेत्र के तीर्थ पुरोहितों की समस्यायों के निराकरण हेतु भूमि संबंधी विसंगतियों को दूर करने के लिए भूमि बंदोबस्त के भी निर्देश दिए हैं।

निश्चित रूप से इस क्षेत्र के लिए भूमि बंदोबस्त एक वरदान साबित होगा।

उन्होंने कहा कि कहा कि ष्वाईब्रेंट विलेज योजनाष् के अंतर्गत उत्तरकाशी के जांदुग गांव का डेस्टिनेशन मास्टर प्लान तैयार किया गया है।

जिसमें गांव के जीर्ण-क्षीर्ण भवनों को पुनर्निर्मित करते हुए होम स्टे के रूप में विकसित किए जाने का अभिनव प्रयास किया गया। भारत सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत यमुनौत्री तथा गंगोत्री धाम में रू0 993.00 लाख (नौ करोड़ तिरानवे लाख) के विभिन्न कार्य सम्पादित कराए गए। गंगोत्री-यमुनोत्री का मास्टर प्लान में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# ट्रैफिक लाइट एवं कैमरे पुलिस विभाग करेगा संचालित: डॉ. अग्रवाल

■ सुरक्षा दृष्टिगत, कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने , चालान तथा जवाबदेही तय करने को लिया गया यह फैसला

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** अब प्रदेश भर में शहरी विकास विभाग के अंतर्गत निकायों में यातायात संचालन के लिये स्थापित ट्रैफिक लाईट एवं कैमरे पुलिस विभाग द्वारा संचालित किये जाएंगे। इस प्रस्ताव पर शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपनी सहमति प्रदान की है। डा. अग्रवाल ने बताया कि यातायात के संचालन को ट्रैफिक लाईट एवं कैमरा चाहे वे किसी भी विभाग व एजेंसी के द्वारा स्थापित किये गये हो, का संचालन अब गृह विभाग के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा किया जाएगा। इसी तरह ट्रैफिक लाईट व कैमरे का रखरखाव भी पुलिस विभाग द्वारा ही किया जाएगा। डा. अग्रवाल ने बताया कि आईटीडीए द्वारा पूर्व की भांति इन ट्रैफिक लाईट एवं कैमरा के संचालन से संबंधित डाटा होस्टिंग की सुविधा अपने डाटा सेंटर के माध्यम से प्रदान की जाती रहेगी।

इसके संचालन का व्यय का वहन भी आईटीडीए द्वारा ही किया जाएगा। बता दें कि अभी तक निकाय क्षेत्रों में लगने वाले कैमरों का संचालन निकाय स्तर पर किया जाता था।









## एक नजर

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली

**बागेश्वर।** नशा मुक्ति अभियान और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगांई और पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। डीएम ने बाइक भी चलाई और एसपी उनके पीछे बैठे। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों पर गई। डीएम ने नशे के दुष्प्रभाव और सड़क सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवन को भी समाप्त करता है और इससे बचाव के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए और यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। तहसील परिसर से शुरू हुई बाइक रैली गोमती पुल, एसबीआई तिराहा, सरयू पुल, पिंडारी रोड, आरे बाईपास और मंडलसेरा से होकर पुन: तहसील रोड पर संपन्न हुई। यातायात नियमों के पालन का महत्व बताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही जीवन के लिए खतरा बन सकती है। बाइक रैली के माध्यम से नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

### बस की टक्कर लगने से ग्रामीण घायल

**बागेश्वर।** घर जाने के लिए बस को रोकते समय बस से टकराया ग्रामीण। टक्कर में ग्रामीण घायल हो गया। जैक बाद परिचालक उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाए। जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया है। बागेश्वर से बेरीनाग गंगोलीहाट जा रही बस को रोक रहे पिथौरागढ़ निवासी दीवान सिंह टकरा गए। इस टक्कर में उनके हाथ में गंभीर चोट आई है। बस कंडक्टर अनी राम ने बताया की दीवान सिंह अचानक बस के पीछे से टकरा गए जिसमें उनको चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। मरीज का इलाज कर रही डाक्टर गुंजन आर्या ने बताया कि दीवान सिंह के दाएं हाथ में चोट है। उन्हें हड्डी रोग विशेषज्ञ गिरजा शंकर जोशी को दिखाने की सलाह दी है। उनके द्वारा ही उपचार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पति पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने गर्भवती महिला के मौत के मामले में उसके पति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। बता दें कि मूल रूप से कपकोट हाल निवासी कैलखुरिया निवासी गर्भवती गीता देवी की दस दिन पहले जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उसके पेट में दो महीने सात दिन का गर्भ पल रहा था। इस मामले में मृतका के पिता आनंद सिंह ने उसके पति मोहन सिंह पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने गुरुवार की सुबह मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि जांच के बाद ही गिरफ्तारी भी होगी।

### होली मिलन मेला 14 को रामलीला ग्राउंड में

**काशीपुर।** भारत विकास परिषद द्वारा लगभग 51 वर्षों से परंपरागत ढंग से आयोजित किये जा रहे पारिवारिक होली मिलन मेले का आयोजन इस वर्ष भी रामनगर रोड स्थित श्रीरामलीला ग्राउंड में उत्साहपूर्वक किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद की काशीपुर शाखा के सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के तहत शुक्रवार, 14 मार्च (रंग वाले दिन) को सायं 05 बजे से भव्य भजन संध्या आरंभ होगी, जिसमें भजन प्रवाहिका अंजलि द्विवेदी (बरेली) और भजन प्रवाहिक शुभम तिलकधारी (काशीपुर) मनमोहक भजन प्रस्तुत करेंगे। पारिवारिक होली मिलन मेले में सामाजिक, राजनैतिक एवं खान-पान के स्टाल के अतिरिक्त बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले भी लगाये जायेंगे।

### वकीलों का धरना 16वें दिन भी जारी

**काशीपुर।** उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वर्चुअल रजिस्ट्री, बेनाममा, वसीयत, विवाह पंजीकरण शादी ऑनलाइन किए जाने के विरोध में आज 16वें दिन भी तहसील, उपनिबंधक कार्यालय में अधिवक्ताओं का धरना जारी रहा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा लगातार अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार व सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिस कारण अधिवक्तागण, उनके सहायक, लिपिक, कातिब, दस्तावेज लेखक आदि बेरोजगार होने के कगार पर आ गए हैं। जब तक सरकार द्वारा इस फैसले को वापस नहीं लिया जाएगा तब तक अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, अनूप कुमार शर्मा, नृपेंद्र कुमार चौधरी, सूरज कुमार, विजय सिंह, सौरभ शर्मा, हिमांशु बिश्नोई, नरेश कुमार पाल मौजूद रहे।

### होली महोत्सव शोभा यात्रा 12 मार्च को

**काशीपुर।** श्री राधाकृष्ण होली महोत्सव यात्रा 2025 की भव्य तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गंगे बाबा मंदिर रोड स्थित चाचा की बगिया में किया गया, जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पिछले 12 वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राधा कृष्ण फूल होली महोत्सव यात्रा बुधवार, 12 मार्च को धूमधाम से निकाली जाएगी, जिससे समाज में धार्मिक और सामाजिक भावनाओं को बल मिलेगा। इस पावन अवसर पर भक्तगण 'राधे-राधे' के भजनों के संगफाल्गुन की होली का आनंद उठाएंगे और समूचा काशीपुर भक्तिमय वातावरण में रंग जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से शेखर यादव, कपिल कुमार पाल, दीपक पोपली, हर्षित शर्मा, अंकित सक्सेना, मोहित पुष्पध, गगन वर्मा आदि थे।

# 117वां किसान मेला आज से

## भगत सिंह कोश्यारी व सीएम धामी करेंगे उद्घाटन: कुलपति

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में 117वें अखिल भारतीय किसान मेला और कृषि उद्योग प्रदर्शनी को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता का संचालन सहायक निदेशक संचार डा. अर्पिता शर्मा काण्डपाल ने किया। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने जानकारी दी कि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में 7 से 10 मार्च 2025 तक 117वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह 7 मार्च 2025 को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल, महाराष्ट्र और पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड भगत सिंह कोश्यारी होंगे। इसके अलावा कृषि मंत्री गणेश जोशी, केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और सांसद अजय भट्ट भी इस



अवसर पर उपस्थित रहेंगे। मेले का उद्देश्य कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देना और वैज्ञानिकों द्वारा विकसित तकनीकी जानकारी को किसानों तक पहुंचाना है ताकि वे इन तकनीकों को अपनी खेती में लागू कर सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा विकसित खरीफ की फसलों, बीजों और सब्जियों की प्रदर्शनी भी लगेगी। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि हाल ही में विश्वविद्यालय ने 17वीं एग्रीकल्चरल साइंस कांग्रेस का सफल आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इसके अलावा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विश्वविद्यालय को अतिरिक्त फंडिंग दी जाएगी, जिससे शोध और अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। चार दिवसीय किसान मेला में किसान गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा, जहां वैज्ञानिक ग्रीष्मकालीन धान (समर राइस) के विकल्प पर चर्चा करेंगे। साथ ही, किसानों को उन्नत धान, बागवानी और सब्जियों के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषि अनुसंधान के नवीनतम नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा, और डेयरी फार्म पर बद्री गाय और पोल्ट्री फार्म पर मुर्गी पालन से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। कुलपति ने यह भी बताया कि 2030 तक मोटे अनाज (मिलेट्स) की कीमतें धान और गेहूं से अधिक हो सकती हैं, जिससे इनकी उत्पादन को बढ़ावा देना आवश्यक है। किसान मेला फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और फल उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित रहेगा। इस चार दिवसीय आयोजन का उद्देश्य 1000 से अधिक किसानों को जोड़ना और उन्हें नवीनतम तकनीकों और बाजार के नए अवसरों की जानकारी देना है।

# लोन की पूरी रकम ले ली, खाता बंद नहीं किया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** एक फाइनेंस कंपनी पर लोन की राशि का ढाई गुना रकम वसूलने के बाद भी खाता क्लोज नहीं करने का आरोप लगा है। पीड़ित का

### पीड़ित की तहरीर पर फाइनेंस कम्पनी पर मुकदमा दर्ज

कहना है कि कंपनी के संचालक और रकम की मांग कर उसको धमका रहे है। तहरीर पर पुलिस ने बैंकिंग कंपनी के संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुभाषनगर निवासी रोहित पुत्र रमेश चंद्र ने पुलिस को तहरीर में कहा है कि कुछ माह पूर्व चामुंडा कांप्लेक्स में श्रीराम फाइनेन्स कंपनी चलाने वाले विशाल कश्यप, दीपक शर्मा व पूर्णिमा शर्मा ने उसे बताया गया कि वह बैंकिंग कम्पनी चलाते हैं। जो भारतीय रिजव बैंक से मान्यता प्राप्त हैं और इसके लोन पर बहुत कम ब्याज पड़ता है। इन लोगों ने लोन देने के लिए उससे हस्ताक्षरयुक्त पांच ब्लैंक चैक और एक चेक गारंटर मोहित का भी 20,000 रुपये का ले लिया। रोहित ने बताया कि उसने तीन लाख नब्बे हजार रुपये का लोन लिया था। अब तक दस लाख छप्पन हजार छह सौ रुपये अदा किये जा चुके हैं। फिर भी उसका खाता बंद नहीं हुआ है। फिर भी यह लोग लोन खाता बन्द नहीं कर रहे हैं और न ही उसके पांच ब्लैंक चैक, स्टाम्प व गारण्टर का चैक वापस कर रहे हैं। आरोप है कि चैक मांगने पर दीपक शर्मा ने पांच लाख रुपये की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर पर पुलिस ने दपंती समेत तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 351(2) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## मानकों के अनुरूप डेयरी में स्वच्छता नहीं मिलने पर थमाया नोटिस

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** होली पर्व को देखते हुए खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार को विभागीय अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमून जांच को भेजे। होली पर्व के नजदीक आते ही खाद्य व औषधि विभाग सक्रिय हो गया है। गुरुवार को तहसीलदार ज्योति धपवाल के नेतृत्व में टीम ने बाजार क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर दूध, पनीर, चिप्स, गुड़ समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जांच को लिए। उन्होंने व्यापारियों से मिलावटी और एक्सपायरी सामान नहीं बेचने की अपील की। चेतावनी दी कि खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी करते पकड़े जाने पर विभाग की ओर से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत छापेमारी रोजाना जारी रहेगी। अभिहित अधिकारी पीसी जोशी ने बताया कि छापेमारी के दौरान एकत्र किए गए जांच नमूनों को रुद्रपुर स्थित लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट में कमी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया कि छापेमारी के दौरान एक डेरी में स्वच्छता का स्तर निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। यहां खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर, ईश्वर सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

# प्रेमचंद अग्रवाल पर भड़की यूकेडी, आड़े हाथ लिया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के विवादित बयान पर उत्तराखंड क्रांतिदल का गुस्सा फूट गया है। बागेश्वर में दल के लोगों ने लोगों से मुलाकात करने के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह कठैत ने कहा उनका दल राज्य के विधायकों को जगाने निकला है। कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल राज्य निर्माण का सूत्रधार रहा है। आज बीजेपी और कांग्रेस पहाड़ की अस्मिता के खिलाफ बयानबाजी करने वाले मंत्री के खिलाफ मौन साधे हुए हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। पहाड़ पलायन से त्रस्त है और सरकार विज्ञापन और प्रचार में मस्त है। संस्कारी पार्टी को मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनको निलंबित करना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड एक पहाड़ी राज्य है। राज्य की अस्मिता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहाड़ और पहाड़ियों को गाली देने का फल जनता मंत्री को जरूर देगी। हम भूमि को पूजने वाले पहाड़ी हैं। विवादित बयान के पीछे बीजेपी की पहाड़ विरोधी मानसिकता उजागर होती है। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए यूकेडी राज्य स्तरीय भ्रमण में निकली है। उन्होंने बताया कि देहरादून से शुरू हुई यात्रा गुरुवार गरुड़, बागेश्वर, कांडा, थल, बेरीनाग होते हुए यात्रा पिथौरागढ़ पहुंचेगी। यात्रा दल में आनंद प्रकाश जुयाल, जब्बर सिंह पॉवेल, आशीष नेगीयुवा प्रकोष्ठ, मनोज जोशी, जिला अध्यक्ष, मोहन बिष्ट, विनोद पांडेय, भुवन कांडपाल आदि मौजूद थे।

# कुमायूं वैश्य महासभा महिला शाखा ने किया सामूहिक विवाह समारोह

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** रामलीला मैदान में कुमायूं वैश्य महासभा महिला शाखा के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छह जोड़ों



ने सातफेरे लिए। गाजे-बाजे के साथ बारात रामलीला मैदान में पहुंची, जहां महिला महासभा पदाधिकारियों ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। महासभा अध्यक्षा प्रीति अग्रवाल ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के विवाह कराने में पदाधिकारियों समेत नगर के गणमान्य अतिथियों ने विशेष सहयोग दिया। महासभा सचिव अनीता बंसल ने बताया कि सभी दंपतियों को फर्नीचर, अलमारी, कपड़े एलसीडी समेत घर ग्रहस्ती का सम्पूर्ण सामान उपाहार स्वरूप भेंट किया। महासभा की पूर्व अध्यक्षा सुधा योगेश जिंदल ने सभी छह जोड़ों को सोने के गले का सैट, कानों झुमके तथा अंगूठियां उपाहार स्वरूप भेंट कीं। इस दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह, महापौर दीपक बाली, उर्वशी बाली, रेखा जिंदल, विमल अग्रवाल नैनी, साधना जिंदल, ऊषा संगल, कविता गोयल, कमलेश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, आभा गोयल, रुमी बिंदल, पल्लवी गोयनका, सीमा गोयल, अर्चना अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, रुपा गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, निशि अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, सीमा सिंघल, शिखा अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, रिया मित्तल, वविता गोयल, सर्वेश रस्तोगी, मंजू गुप्ता, योगेश कुमार जिंदल, सुशील बंसल, बांके गोयनका, सुशील अग्रवाल, पंकज बिंदल, प्रियांशु अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, कौशलेश गुप्ता, एसके अग्रवाल समेत अतिथि मौजूद थे।

# खड़ी होली में थिरकीं होल्यार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में होली का रंग चढ़ने लगा है। गुरुवार को मां नंदा सर्वदलीय महिला समिति की ओर से खड़ी होली का आयोजन किया गया। इस दौरान नंदादेवी मंदिर परिसर में महिलाओं ने होली गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। महोत्सव में खड़ी होली का शुभारंभ महिलाओं ने नंदादेवी मंदिर की परिक्रमा के साथ किया। इसके बाद नगर के विभिन्न मोहल्लों की महिला होली टीमों ने गजानन शंभू के नंदन तेरी जय हो और होली की आई बहार फागुन महीने में गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। महिलाओं ने शिव के मन माही बसे काशी..., जल कैसे भरूं जमुना गहरी..., झुकि आयो शहर में व्यापारी...,



नैनवा रसके भरे, पिया आओगे कौन घड़ी...., आदि शानदार होली गीतों की प्रस्तुतियां दी। साथ ही महिला होल्यारों ने रंग गुलाल लगाकर श्रृंगार व भक्ति आधारित होली का भी गायन किया। महिला होल्यारों ने विभिन्न स्वांग के जरिए लोगों को खूब गूदगूदाया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष मीना भैसोड़ा, सचिव गीता मेहरा, उपाध्यक्ष भगवती बिष्ट, बिमला बोरा, लक्की वर्मा, गीता आर्या, किरन साह, सुधा पंत, माया वर्मा, प्रेमा बिष्ट, मोहनी कनवाल, गीता पांडे, दीपा भंडारी, हरीता नेगी, गीता बिष्ट, गंगा पांडे, निर्मला जोशी, राधा राजपूत, राजेश्वरी चम्याल, ज्योति रावत, हेमा जोशी समेत कई महिला होल्यार मौजूद रही।

# मेयर दीपक बाली का स्वागत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** नवनिर्वाचित मेयर दीपक बाली का स्वागत किये जाने का सिलसिला लगातार जारी है। अब



पुराना आवास विकास अंतर्गत वार्ड नंबर 17 में अजय शर्मा के आवास पर मेयर दीपक बाली, उनकी धर्मपत्नी उर्वशी दत्त बाली, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह का एक समारोह आयोजित कर भव्य स्वागत किया गया, जिसमें भारी संख्या में वार्डवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कौशिक परिवार की भी अहम भूमिका रही। इस अवसर पर पार्षद संदीप सिंह मोनू, मयंक मेहता, मनोज जग्गा, पुष्कर बिष्ट, पूर्व पार्षद राज. कुमार सेठी, पूर्व पार्षद सोना सेठी, पूर्व पार्षद मनोज बाली, पूर्व मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष भाजपा रजत सिद्धू, पूर्व नामित पार्षद सुशील शर्मा, पूर्व सभासद तेजवीर सिंह चौहान, ईश्वर चंद्र गुप्ता, प्रशांत पंडित, राजीव सेतिया, आशीष अरोरा, अमित मनचंदा, आकाश कांबोज, दिनेश नेगी, प्रशांत रहेजा, मोहित अरोरा, राजीव ठकराल, पुलकित सेठी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी जिला नैनीताल
+91 63988 36682

# पुलिसबल को सतर्क रहने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह कोतवाली रानीखेत का वार्षिक निरीक्षण किया गया। एएसपी द्वारा बुधवार शाम निरीक्षण के दौरान कोतवाली व



सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, कर्मचारी बैरिक एवं भोजनालय आदि का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं जायजा लिया गया। कार्यालय स्टाफ को अभिलेखों को अध्यावधिक रखने एवं रखरखाव सही रखने के लिए निर्देशित किया गया। जवानों से शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराकर शस्त्रों के बारे में जवानों की जानकारी परखी गई। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए गश्त, पिकेट, चीता आदि ड्यूटियां लगाने के निर्देश दिए गए। बीटों में नियुक्त कर्मचारियों को बीट क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में चलाये जा रहे अभियानों में व्यापक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। व्यापक सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। व्यापक जनजागरुकता अभियान जारी रखने के निर्देश दिये। कोतवाली रानीखेत में जनता दरबार लगाकर थाना क्षेत्र के लोगों की समस्यायें सुनी गई और कुछ समस्याओं को मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिये संबंधितों को निर्देशित किया। इस दौरान व्यापार मण्डल, टैक्सी यूनियन, ज्वैलर्स, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कोतवाली रानीखेत में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार धनकड़, व.उ.नि कमाल हसन, चौकी प्रभारी मजखाली उनि रमेश नेगी, चौकी प्रभारी ताड़ीखेत उनि बलबीर सिंह सहित अन्य कार्मिक रहे।

## समयबद्धता से कार्यो को करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा गुरुवार को पुलिस लाईन अल्मोड़ा में चल रहे टाईप-2 भवनों का जीर्णोद्धार व नए प्रशासनिक भवन एवं बाउंड्री वॉल आदि निर्माण कार्यो का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो कर रही कार्यदाई संस्था को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र निमार्ण व जीर्णोद्धार कार्यो को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। प्रतिसार निरीक्षक को पुलिस लाईन में चल रहे निमार्ण व जीर्णोद्धार कार्यो को अपने देख-रेख में ससमय संपन्न कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सीओ गोपाल दत्त जोशी, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पांडे, थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बहुउद्देशीय शिविर में 24 शिकायतें

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा विकासखंड के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय देवीथल के निकट गुरुवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा सरकारी कार्यो का लाभ उठाया। विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा की अध्यक्षता में क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान किया गया। विधायक मेहरा ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की यह मंशा है कि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, इस शिविर का उद्देश्य भी यही है कि सरकारी कार्यो का लाभ लोगों को उनके निकट जाकर दिया जाए। इसलिए अधिकारी शिविर के महत्व




को गंभीरता से लें। शिविर में चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों ने स्टाल लगाए। इन स्टालों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 24 शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से अधिकतर शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। मौके पर निस्तारित नहीं हुई समस्याओं को अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रशासक विकासखंड लमगड़ा विक्रम बगडवाल, एसडीएम जैंती/भनोली एनएस नगन्याल, डीएसडब्ल्यूओ आराधना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं की समानता, चुनौतियों पर हुई चर्चा

**अल्मोड़ा।** जिला न्यायालय सभागार में गुरुवार को महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में महिलाओं की चुनौतियों और समानता विषय पर चर्चा की गई। जिला बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता विषय पर हुई गोष्ठी हुई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि असली संघर्ष स्त्री-पुरूष का नहीं बल्कि सामंती मूल्यों और प्रगतिशील विचारों के बीच का है। कार्यक्रम में रमाशंकर नैनवाल, कवींद्र पंत, भावना जोशी, नीलिमा भट्ट, जमन सिंह बिष्ट, आजाद खान, पीसी तिवारी, नीतू कपकोटी, स्निग्धा तिवारी, डा. निर्मला तिवारी, नीतू कपकोटी पंत, जमन सिंह बिष्ट, भूमिका जीनवाल, मीनाक्षी, मीता उपाध्याय, अनिता जोशी, विभा पांडे, तुलसी जौहरी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

रमज़ान मुबारक



कफील अहमद
सह-संयोजक (सोशल मीडिया)
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उत्तराखंड
लालकुआं 9997626657

रमज़ान मुबारक



फिरोज़ खान
अध्यक्ष 'नेहा रोटी बैंक'
कार्यालय-नियर रेलवे स्टेशन लालकुआं (नैनीताल) 7500046555

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

रमज़ान मुबारक



इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, हल्द्वानी जिला नैनीताल
मो0 8958729786

रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

रमज़ान मुबारक

जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान



उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)



Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

# सारथी के होली महोत्सव में फूलों की रंगारंग बरसात, महिला दलों ने मचाया धमाल

## समाज में व्याप्त बुराइयों पर की चोट, विजेताओं को मिले पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सारथी फाउंडेशन समिति द्वारा गुरूवार को आयोजित चतुर्थ होली महोत्सव प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मुखानी स्थित एक बैंक्विट हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे प्रमुख अतिथियों नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, योगेश पांडे, गिरीश लोहनी, मोहन पाठक, कोशलेन्द्र भट्ट, और ललित आर्या ने किया। इसके बाद गणेश वंदना प्रस्तुत की गई और फिर रंगारंग होली प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगी टीमों ने होली गायन, वादन और स्वांग के माध्यम से संदेशात्मक होली का प्रदर्शन किया, जो सभी को खूब भाया। इसके साथ ही महिला होल्यारों ने होली की




झांकियों के माध्यम से जीवनदायिनी नदियों को प्रदूषित न करने, माता-पिता को वृद्धाश्रम में न भेजने, और शादी विवाह में रीति-रिवाज के बजाय फोटो आदि की ज्यादा वरीयता न देने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक दीक्षा पंत पांडे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में निर्णायक मंडल, ज्योति पांडे और चंद्र प्रकाश द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, सरस्वती संगीत समिति को प्रथम, महिला जाग्रति संस्था नैनीताल को द्वितीय, और शिव शक्ति टीम ऊंच. ापुल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कुमाऊंनी लोक संस्कृति को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान मास्टर सार्थक जोशी द्वारा बांसुरी वादन और तेजस्वनी भट्ट द्वारा मनमोहन नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश, सुरेश भट्ट, रेनू अधिकारी, हेमंत बगड़वाल, शशांक रावत, प्रताप बिष्ट, राहुल छिमवाल, गोविंद सिंह बिष्ट, अमरजीत सिंह, आनंद सिंह दरम्वाल, प्रकाश हर्बोला, पूरन भगत, कार्तिक हर्बोला, ललित आर्या, मोहन पाठक, किशोर पंत, मोहन बिष्ट, योगेश चंद्र पांडे, गिरीश लोहनी, कमल जोशी, भवानी शंकर शूठा, जयप्रकाश, केतन जायसवाल, बबिता टकवाल, मीना शाही, भावना जोशी, उमेश सैनी, ज़हीर अंसारी, डा. जाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## फरार बस चालक के खिलाफ हुआ मुकदमा

**हल्द्वानी।** काठगोदाम पुलिस ने बीते 5 मार्च को हुए हादसे में फरार चल रहे केमू के बस चालक के खिलाफ मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पनिया मेहता हैड़ाखान काठगोदाम निवासी पनीराम पुत्र स्व. प्रताप राम ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनका बड़ा भाई गंगा राम अपने स्कूटर से अपने घर पनिया मेहता से नैनीताल की ओर जा रहे थे। रानीबाग एनसीसी कैंप के पास भीमताल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार की केमू की बस संख्या यूके04पीए-0350 के चालक ने अचानक स्कूटर में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल गंगा राम को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई पनीराम ने आरोप लगाया कि उनके भाई की मौत बस चालक की लापरवाही के कारण हुई है। पुलिस ने पीड़ित भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी।

# लंबे समय से पफरार छह वारंटी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नैनीताल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

एसएपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत चोरगलिया और काठगोदाम पुलिस ने 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी की अगुवाई में पुलिस टीम ने 4 वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गुरमेज सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी बालाजी फैक्ट्री के सामने सिडकुल सितारगंज, कैलाश रामपुत्र धरम राम निवासी तारानवाड़ गौलापार थाना चोरगलिया, उमेद राम पुत्र हयात राम निवासी नलई थाना सितारगंज, रमा देवी पत्नी कैलाश राम निवासी तारानवाड़ गौलापार शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इसी क्रम में, काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामू पुत्र प्यारेलाल निवासी नवाड़ खेड़ा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के पास गौलापार और दिनेश राम पुत्र देवी राम निवासी अमर उजाला के पास देवलचौड़ रामपुर रोड को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया।

# मां के थप्पड़ मारने से आहत बेटी ने फांसी लगाई, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शादी की सालगिरह में दो बहनों में जैकेट पहनने को लेकर हुए

### जैकेट पहनने को लेकर दो बहनों में हुआ था झगड़ा

विवाद के बाद बड़ी बहन द्वारा आत्मघाती कदम उठा लिया। बड़ी बहन मां द्वारा थप्पड़ मारने से इतनी आहत हो गई कि उसने फांसी लगाकर जान दे दी। बेटी की मौत के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार नारायणनगर कुसुमखेड़ा बिठौरिया नंबर में रहने वाली कमला देवी अपने पति से अलग होकर अपनी तीन बेटियों के साथ रहती हैं। उनकी सबसे बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। बुधवार को बड़ी बेटी की शादी की सालगिरह थी। शादी की सालगिरह में शामिल होने के लिए कमला देवी अपनी छोटी बेटी करिश्मा के साथ जाने वाली थीं। बुधवार को समारोह में जाने से पहले करिश्मा ने अपनी बड़ी बहन प्रिया (17) की जैकेट पहन ली। इसी बात को लेकर दोनों बहनों में विवाद हो गया। दोनों बहनें झगड़ने लगी तो कमला ने प्रिया को थप्पड़ मार दिया जिसके बाद प्रिया रोते हुए कमरे में चली गई। इसके बाद कमला छोटी बेटी करिश्मा के साथ शादी की सालगिरह समारोह में जाने के लिए घर से निकल गए। कमला अभी रोडवेज स्टेशन पहुंची ही थी तभी उन्हें फोन आ गया कि प्रिया ने फांसी लगा ली है। प्रिया को पड़ोसी आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रिया की मौत के बाद परिवार में को. हराम मचा हुआ है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार दोनो बहनों के बीच जैकेट को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद मां ने बड़ी बहन प्रिया को थप्पड़ मार दिया जिससे आहत होकर उसने जान दे दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो ने खाया जहर, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते अलग-अलग क्षेत्र में दो लोगों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिनकी हालत बिगड़ती देख परि. जनों द्वारा आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान दोनो ने दम तोड़ दिया। जाकनारी के अनुसार कालाढूंगी थाना क्षेत्र के कमोला गांव में रहने वाले 57 वर्षीय देवी दत्त पुत्र केशव दत्त ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परि. जनों ने उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं दूसरी ओर चोरगलिया निवासी 61 वर्षीय कैलाश चंद ने भी अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

# प्रेरणा के रूप में फैला है मातृशक्ति का आंचल

## महिला दिवस के अवसर पर कल होगा मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 8 मार्च को महिला दिवस के अवसर पर सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों, ग्रामीण समूहों द्वारा महिला सम्मान, सुरक्षा और बराबरी के अवसरों के लिए संघर्ष पर चर्चा की जाएगी। इस महत्वपूर्ण दिन पर महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज़ उठाना अत्यंत आवश्यक है। पर्वतीय उत्तराखंड की महिलाओं से विशेष अपील की जा रही है कि वे इस दिन को केवल नेताओं के भाषणों और गीतों तक सीमित न रखें। यह अवसर महिलाओं के लिए यह सवाल उठाने का है कि उनकी जिंदगी और संघर्ष से जुड़ी समस्याओं पर विचार किया जाए।



महिलाओं को किसान का दर्जा मिलना चाहिए और सभी कृषक महिलाओं को कृषक सम्मान निधि दी जानी चाहिए। इसके अलावा, बढ़ती बेटियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थलों की मांग भी उठानी चाहिए। उत्तराखंड की महिलाओं को पानी, जंगल, खेती और पशुपालन जैसे क्षेत्रों में बराबरी की भागीदारी और सरकारी संरक्षण मिलना चाहिए। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक मानने से गांवों की स्थिति बिगड़ी है। इसलिए, अब यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी महिला अपमानित न हो, वह भूख, प्यास, स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न हो, और उसे जंगली जानव. रों का शिकार न बनना पड़े। महिला दिवस का यह अवसर महिलाओं को भयमुक्त जीवन और समान अधिक. ारों की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाने का अवसर देता है। इसके लिए प्रधान पति की बजाय सशक्त महिला प्रतिनिधियों, प्रधानों, क्षेत्र पंचायतों, जिला पंचायतों और वार्ड सदस्यों को आगे लाने का माहौल बनाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री ने हॉकी खिलाड़ी बॉबी सिंह धामी को दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी बॉबी सिंह धामी को भारतीय पुरुष सीनियर टीम से एफआईएच प्रो लीग और ऑस्ट्रेलिया सीरीज खेलने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बॉबी सिंह धामी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीनियर टीम से खेलते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला गोल किया, जो उनके करियर का महत्वपूर्ण क्षण था। इस अवसर पर बॉबी के प्रशिक्षक और वर्तमान उप क्रीड़ा अधिकारी नैनीताल, वरुण बेलवाल भी उपस्थित रहे।

# पशुपालकों की आय बढ़ाने को सरकार प्रतिबद्ध

## सरस आजीविका मेले में पशुपालन विभाग ने लगाई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दस दिवसीय सरस आजी. विका मेले के दौरान षष्टम दिवस गुरूवार को पशुपालन विभाग की ओर से सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना एवं ग्राम्य गौ सेवा योजना के बारे में जानकारियां दी गई। पशुपालकों की आय बढ़े और अधिक से अधिक किसान पशु पालन करें, इसके लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि प्रदेश के काश्तकारों ही आय बढ़े और लोगों को रोजगार मिले। डा. पीएस हयांकी प्रभारी पशुचिकित्साधिकारी डा.



पीएस हयांकी ने बताया कि मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन योजना के तहत पशुपालकों को गाय, भैंस, बकरी, खच्चर, मुर्गी के अलावा अन्य जानव. रों को खरीदने के लिए सरकार ऋण दे रही है। यदि कोई भी पशुपालक जानवर खरीदने के लिए लोन लेता है, तो उसका ब्याज पशुपालन विभाग देगा, जिसमें 90 प्रतिशत का ब्याज का भुगतान विभाग करेगा और 10 प्रतिशत जो व्यक्ति लोन लेता है उसे भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा पशुपालन विभाग द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में इस योजना से शतप्रतिशत काश्तकार लाभ ले रहे है। इस योजना से काश्तकारों को रोजगार के साथ ही आर्थिकी भी दृढ़ हो रही है। उन्होंने कहा सरकार लगातार पशुपालन को बढावा दे रही है, पशुपालकों की आय बढे और अधिक से अधिक किसान पशुपालन करें, किसानों के हित के लिए पशुपालन विभाग द्वारा अनेकों योजनायें चलाई जा रही है। कार्यशाला में पशुपालन विभाग के अधिकारियों साथ ही बड़ी संख्या में किसान एवं पशुपालक मौजूद थे।

## मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर गंगा मैया व 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की भाजपा सरकार के गालीबाज मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर गुरूवार को उत्तराखंड क्रांति दल ने रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में अनोखा अनुष्ठान किया। इस दौरान यूकेडी कार्यकर्ताओं ने गंगा मैया



और 33 कोटि देवी देवताओं का आहवान किया। यूकेडी कार्यकर्ताओं का कहना था कि उत्तराखंड की अस्मिता और सभ्यता के साथ किसी को भी खिलावाड़ नहीं करने दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद भी यहां के लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है। आज भी यहां जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। 24 साल बीतने के बाद भी यहां की जनता को सामाजिक न्याय नहीं मिल पाया है। सामाजिक न्याय की दुहाई की मांग को लेकर कार्यकर्ता गार्गी तट पर एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देवी देवता और मां गंगा मैया न्याय दिलाते हैं। इस दौरान केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, पार्षद रवि वाल्मीकि यूकेडी नेता, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, छात्र नेता करन जोशी, नमन नगदली, अमन बिष्ट, सोनू जोशी, पीयूष राठौर, जैकिशन सिंह, प्रियांशु, राहुल मौजूद रहे।

# विज्ञान संचेतना कार्यक्रम सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यक्रम का समापन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय क्वैराला, ओखलकांडा में किया गया।

समापन समारोह में कार्यक्रम प्रभारी डा. पूरन सिंह बुगला, रिसोर्स पर्सन राजेंद्र सिंह राठौड़, इंदर सिंह रमोला (विकासखंड समन्वयक), हरिश्चंद्र सिंह बरगली, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह मेहता और दीपा आर्या ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों के माध्यम से विज्ञान के 22 प्रयोग किए गए, जिनमें प्रकाश का परावर्तन, अपवर्तन, कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन टेस्ट, सूक्ष्मदर्शी द्वारा प्याज की स्लाइड बनाना, और अखबार के माध्यम से



गणित की विभिन्न प्रक्रियाओं को समझाना शामिल था। कुल 61 बच्चों ने उत्सुकता के साथ इन प्रयोगों में भाग लिया।

समापन समारोह में बच्चों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम प्रभारी डा. पूरन सिंह बुगला ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच विज्ञान के प्रति जागरूकता और रुचि विकसित करना है। कार्यक्रम के सफल संच. ालन में डाइट के प्राचार्य सुरेश चंद्र आर्य और संकाय सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। अगले शैक्षिक सत्र में यह कार्यक्रम अन्य विकासखंडों जैसे रामनगर, भीमताल, धारी और बेतालघाट में भी आयोजित किया जाएगा, ताकि बच्चों के अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रुचि को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।

# कांस्य पदक जीतकर आदर्श ने बढ़ाया शहर का मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जय दुर्गा मार्शल आर्ट अकादमी के सीनियर खिलाड़ी आदर्श शर्मा ने ग्रीस देश में आयोजित एक्रोपोलिस अंतर्राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक हासिल कर अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता 27 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसमें आदर्श शर्मा ने



वुशू इंडियन टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सांडा इवेंट (फाइटिंग इवेंट) में यह उपलब्धि प्राप्त की। आदर्श की इस सफलता से न केवल भारत बल्कि उत्तराखंड राज्य का भी नाम रोशन हुआ है। जय दुर्गा मार्शल आर्ट अकादमी के वुशू प्रशिक्षक विनोद लखेरा ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण से इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बाजवा, सीईओ सोहिल अहमद, अंतर्राष्ट्रीय जज और रेफरी अंजना रानी सपकाल, उत्तराखंड की उप खेल निद. ेशक राशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, देवेंद्र सिंह रावत, रोहित यादव, प्रकाश राहुल, पांडे, मनोज उप्रेती, अनीता लखेरा, सुमन साह, शालिनी भट्ट ने बधाई दी।

# उत्तराखंड हॉकी टीम ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड हॉकी टीम ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप 2025 में

### डिवीजन 'ए' में हासिल की पदोन्नति



शानदार प्रदर्शन करते हुए डिवीजन 'बी' से डिवीजन 'ए' में पदोन्नति हासिल की। यह चैंपियनशिप 1 मार्च से 12 मार्च तक पंचकुला, हरियाणा में आयोजित की गई थी। टीम ने डिवीजन 'बी' के पूल 'ए' में अपने सभी मैचों में शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने हॉकी बिहार को 3-0, हॉकी राजस्थान को 4-2, हॉकी तेलंगाना को 1-0 और हॉकी असम को 9-0 से हराकर अपने कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। टीम के कोच और मैनेजर की रणनीतिक योजना और अथक प्रयासों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हॉकी उत्तराखंड के महासि. चव नरेन्द्र सिंह बाफिला ने कहा कि यह पदोन्नति न केवल उत्तराखंड हॉकी के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि भविष्य में और बड़ी उपलब्धियों की ओर एक कदम भी है। श्री बाफिला ने टीम के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उत्तराखंड हॉकी संघ ने सभी खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को हृदय से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता टीम की अटूट प्रतिबद्धता और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने टीम को भविष्य में भी उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने और उत्तराखंड का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# लड़खड़ाया परिवहन निगम का सर्वर

## नैनीताल के परिक्षेत्र में दिखा व्यापक असर, कई बसें लेट हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के नैनीताल परिक्षेत्र में गुरूवार को सर्वर संबंधी समस्या के कारण सभी

### हल्द्वानी बस स्टेशन की ऑनलाइन टिकट व्यवस्था भी चरमराई

डिपो में संचालन में व्यापक दिक्कतें आई। सुबह 9 बजे से लेकर दिनभर, सर्वर के डाउन होने से ई-टिकट मशीन, कैश, और ड्यूटी स्लीप कक्षों में परेशानी उत्पन्न हुई, जिससे यात्रियों और कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इससे हल्द्वानी बस स्टेशन की



ऑनलाइन लाइन टिकट व्यवस्था भी चरमरा गयी। सर्वर लड़खड़ाने से विभिन्न डिपो में बसें अपने निर्धारित समय से देरी से रवाना हो सकी। कर्मचारियों ने किसी तरह मोबाइल से नेटवर्क जोड़ कर काम चलाया। उत्तराखंड परिवहन निगम के नैनीताल परिक्षेत्र के सभी डिपो में सर्वर की दिक्कत होने से गुरुवार सुबह 9 बजे से दिन तक संचालन में काफी दिक्कत हुई, जिससे हल्द्वानी-काठगोदाम डिपो में कई पटलों में कार्य कर रहे लिपिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने मोबाइल से नेटवर्क जोड़ कर अपने पटलों कैश रूम, ड्यूटी स्लीप, ई-टिकट मशीन का कार्य किया। इन सभी कक्ष में परिच. ालकों की भीड़ लगी रही। हल्द्वानी बस स्टेशन में ऑनलाइन टिकट बुि. कंग भी प्रभावित हुआ। सर्वर में दिक्कत के चलते कई वाहन देरी से अपने मार्ग को निकले। काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके07पीए-3220 हल्द्वानी स्टेशन पर करीब 2 घंटे से ज्यादा यात्रियों को भरकर खड़ी रही, लेकिन परिचालक को मशीन नहीं मिलने से बस में यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। निगम सूत्रों की माने तो वर्तमान में विभाग का घाटा बड़ा है जो आज ओर ज्यादा हो जायेगा।

## मंडल अध्यक्ष बने प्रवीण

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लाखन निगल्टिया और प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट की संस्तुति पर प्रवीण जोशी को हल्द्वानी ग्रामीण मुखानी मंडल अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश थुआल ने भी इस निर्णय को समर्थन दिया। प्रवीण जोशी के मंडल अध्यक्ष बनने पर प्रदेश सचिव चंदन बिष्ट, प्रवक्ता संजय त्यागी, जिला प्रभारी संजय बिष्ट, जिला अध्यक्ष नरेश पांडे, प्रदेश सलाहकार समिति अध्यक्ष डा. अंजना जोशी, प्रदेश महिला प्रभारी सीमा बत्रा, प्रदेश महिला महामंत्री ज्योति अवस्थी, कुमाऊं मंडल महिला प्रभारी काजल खत्री, जिला प्रभारी सह राहुल जोशी, महिला नैनीताल प्रभारी मंजू साह, महिला मुखानी मंडल प्रभारी मंजू भट्ट, राम सिंह नेगी, राजेंद्र ने बधाई दी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा हल्द्वानी में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के लिए तीन दिवसीय पोषण व पढ़ाई का भी प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी किरन लता जोशी ने बताया कि यह



प्रशिक्षण नई शिक्षा नीति 2020 के नवचेतना एव आधारशिला पाठ्यक्रम पर आधारित है जो 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यशाला का मुख्य उददेश्य 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों को औचारिक शिक्षा व्यवस्था में प्रवेश हेतु तैयारी करवाना है। उन्होंने बताया प्रशिक्षण महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास व स्वयं सेवी संस्था अजीम जी प्रेमजी के मास्टर ट्रेनरों द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। उन्होंने बताया प्रथम बैच में 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, प्रशिक्षण 8 मार्च तक दिया जायेगा। प्रशिक्षण में सुपरवाईजर कुसुमलता टोलिया, सुनीता शाही, तुलसी आर्या, हेमू लसपाल, पुष्पा विश्वकर्मा के साथ ही सपना व महेश भट्ट मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किच्छा कोतवाल के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

## पैदल मार्च निकालकर किया जोरदार प्रदर्शन, बेरिकेटिंग तोड़ने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** किच्छा कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में क्षेत्र के कांग्रेसियों ने गुरुवार को पैदल मार्च निकालते हुए एसएसपी कार्यालय पहुंच जोरदार नारेबाजी की। वहीं पुलिस बल ने गेट से पहले ही बेरिकेटिंग कर उन्हे कांग्रेसियों को अन्दर घुसने से रोक दिया। पुलिस बल की इस कार्रवाई से गुस्साए कांग्रेसी गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस बल से तीखी नोकझोंक भी हुई। थोड़ी देर बाद नेताप्रति पक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल,विधायक तिलक राज बेहड़,सुमित्तर भुल्लर और मोहन खेड़ा सहित तमाम कांग्रेसी पुन: बेरिकेटिंग पर चढ़ गए और अन्दर जाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान कांग्रेसियों द्वारा बेरिकेटिंग को हटाने और तोड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन पुलिस बल की सख्ती के चलते फिर नाकाम हो गये। गुस्साये कांग्रेसियों ने एसएसपी कार्यालय परिसर के बाहर सड़क पर ही धरना शुरू कर दिया।



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधायक तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी आवास विकास रिंग रोड पर एकत्र हुए यहां से कांग्रेसियों ने किच्छा कोतवाल को हटाने की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हाथ में तख्तिया लिए हुए कोतवाल को हटाने की मांग कर रहे थे। एसएसपी कार्यालय परिसर के बाहर पहुंचे कांग्रेसियों को वहां पहले से ही तैनात पुलिस बल ने बैरिकेडिंग लगाकर अन्दर आने से रोक दिया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस बल से तीखी नोकझोंक भी हुई। आक्रोशित कांग्रेसियों ने एसएसपी कार्यालय परिसर के बाहर ही धरना देते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना के दौरान नेता प्रतिपक्ष और बाजपुर से कांग्रेस विधायक यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री आर्य ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सरवर यार खान के साथ किच्छा कोतवाल द्वारा किया गया दुर्व्यवहार शर्मनाक है।




श्री आर्य ने कहा कि कांग्रेसियों की एक छोटी सी मांग है कि जब तक उक्त पूरे प्रकरण की जांच चल रही है तब तक किच्छा के कोतवाल को वहां हटा दिया जाए। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि जब तक किच्छा के कोतवाल का स्थानांतरण नहीं किया जाता उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किच्छा कोतवाली में बार-बार पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हीं लोगों को भेजा जा रहा है जो पूर्व में भी विवादित रहे हैं तथा एक पक्षीय कार्रवाई करते रहते हैं। पुलिस सत्ता पक्ष के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, मोहन खेड़ा, सरवर यार खान, सुनीता कश्यप, सुमित भुल्लर, गणेश गोदियाल, यशपाल आर्य, निवर्तमान पालीका अध्यक्ष दर्शन कोहली, राजेश प्रताप सिंह, एनयू खान, मोहन खेड़ा, मंत्री प्रसाद नैथानी, ओम प्रकाश दुआ सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# अधिवक्ताओं का धरना पन्द्रहवें दिन जारी

■ ऑनलाइन विवाह पंजीकरण व वसीयत का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वसीयत व विवाह पंजीकरण के कार्यों से अधिवक्तागण एवं दस्तावेज लेखकों को हटाए जाने तथा यूसीसी वेबसाइट पर पोर्टल बनाए जाने व पेपर लैस ऑनलाइन पंजीकरण के कार्यों से उन्हें वंचित न किए जाने की मांगों को लेकर पन्द्रहवें दिन भी वकीलों व दस्तावेज लेखकों का धरना जारी रहा।

धारना स्थल पर वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन पंत ने कहा कि सरकार अधिवक्ताओं के विरूद्ध नये कानून व अधिनियम लाकर उन्हें उनके कार्यों से विरत करने का काम कर रही है। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जो अधिवक्ता वर्ग हमेशा दूसरों के हितों के लिए लड़ता है, आज उसे सड़कों पर आकर अपने लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा यूसीसी लागू करने के पश्चात विवाह व इच्छा पत्र पंजीकरण के कार्यों से अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की सहभागिता से उन्हें बाहर कर दिया गया है और अब पेपर लैस ऑनलाईन



रजिस्ट्रीकरण के कार्य से भी सरकार द्वारा उन्हें बाहर किया जा सकता है, जिसे किसी भी दशा में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण उत्तराखंड के अधिवक्ता लगातार अपना कार्य बहिष्कार करके आन्दोलन कर रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि यूसीसी पोर्टल से सीएसी सेंटरों को हटाकर उनका पोर्टल बनाया जाए और भविष्य में पेपर लैस पंजीकरण के कार्यों से उन्हे अलग न किया जाए, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एडवोकेट निरंजन पंत ने पूरे राज्य के अधिवक्ताओं से अपील की है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तब तक वह अपना संघर्ष जारी रखेंगे। वहीं अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों को शामिल नहीं करती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरना स्थल पर एडवाकेट प्रमोद मित्तल, गुरदीप सिंह, दिवाकर पाण्डेय, मुनीश गिरी, अशोक चन्द्र, भजन बत्रा, अशोक कुमार सागर, जसपाल सिंह, महिपाल सिंह, सुनील कुमार, जगदीज कुमार, राजीव सक्सेना, उदय राठौर, रोहन मिश्रा, गणेश चन्द्र, शुभम तिवारी, दलजीत सिंह, राजेश विश्वास, विपेन्द्र कुमार गुप्ता, नरेन्द्र सिंह बिष्ट, दस्तावेज लेखक चंचल सिंह धपोला, शेखर शर्मा, कपिल छाबड़ा, सगीर अहमद, उत्तम मण्डल, पृथ्वी, भुवन अवस्थी, सुनील बजाज, गौरव सक्सेना, मजहर रिजवी सहित तमाम अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता मौजूद रहे।

# कांग्रेस विधायक कर रहे अपने पद का दुरुपयोग: शुक्ला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने भाजपा समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट गेट पर किच्छा के कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के खिलाफ सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया। शुक्ला ने आरोप लगाया कि विधायक अपने पद का दुरुपयोग कर भू-माफियाओं, खनन माफियाओं और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को संरक्षण दे रहे हैं। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि तिलक राज बेहड़ पुलिस और प्रशासन पर गलत लोगों के खिलाफ कार्रवाई न करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जो अधिकारी उनकी बात नहीं मानते, उन्हें विधायक सार्वजनिक रूप से धमकाते हैं और उनके स्थानांतरण या झूठे मामलों में फंसाने की चेतावनी देते हैं।

■ विधायक बेहड़ के खिलाफ शुरू किया सांकेतिक सत्याग्रह आंदोलन

जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर बेहड़ और उनके संरक्षण में पल रहे भू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कीं

गुरुवार को कलक्ट्रेट गेट पर सत्याग्रह आंदोलन के दौरान शुक्ला ने ग्राम दरऊ में भू-माफिया हाजी सरवर यार खां द्वारा 40 वर्षों से अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस 30 एकड़ भूमि पर गौशाला बनाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन ने उत्तराखंड शासन को भेजा था, लेकिन अब फिर से माफियाओं ने विधायक के संरक्षण में इस पर कब्जा कर लिया है और गेहूं की फसल बो दी है। शुक्ला ने आरोप लगाया कि ठेकेदारों और कारोबारियों से विधायक के नाम पर वसूली हो रही है। कुछ दिनों पूर्व बेहड़ द्वारा व्यापार मण्डल के चुनाव में बेईमानी से अवैध मतों के सहारे चुनाव कराने का दबाव बनाया गया। रजिस्ट्रार सोसाइटी पंजीकरण द्वारा बॉयलाज के विरूद्ध कराए जा रहे चुनाव को निरस्त करा दिया गया। उसके बावजूद बेहड़ अपने अराजक तत्वों के साथ अनिश्चित कालीन धरना देकर नियम विरूद्ध चुनाव पर अड़े रहे। उक्त मामले में हाईकोर्ट नैनीताल ने भी चुनाव को अवैध माना था। शुक्ला ने कहा कि विधायक बेहड़ खुद को कानून से उपर मानते हैं तथा गैर कानूनी कार्य कराने के लिए दबाव बनाते हैं अधिकारियों एवं राजनैतिक जनप्रतिनिधियों के लिए घटिया शब्दावली का प्रयोग करते हैं जिससे क्षेत्र की शांति एवं माहौल खराब हो रहा है। इनके संरक्षण में पल रहे अपराधियों से आम जनता दहशत में है। पूर्व विधायक ने मांग की कि विधायक तिलकराज बेहड़ को नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही, उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर बेहड़ और उनके संरक्षण में पल रहे भू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

इस दौरान विधायक शिव अरोरा, काशीपुर मेयर दीपक बाली, रूद्रपुर मेयर विकास शर्मा, काशीपुर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा,रूद्रपुर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, दिनेशपुर नगर पालिका चेयरमैन पति कांवल सिंह, गूलरभोज नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील चुघ, नगला नगर पालिका चेयरमैन सचिन शुक्ला, केके दास, सुरेश कोली, मनमोहन सक्सैना, गफ्फार खान, राधेश शर्मा, संदीप अरोरा, राकेश सिंह, हरीश कालड़ा, दीपक मिश्रा, जोगेन्द्र सिंह जिन्दू,शेखर कोरंगा, टीकम सिंह कोरंगा, नारायण पाठक, बिजेन्द्र यादव, पवन राणा,ठाकुर जगदीश सिंह, रमेश कालड़ा, धर्मराज जायसवाल,गोल्डी गोराया, संजीव खन्ना, संजीव सिंह, दीपा राय, रश्मि रस्तोगी, पिंकी डीमरी, मीना शर्मा, कविता मान, वंदना कुशवाहा, रेनू यादव, प्रियंका, रोशन अरोड़ा, सुरेन्द्र चौधरी,अभिषेक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नगर पालिका में आधार सेंटर खोलने की मांग



■ भाजपा नेता मनोज ने पालिकाध्यक्ष के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका में आधार कार्ड सेंटर शुरू करने की मांग को लेकर गुरुवार को पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज बाधवा के नेतृत्व में क्षेत्र वासियों ने नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन के मुताबिक जन सेवा केंद्र संचालकों एवं स्थानीय निवासियों ने मांग कि आधार कार्ड बनवाने एवं आधार कार्ड में संशोधन कराने हेतु नगर पालिका में आधार कार्ड सेंटर स्थापित किया जाना चाहिए, जिससे जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके। आपको बता दें कि ब्लॉक परिसर में एकमात्र आधार कार्ड केंद्र चल रहा है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ ही नगर पालिका क्षेत्र के लोगों के भी आधार कार्ड बनाए व संसोधन किए जाते हैं, जहां काफी भीड़-भाड़ व असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए नगर पालि. का में भी एक आधार सेंटर खोला जाना चाहिए, जिससे लोगों को इस सुविधा का लाभ आसानी से और जल्दी मिल सके। ज्ञापन देने वालों में विशाल अग्रवाल, बबलू गुप्ता, नेहा अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अनि अग्रवाल, सभासद मुखर्जी राणा, प्रकाश शर्मा तथा आशीष श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### युवती से दुष्कर्म का प्रयास, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** शाम को दुकान बंद कर घर जा रही युवती को एक युवक ने अंधेरे में पकड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने उसके चंगुल से छूट कर अपनी मां को पूरी घटना बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नगर की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी चाय की दुकान है। जिसे वह स्वयं चलाती है। बीती चार फरवरी की रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर जा रही थी। तभी रास्ते में एक खाली प्लाट के पास खड़े संजू हलदार ने अंधेरे का फायदा उठाकर उसका हाथ पकड़ कर उसे कोने में खीच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। उसके चीखने चिल्लाने पर आरोपी ने अपने हाथों से उसका मुंह बंद कर दिया और उसकी बात नहीं मानने पर मुंह पर तेजाब फेंक कर जान से मारने की धमकी दी। युवती किसी तरह आरोपी के चुंगल से निकल कर अपने घर पहुंची और मां को पूरी घटना बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने रेत से भरे दो डंपर किए सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सत्रहमील पुलिस ने देर रात नदी में अवैध खनन कर रेता भर रहे दो डंपरों को पकड़ा पुलिस को देखर चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गए।



पुलिस ने देर रात पेट्रोलिंग के दौरान मेहरबान नगर देवहा नदी अवैध खनन की सूचना मिली। पुलिस ने घेरा बंदी कर डंपरों को रोक लिया, जबकि खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में ले लिए और चौकी परिसर में खड़े कर दिए।

चौकी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि अवैध खनन सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो डंपरों को पकड़ा है। वहीं खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठा यूपी सीमा में प्रवेश कर फरार हो गए। वाहनों के आधार पर खनन माफिया को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जांच के पश्चात दोनों डंपरों को सीज कर रिपोर्ट सिंचाई विभाग को प्रेषित की जाएगी। टीम में चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल हरेंद्र थापा, त्रिभुवन पड़लिया आदि थे।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा दे 9.57 लाख रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर साईबर ठगों ने एक व्यक्ति से नौ लाख 57 हजार हजार रुपये ठग लिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

साइबर काईम पुलिस स्टेशन को सौंपी तहरीर में गंगापुर रोड स्थित तपस्या विहार कालोनी निवासी वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उसके मोबाइल पर टेलीग्राम आईडी से तन्वी पांडया का मैसेज आया, जिसमें उसने अपनी कम्पनी का नाम डिजिटल कामर्स 360 बताया और कहा कि उनकी कंपनी विभिन्न कम्पनीज के साथ जुड़ कर ट्रेडिंग करती है, जिसमें आपको कुछ भी खरीदना या बेचना नहीं है, केवल एक राउण्ड में 30 टास्क मिलते हैं, आपको केवल उन पर अपना व्यूज देना है । तन्वी पांडया ने विश्वास में लेकर उक्त कम्पनी में रजिस्ट्रेशन करा दिया। पहले दिन बिना किसी इन्वेस्टमेंट किए, एक राउण्ड का टारगेट दिया गया, जिसे कम्पलीट करने पर कमीशन के रूप में 850 रुपये विड्राल भी कर लिया। अगले दिन 10 हजार रुपये डिपाजिट करने को कहा गया। डिपोजिट करने के बाद शाम को 10 हजार के बदले 12 हजार रुपये का विड्रॉल हो गया। बाद में अलग-अलग टॉस्क देकर धनराशि जमा कराई गई, लेकिन विड्रॉल करने पर आईडी माईनस में चली गयी। जिसके बाद कंपनी के लोगों ने विड्रॉल कराने के ऐवज में अलग-अलग बार कुल नौ लाख 57 हजार रुपये डिपॉजिट करवा लिए। पैसे वापस करने के लिए कंपनी के लोगों से बार-बार संपर्क किया गया तो वह टॉल मटोल करने लगे और साथ ही और पैसे जमा करने का दबाव बनाने लगे। जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सांसद अजय भट्ट ने किया विज्ञान प्रयोगशालाओं और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने सरस्वती बालि. का विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रयोगशालाओं और प्रशास. निक भवन का विधिवत पूजा अर्चना उपरांत लोकार्पण किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश मित्तल, व्यवस्थापक कुलदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष गोल्डी बंसल और प्रधानाचार्या अनमोला शर्मा ने सांसद अजय भट्ट को बुकें देकर स्वागत किया। इस मौके पर केपी सिंह,शत्रुघन सिंह राठौड़, सुशील सिंगला, स. सुखदेव सिंह नामधारी, स. कुलविन्दर सिंह किन्दा, राजेश कुमार, बिट्टू चौहान, सुरेन्द्र सिंह नामधारी आदि मौजूद रहे।



# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतियोगिता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार नैनीताल केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व प्रचार प्रसार कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

गुरुवार को केन्द्रीय संचार ब्यूरो केन्द्र द्वारा प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई,जिसमें कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा गुरुरानी ने बताया कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है, जिसमें विभाग द्वारा एक विशेष चित्र प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डा.गीता खन्ना अध्यक्ष बाल विकास संरक्षण आयोग उत्तराखंड सरकार। अति विशिष्ट अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष मौहम्मद अकरम और विशिष्ट अतिथि पीएनजी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पाण्डे रहे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा, साथ ही विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा जनमानस को जागरूक किया जाएगा। प्रदर्शनी अधिकारी भाष्कर जोशी ने चित्र प्रदर्शनी के विषय में बताया। पूर्व प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यहां आलोक उनियाल, कमल राणा, सपना, वंदना, मनोज, शेखर, कपिल, पारुल, मुस्कान, रजनी नेगी, मीणा की आदि थे।

# शुक्ला के सत्याग्रह में शामिल होने क्षेत्र से पहुंचे सैकड़ों लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर किए जा रहे सत्याग्रह में शामिल होने के लिए पूर्व सभासद वहीद पहलवान के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता रुद्रपुर के लिए रवाना हुए।

पूर्व सभासद वहीद पहलवान ने बताया कि दरऊ निवासी कांग्रेसी नेता हाजी सरवरयार खान द्वारा कब्जाई गई चकरोड एवं शत्रु भूमि की भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष गफ्फार खान द्वारा जांच कराने का काम किया, जिससे गुस्साए कांग्रेसी नेता हाजी सरवरयार खान एवं उनके समर्थकों द्वारा गफ्फार खान के घर में घुसकर मारपीट एवं धमकी देने दिए जाने की पुलिस से की गई लिखित शिकायत पर पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने से गुस्साए पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला ने जिलाधिकारी कार्यालय पर सत्याग्रह शुरू करते हुए कांग्रेसी नेता के विरोध रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। सत्याग्रह के समर्थन में नगर से सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने रुद्रपुर कूच किया है।

# ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गत देर शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

पंजाबी कालोनी निवासी सोनू कश्यप (40) पुत्र दीन दयाल कश्यप शाम के समय निर्माण आश्रम कुटिया के सामने अचानक टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान ट्रेन करीब 10 से 15 मिनट तक रुकी रही। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। परिजनों ने बताया कि सोनू मजदूरी करता था। वह दो भाईयों में दूसरे नंबर का था। उनके दो पुत्र और एक पुत्री है। घटना के बाद उसकी पत्नी निर्मला और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सूचना

प्रार्थी के आर्मी के सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम ओमवती देवी (OM BATI DAVI), जन्मतिथि 22.02.1961 व पिता का नाम बालमुकन्द सिंह (BALMUKAND SINGH), जन्मतिथि 12.07.1956 दर्ज है। जबकि मेरी माता का सही नाम एवं वास्तविक नाम ओमवती (OM WATI) व जन्मतिथि 01.01.1967 व पिता का नाम बालमुकुन्द सिंह (BAL MUKUND SINGH), व जन्मतिथि 01.01.1962 है, जो सही एवं सत्य है।

प्रार्थी के आर्मी के दस्तावेजों में माता व पिता का नाम व जन्मतिथि ओमवती देवी (OM BATI DAVI), जन्मतिथि 22.02.1961 व पिता का नाम बालमुकन्द सिंह (BAL MUKAND SINGH), जन्मतिथि 12.07.1956 के स्थान पर ओमवती (OM WATI) व जन्मतिथि 01.01.1967 व पिता का नाम बालमुकुन्द सिंह (BAL MUKUND SINGH), व जन्मतिथि 01.01.1962 दर्ज कर दिया जाए।

**आर्मी नं.- 15340012H रैंक हबलदार निपेन्द्र सिंह (NIPENDRA SINGH) पुत्र श्री बालमुकुन्द सिंह (BALMUKUND SINGH) निवासी- ग्राम भगवानपुर, जसपुर, तह. जसपुर, जिला उधमसिंह नगर।**

# होली-ईद को लेकर पुलिस सतर्क, अमन कमेटी की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। होली, ईदुल फितर और रमजान के मद्देनजर बाजपुर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की।

गुरुवार को बाजपुर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज और हिन्दू धर्म से कोई भी नहीं परंपरा न डालने की अपील की गई। जुम्मे को लेकर मस्जिद के सामने पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे रहेगा। बाजपुर कोतवाली परिसर में एसएचओ प्रवीण कोश्यारी के नेतृत्व में एसएसआई विनोद फर्त्याल की अध्यक्षता में होली और ईद के पर्व को लेकर हिन्दू धर्म और अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसआई विनोद फर्त्याल ने मुस्लिम समाज और हिन्दू धर्म से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांति पूर्वक भाईचारे के साथ परंपरागत ढंग से मनाने और कोई भी नई परंपरा ना डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि हुड़दंग मचाने वालों की पुलिस प्रशासन को तुरंत जानकारी दें। एसएसआई विनोद फर्त्याल ने कहा मस्जिद के गेट पर रंग डालने को लेकर आपत्ति आई है, होली का रंग मस्जिद पर ना पड़ सके। सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट को लेकर पुलिस को तत्काल सूचना देने का आह्वान किया गया। एसएसआई ने कोई भी नई परंपरा ना डालने का आह्वान किया। उन्होंने बाजपुर को कौमी एकता का गुलदस्ता बताते हुए बाजपुर क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने का आह्वान किया। इस मौके पर एसआई देवेन्द्र मनराल, कैलाश चन्द्र नगरकोटी, संदीप शर्मा, राजू पाण्डेय, हेम काण्डपाल,अवनीश गुप्ता, यशपाल राजहंस, स्वरूप भारती, लियाकत अली, साबिर हुसैन, आशीष ठाकुर, राजेश पाठक, वरूण वशिष्ठ, दीपू चन्द्रा, राकेश कोछड़ 'बॉबी' आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर डीएम व एसएसपी से मिले मुस्लिम समाज के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखण्ड उलेमा कौन्सिल एवं मुस्लिम समाज का एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी व एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

उत्तराखण्ड उलेमा कौन्सिल एवं मुस्लिम समाज ने जिलाधिकारी व एसएसपी को ज्ञापन देकर कहा कि इस समय इस्लाम का पवित्र महीना रमजानुल मुबारक चल रहा है। माहे मुबा. रक में मुसलमान रोजा रखते हैं। उन्होंने मांग की कि इस पवित्र महीने में पूर्व की भांति रुद्रपुर नगर में बिजली की सप्लाई 24 घंटे की जाए। शाम को रोजा इफ्तार, तरावीह और सेहरी के समय बिजली काटौती न की जाए। पानी की सप्लाई भी नियमित की जाए। मुस्लिम बस्तियों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए जाएं। इन्द्र चौक जामा मस्जिद के करीब होटलों को रात्रि तीन बजे से पांच बजे तक खोलने की अनुमति दी जाए। ज्ञापन देने वालों में मौलाना जाहिद रजा रिजवी, मुफ्ती दानिश मियां, हाजी रईस खान, सै.वाहिद मियां, फरीद अहमद मंसूरी, साहिब खान, मुहम्मद आरिफ, हाजी सलीम खां, छोटे आदि मौजूद थे।



दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन करने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर वन प्रभाग के प्रतिबंधित क्षेत्र अपर कोशी रेंज में बैखौफ एवं धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने एवं अवैध खनन में लिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग को लेकर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने प्रभागीय वनाधिकारी दिगंथ नायक को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को राज्य आंदोलनकारी व उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने कहा कि अपर कोसी रेंज के प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि चार मार्च को कुनखेत क्षेत्र के प्रतिबंधित क्षेत्र में जेसीबी मशीनों के द्वारा बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों के द्वारा अवैध खनन कर खनिज सामग्री ले जाए जा रही थी, जिसके फोटो एवं वीडियो उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने उच्च अधिकारियों एवं डीएफओ दिगंत नायक को भेजते हुए तत्काल कार्यवाही करने की मांग की। बताया कि विभाग द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर खाना पूर्ति की गई है। अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ आपराधिक कानून के तहत मुकदमा दर्ज करने एवं जेसीबी सहित सभी ट्रैक्टर ट्रालियों को अपने कब्जे में लेकर सीज करने की मांग की। उन्होंने चिंता जाताई है कि जिस तरह से प्रतिबंधित क्षेत्र अपर कोसी क्षेत्र में अवैध खनन और पेड़ों की तस्करी हो रही है, उससे कुछ वर्षों बाद कोसी नदी में पानी विलुप्त हो जाएगा, जिससे लोगों के जीवन पर संकट गहरा जाएगा। उन्होंने डीएफओ से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान विशन दत्त सनवाल, आसिफ, प्रयाग पांडे आदि मौजूद रहे।

## चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजुकेशन चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जनवरी 2025 (प्रवेश परीक्षा वर्ष 2020-21) का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया है। बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने जानकारी देते हुए बताया कि द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेन्टरी एजुकेशन (डीएलएड) चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जनवरी 2025 (प्रवेश परीक्षा वर्ष 2020-21) राज्य के 13 जनपदों के 12 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराई गई थी। डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा प्रवेश परीक्षा वर्ष 2020-21 का परीक्षाफल व सम्पूर्ण परीक्षाफल (अध्ययन वर्ष जनवरी 2023 से दिसम्बर 2024 तक) जनहित में परिषद की osclkbV www.ubse.uk.gov.in पर गुरुवार को प्रसारित कर दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर लगाने में जनता करे सहयोग: विधायक

■ **विधायक के कार्यालय और आवास पर विद्युत विभाग ने लगाया स्मार्ट मीटर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश के बाद रामनगर में भी तेजी के साथ मीटर लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है, हालांकि केंद्र सरकार द्वारा मीटर लगाने का ठेका अदानी कंपनी को दिया गया है, तो वहीं इन स्मार्ट मीटरों का पूरे प्रदेश में लगातार विरोध जारी है। खास तौर पर कांग्रेस द्वारा इसको लेकर प्रदर्शन भी किया जा चुके है। कांग्रेस का कहना है कि यह मीटर लगने से गरीब जनता पर इसका असर पड़ेगा। उन्होंने विद्युत मीटर की इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता सिंह गोविंद सिंह कार्की और एसडीओ दरपण सिंह निखुरपा के नेतृत्व में मौजूद टीम ने रामनगर विधायक दीवान सिंह के कार्यालय एवं आवास पर स्मार्ट मीटर लगाने की कार्रवाई की। इस संबंध में विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने जहां एक और जनता से विद्युत विभाग को सहयोग करने की अपील की तो वहीं उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से जनता का नुकसान नहीं बल्कि फायदा है। उन्होंने कहा कि एक तो समय पर बिल प्राप्त होगा और बिजली से संबंधित समस्याओं का भी तुरंत समाधान होगा। उन्होंने कहा कि घर में अनावश्यक बिजली का उपयोग होने पर इसकी जानकारी मोबाइल के माध्यम से उपभोक्ता को मिलेगी, इसके बाद घर में जलने वाली अनावश्यक लाइट पर भी रोक लगेगी। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले गर्मी के मौसम में बिजली का लोड काफी बढ़ जाता है, क्योंकि जनसंख्या भी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बिजली का लोड कम करने के लिए चिल्किया स्थित बिजली घर में 33.5 एमवीएस से बढ़ाकर 37 एमवीए किया जा रहा है, जिससे कुछ स्तर तक समस्या का समाधान होगा तो वहीं उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम कानिया में भी एक विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, जो अगले वर्ष तक पूर्ण हो जाएगा और एक उपकेंद्र का निर्माण ग्राम छोई में कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए जमीन ग्राम छोई में देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन दोनों केंद्रो के निर्माण के बाद रामनगर में बिजली की समस्या से जनता को निजात मिलेगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता गोविंद सिंह कार्की और एसडीओ दरपण सिंह निखुरपा ने स्मार्ट मीटर के लाभ बताते हुए जनता से सहयोग की अपील की।

# सरकार के स्वच्छता अभियान को नगर पंचायत नानकमत्ता का चैलेंज

■ **कूड़े के ढेर से पटी नालियां बता रही हैं नगर की साफ सफाई व्यवस्था का हाल**

■ **अधिशासी अधिकारी की घोर लापरवाही का बेलगाम सफाई कर्मचारी उठा रहे लाभ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा नगर व नालियों को कितना साफ सुथरा बना रखा हैं, ये यहा के वार्ड सख्या सात में कूड़े से पटी नाली व उसके पास जमा कचरे के ढेर को देखकर लगाया जा सकता है। यहां कूडा करकट से पटी नाली व जमा गन्दगी बता रही है की नगर पंचायत नानकमत्ता में तैनात अधिशासी अधिकारी कितनी जिम्मेदारी के साथ नगर व नगर के लोगों के स्वास्थ्य व समस्याओं का ख्याल रख रही हैं, जिनकी घोर लापरवाही के चलते यहा नगर की साफ सफाई व्यवस्था मानो पूरी तरह से चौपट हो चली है। यहां तैनात अधिकारी की अनदेखी का सफाई कर्मचारी जमकर लाभ भुना रहे हैं।

बताते चले की नगर के राजकीय राजमार्ग से सटे वार्ड नम्बर सात के टावर सीसी मार्ग पर इन दिनों सफाई का आलम ऐसा है कि यहां बनी सरकारी नाली की मानो कई महीनों से नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई नहीं कराई गई है, जिसको लेकर यहा के लोगों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा कयी बार इसकी शिकायत नगर पंचायत में जाकर की गई है। यहां कूडा करकट से पटी नाली व पडे कूड़े से उठने वाली दुर्गन्ध से लोगों के स्वास्थ्य को खतरा होने के साथ ही यहां से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में भारी दिक्कते उठानी पड़ रही है। बता दे की इसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल है, यहा अपना इलाज कराने मरीज आते जाते हैं ऐसे में यहा कचरे से उठने वाली बदबू से मरीजों के स्वास्थ्य को भी खतरा बना हुआ है। नगर पंचायत द्वारा यहां जानबूझकर सफाई ना कराकर सरकार के स्वच्छता अभियान को मानो नगर पंचायत नानकमत्ता चैलेंज कर अपनी मनमानी की ताकत सिद्ध कराता दिख रहा है।



वार्ड सात में सफाई को लेकर नगर पंचायत व सफाई कर्मचारियों को कई बार बताया जा चुका है, लेकिन अपनी मनमानी के आगे यहा वार्ड की साफ-सफाई में भारी लापरवाही बरती जा रही है। यहां मनमानी करने वाले सफाई कर्मचारियों को चिन्ह कर जल्द ही बोर्ड की बैठक में हटाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।

**अंकाक्षा, सभासद**
**नगर पंचायत नानकमत्ता उधमसिंहनगर।**



नगर पंचायत नानकमत्ता में मानक से अधिक सफाई कर्मचारी होने के बावजूद भी यहां तैनात अधिशासी द्वारा उनसे नगर की साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं करा पाना घोर लापरवाही साबित हो रही है। यहां नगर के कयी वार्डों में सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई के नाम पर खानापूर्ती की जा रही है। नगर पंचायत सरकार के स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को पूरी तरह से पलीता लगा रहा है।

**सुखलाल सिंह**
**पूर्व सभासद**
**नगर पंचायत नानकमत्ता उधमसिंहनगर**



नगर पंचायत नानकमत्ता की अधिशासी अधिकारी द्वारा वार्ड नम्बर सात की बिगडी साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी होने के बाद भी उस पर गौर अमल नहीं किया जा रहा हैं, इसकी शिकायत जिले के उच्च अधिकारियों एवं संबंधित विभाग से पत्राचार कर की जाएगी।

**ओम प्रकाश चौरसिया**
**पूर्व सभासद पति**
**नगर पंचायत नानकमत्ता उधमसिंहनगर**

# राज्य स्तरीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ




■ **राज्य के शिक्षक आपस में साझा करेंगे नवाचारी प्रयासों को**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** डायट लोहाघाट में स्थापित सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस (सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन) के अन्तर्गत पांच दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का शुभारम्भ प्रभारी प्राचार्य डा. आशुतोष वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डा. अनिल कुमार मिश्रा एवं एसआरजी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य संदर्भदाता प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यशाला में राज्य के सभी जनपदों के 30 डायट संकाय सदस्य एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में जनपद चम्पावत सहित अन्य जनपदों के जनपदीय संदर्भ समूह के शिक्षकों द्वारा सामाजिक विज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन संबंधी नवाचारी कार्यों को साझा किया जाएगा तथा इन विषयों से सम्बन्धित शिक्षण सामग्री का भी विकास किया जाएगा। प्रथम दिवस में पौढ़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर तथा ऊधम सिंह नगर जनपद के शिक्षकों ने अपने जनपद के विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों को अन्य प्रतिभागियों के साथ साझा किया।कार्यशाला में डा. कमल गहतोड़ी, डा. एलएस यादव, एके तलानिया, नवीन उपाध्याय, लता आर्य, दीपक सोराड़ी, नवीन ओली, योगिता पंत, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, प्रमोद कुमार नौडियाल, जगदम्बा प्रसाद कुकरेती सहित सभी संकाय सदस्य एवं प्रतिभागी सम्मिलित रहे।

## एक नजर

### नेत्र चिकित्सा शिविर में हुई 327 मरीजों की नि:शुल्क जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** संजय कॉलोनी स्थित यूथ हॉस्पिटल परिसर में प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर के सहयोग से यूथ क्लब बाजपुर द्वारा आयोजित 32 वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 327 मरीजों की जांच की गई व 65 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर से आए प्रसिद्ध नेत्र सर्जन अंकित गुप्ता व प्रबंध निदेशक मनीष पाल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर के प्रबंध निदेशक मनीष पाल ने यूथ हॉस्पिटल बाजपुर में आंखों की जांच हेतु प्राथमिक जांच केन्द्र खोलने की घोषणा की, जिसमें प्रतिदिन आंखों की जांच व उपचार उपलब्ध होगा। जांच केन्द्र की तैयारी हेतु आवश्यक उपकरण केन्द्र पर स्थापित किए गए। जांच केन्द्र शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर यूथ क्लब बाजपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सचिव चंद्र प्रकाश मित्तल, कोषाध्यक्ष पवन गोयल, संजीव जिन्दल, संजीव बंसल, गजानंद मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, राजेश गोयल, ब्रहमानंद गर्ग, नारायन गर्ग, पं. शिवकुमार शास्त्री, पिंकी गर्ग, सोनू गोयल, मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

### महिला का गुम हुआ मंगलसूत्र बरामद कर पुलिस ने लौटाई चेहरे पर मुस्कान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सुमन टम्टा द्वारा कोतवाली में सूचना दी गई कि उनका मंगलसूत्र पिथौरागढ़ बाजार में कहीं गुम हो गया है, जिससे वह अत्यधिक परेशान थीं। सूचना मिलते ही एसएचओ कोतवाली ललित मोहन के नेतृत्व में कोतवाली से हे. का. भुवन पाण्डेय द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई।

हे. का. भुवन पाण्डेय ने कई सीसीटीवी कैमरों की जांच की और गहन सुरागरसी-पतारसी की। उनकी कड़ी मेहनत और तत्परता के परिणामस्वरूप, गुम मंगलसूत्र बरामद कर लिया गया। मंगलसूत्र श्रीमती सुमन को सुपुर्द किया गया। इस मानवीय कार्य में पुलिस कर्मी की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की जा रही है। सुमन ने पुलिस कर्मी का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया। इस घटनाक्रम से यह सिद्ध होता है कि पिथौरागढ़ पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं रखती।

### बी2बी ग्राहकों के लिए बड़ी बचत: अमेजन बिजनेस ने की वित्तीय वर्ष समाप्ति सेल की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अमेजन बिजनेस ने तीन से 11 मार्च 2025 तक चलने वाली श्एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेलश की घोषणा की है। यह सीमित अवधि की सेल व्यवसायों को लंबित खरीदारी पूरी करने और शानदार छूट पाने का बेहतरीन मौका देती है। इस दौरान, ग्राहक डेल, एचपी, बोट, जेबीएल, पिजन और अन्य शीर्ष ब्रांडों के लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन, ऑफिस फर्नीचर और किचन अप्लायंसेज सहित कई उत्पादों पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। बिजनेस जीएसटी चालान के जरिए 28 प्रतिशत तक की बचत कर सकते हैं और एसबीआई क्रेडिट कार्ड व ईएमआई लेनदेन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की तुरंत छूट पा सकते हैं। अमेजन बिजनेस इंडिया के निदेशक मित्रंजन भादुरी ने कहा, एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल बिजनेस को महत्वपूर्ण बजट अवधि के दौरान स्मार्ट खरीदारी करने में मदद करती है। हम जीएसटी सक्षम बचत को श्रेणी-विशेष छूट के साथ जोड़कर संगठनों को उनके खर्च को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने और बिजनेस आवश्यकताओं में निवेश करने में सहायता कर रहे हैं। यह पहल सभी आकार के व्यवसायों के लिए एक रणनीतिक खरीद साझेदार बनने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे वे हर खरीदारी पर अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

### विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए शिविर दस मार्च से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने बताया कि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया तथा जिला विकास अधिकारी मनीष कुमार के निर्देशों के क्रम में भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली तथा एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में 10 मार्च से सभी ब्लॉकों में सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाईजर तथा कैश ऑफिसर तथा कैश ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए दो दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों को इस संबन्ध में निर्देश जारी कर दिए हैं। कोई भी अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक के शिविर में आवेदन कर सकता है। श्री डोभाल ने बताया कि दिनांक 10 व 11 मार्च 2025 को ब्लॉक परिसर खटीमा, 14 व 17 माार्च को ब्लॉक परिसर सितारगंज, 18 व 19 मार्च को ब्लॉक परिसर रुद्रपुर, 20 व 21 मार्च को ब्लॉक परिसर गदरपुर, 22 व 24 मार्च को ब्लॉक परिसर बाजपुर, 25 व 26 मार्च को ब्लॉक परिसर काशीपुर तथा 27 व 28 मार्च को ब्लॉक परिसर जसपुर में शिविरों का आयोजन होगा। शिविरों में 18 से 40 वर्ष की आयु के इच्छुक युवा प्रतिभाग कर सकते है।

### दो पक्षों में फायरिंग, एक आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** जाफरपुर में आपसी विवाद में एक पक्ष के लोगों ने मारपीट कर तमंचे से फायर कर दिया । बाद में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम कर एक को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया है ।

निकटवर्ती गांव शिवपुर निवासी गौरव सिंह चौहान ने थाने में तहरीर देकर कहा कि उसका भाई सौरभ सिंह व भाई का दोस्त अतुल कुमार व सन्नी अपनी गाड़ी से बुधवार देर रात्रि जाफरपुर जा रहा था। आरोप है कि चंदेन निवासी वीस्थ चौधरी व नीरू सिंह दिबडिबा ,बिलासपुर निवासी ने बत्रा पेट्रोल पंप के सामने गाड़ी रुकवा ली इस दौरान उन्होंने लाठी डंडों से मारपीट कर तमंचे से फायर झौंक दिया । जो गाड़ी में जा लगा । बाद में आरोपित मौके से फरार हो गए । पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । पुलिस ने एक को हिरासत में लिया है उससे पूछताछ की जा रही है ।

**वहीं** एसपी सीटी रुद्रपुर उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि मामले में एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। किसी को भी कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा, दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# समय और खर्च बचाएं, राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं: रावते

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चम्पावत।** जिले में आगामी आठ मार्च को जिला न्यायधीश अनुज कुमार संगल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले से लेकर तहसील स्तर न्यायालय के मामलों की सुनवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव भावदीप रावते ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर इसका आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कई मामलों की सुनवाई होती है, जिसमें बैंक ऋणों की वापसी, बीमा, मोटर दुर्घटना, पारिवारिक- वैवाहिक विवाद, चेक बाउन्स से संबंधित तथा श्रम, राजस्व, बिजली पानी से संबंधित विवादों, मोटर वाहन चालानों और शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलों जैसे सिविल मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारित होने की स्थिति में सिविल वादों में अदा की गई कोर्ट फीस की वापसी का भी प्रावधान है। साथ ही आपसी सहमति से निस्तारित किये जाने वाले मामलों में अग्रेतर लिटिगेशन अपील आदि में व्यतीत होने वाले समय एवं खर्च से बचा जा सकता है। खासकर बैंक ऋणों की वसूली से संबंधित मामलों जैसे प्री-लीटिगेशन यानी अभी न्यायालयों के समक्ष नहीं आए मामलों में नियम-पॉलिसी के अनुसार पूर्व निर्धारित ब्याज दर से कम की दर पर मामले समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाते हैं। उन्होंने आम जनमानस व संबंधितों से राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# सीमा सुरक्षा बल ने लगाया चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के आदेशानुसार, सीमांत मुख्यालय, रानीखेत द्वारा विभिन्न प्रकार के नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अंतर्गत 55वीं वाहिनी सशत्र सीमा बल पिथौरागढ़ द्वारा सीमा चौकी दूंगाटोली के कार्यक्षेत्र में स्थित सीमावर्ती गांव बिनिया में एक मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में डा. डंम्बर सिंह बोनाल चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, असकोट द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों की चिकित्सा जांच की गई और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य केवल चिकित्सा उपचार प्रदान करना ही नहीं था, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। इसके साथ-साथ, शिविर में ठंड से बचाव के उपायों के बारे में भी लोगों को बताया गया। इस चिकित्सा शिविर में 45 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ उठाया और उनकी चिकित्सा जांच की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सशत्र सीमा बल द्वारा आयोजित इस चिकित्सा शिविर की सराहना की और इसे बहुत ही लाभकारी बताया। सशत्र सीमा बल, भारत सरकार के निर्देशानुसार, समय-समय पर सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों और शिविरों का आयोजन करता रहता है, ताकि इन क्षेत्रों के लोग स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी प्राप्त कर सकें और लाभान्वित हो सकें।

# डीएम ने किया बौर, हरिपुरा जलाशय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बौर, हरिपुरा जलाशय गूलरभोज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि हरिपुरा जलाशय में 50 प्रतिशत से अधिक सिल्ट है। जिसकी डी सिल्टिंग कराना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उपर पहाड़ो का पानी जंगलों, नदी, नालों के रास्ते मलवे के साथ हरिपुरा जलाशय में आता है। उन्होंने बताया कि नहरों की सफाई हेतु शासन से विभाग को धनराशि प्राप्त होती है, मगर नदी, नालों, जलाशयों की सफाई हेतु धनराशि प्राप्त नही होती है। उन्होंने बताया कि जमरानी बॉध बनने के बाद जमरानी का पानी भी हरिपुरा जलाशय में आयेगा। इसलिए हरिपुरा जलाशय का डी सिल्टिंग कराना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई व जिला पर्यटन अधिकारी को जलाशयों में क्या-क्या क्रियाकलाप पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु हो सकते है, कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु 13 डिस्ट्रीक 13 डेस्टिनेशन के अन्तर्गत बौर जलाशय तक 08 किमी. सड़क बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जो परिक्षण उपरांत कुछ अनापत्तियां निराकरण व पंतनगर विश्वविद्यालय से सड़क डिजायन तकनीकि वैट कराने हेतु प्राप्त हुआ था, जिसे डिजायन परिक्षण (वैट) कराने हेतु भेजा गया है। अधिशासी अभियंता सिंचाई व तहसीलदार ने बताया कि हरिपुरा जलाशय के सिल्ट क्षेत्र में अवैध खेती करते है।

जिस पर जिलाधिकारी ने जलाशय सिल्ट क्षेत्र में अवैध खेती करने वालों को नोटिस देने के निर्देश दिए साथ ही अगले वर्ष से जलाशय क्षेत्र में खेती प्रतिबन्धित करने के निर्देश भी अधिशासी अभियंता व तहसीलदार को दिए। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि जलाशय के किनारे ठेली, रेड़ी लगाने से कूड़ा-गंदगी होने से सफाई की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

उन्होंने बताया कि गूलरभोज निकाय द्वारा मोबाईल शौचालय स्थापित किया गया है। मगर सफाई की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को डाम क्षेत्र में दुकाने, ठेली, रेड़ी लगाने वालों के साथ बैठक कर कूड़े के समस्या का समाधान निकाला जाय साथ ही उन्होंने जलाशय पार कोपा मुनस्यारी, कोपा बसन्ता आदि गांवों की सड़क व अन्य सुविधाओं की जानकारियां ली। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बौर जलाशय के पास संचलित गेस्ट हाउस का निरीक्षण कर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ यूसी तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई केएस डांगी, तहसीलदार लीना चन्द्रा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट, सहायक अभियंता विशाल प्रसाद आदि मौजूद थे।



# भाजपा के प्रदेश मंत्री ने की कमिश्नर से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से उनके कार्यालय में मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि मालधन रामनगर का दूरस्थ व अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। वहां पर रोजगार की समस्या बनीं हुई है। बताया कि तुमड़िया डैम में नौका विहार शुरू होने से कई लोगों को इसका लाभ होगा। पर्यटन गतिविधियों में मालधन का नाम भी होगा। राजस्व गांव चोपड़ा के जूनियर हाईस्कूल में दो कक्ष व शौचालय बनाने की मांग की। वहीं सभासद राहुल रावत ने भी मोहल्ला भरतपुरी, कौश्यापुरी कोसी क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। इस मौके पर पूर्व मंडी उपाध्यक्ष मान सिंह रावत, मोहन चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

# मारपीट मामले में कई लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला करने के मामले में पांच नामजद सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामले में युवक इकराम के पिता अब्दुल सलाम पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम टांडा मल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र इकराम अपनी टांडा वाली दुकान पर था। इसी बीच दो ब्लैक स्कार्पियो गाड़ियों से मंगू सागर पुत्र छत्रपाल, रोहित गुज्जर, हैप्पी सरदार, विशाल पासवान, मंत्री व अन्य युवक अपने हाथ में तमंचे, लोहे की रॉड, डंडे आदि लेकर जबरन दुकान के अंदर घुस आए। इन युवकों ने गाली गलौच करते हुए उत्पात मचाकर दुकान का सामान फेंकना शुरू कर दिया। कारण पूछने जाने पर इन लोगो ने तमंचा निकाल लिया। इकराम ने भागने का प्रयास किया तो इन लोगों ने इकराम को जान से मारने की नियत से उस पर तमंचे से फायर कर दिया। घबरा कर इकराम वहीं गिर गया तो इन लोगों ने उसे तमंचे की बट, डंडे, रोड आदि से बुरी तरीके से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद घटना की शिकायत कहीं पर भी करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से भाग गए। बताया कि यह सभी लोग बदमाश किस्म के लोग है। इकराम का रामनगर सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां से डाक्टरों की उसकी हालत गंभीर होने पर हायर सेन्टर रैफर कर दिया है। मामले में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक्ट व बायलॉज का सख्ती से पालन कराया जाए: हाईकोर्ट

## पिथौरागढ़ में नए बस स्टेशन के पास सरकारी के भूमि के दुरुपयोग का मामला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ शहर में नए बस स्टेशन के सामने सरकारी भूमि का दुरुपयोग किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने बीते मंगलवार को मामले की विस्तृत सुनवाई करते हुए राज्य सरकार के चीफ सेक्रेटरी व सेकेट्री शहरी विकास को निर्देश दिए हैं कि भूमि या भवनों के आबंटन के समय निगम के नियमों एक्ट व बायलॉज का सख्ती से अनुपालन करवाया जाए साथ में कोर्ट ने उच्च न्यायलय की रजिस्ट्री से कहा है कि इस आदेश की एक प्रति राज्य के चीफ सेकेट्री व सेकेट्री शहरी विकास को भेजा जाए। मामले की अगली सुनवाई 21 मार्च



की तिथि नियत की है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर जिला विकास प्राधिकरण ने शपथपत्र देकर कहा कि पूर्व में नगर पालिका ने इस भवन के भूतल में दो हॉल व शौचालयों का निर्माण करवाया था और प्रथम तल में 16 दुकानें बनाई गई थी। इन दुकानों को नगर पालिका ने एसटी एएससी व कारगिल में हुए शहीदों के परिजनों व अन्य लोगो को रोजगार देने का निर्णय लिया था लेकिन दुकानें सड़क से नीचे होने के कारण किसी भी व्यक्ति ने नगर पालिका में कोई आवेदन नही किया। उसके बाद नगर पालिका ने पुन: टेंडर जारी किया। फिर भी किसी ने दुकानों के लिए आवेदन नही किया। इसके बाद पालिका ने फिर से टेंडर निकाल. कर किसी व्यक्ति विशेष को सार्वजनिक कार्य करने हेतु उक्त भवन को 100 रुपये के स्टाम्प पर 20 वर्ष के लिए लीज पर दे दिया। लीज पत्र में विपक्षी द्वारा लिखा गया कि इस भवन का वह हॉस्पिटल के रूप में उपयोग करेगा। इसका व्यवसायिक उपयोग नही करेगा। शर्तों के मुताबिक विपक्षी ने वहां पर मल्लिका अर्जुन नाम से एक अस्पताल खोला। लेकिन कुछ समय बाद उसे बंद करके उक्त भवन को खुर्दबुर्द किया। पालिका की सम्पति को नुकसान पहुँचाया। यही नहीं उक्त भूमि पर उसने चार मंजिला भवन बनाकर उसमें दुकानें तथा रेस्टोरेंट व शॉपिंग कांपलेक्स और होटल बना दिया गया जो कि शर्तों के विपरीत है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि इस पर रोक लगाई जाए और शर्तों के मुताबिक इस भूमि का उपयोग किया जाए।

## रोड को नशेड़ियों ने अड्डा बना लिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के जिला पंचायत से सीआरएसटी स्कूल को जाने वाली रोड पर कई स्थान नशेड़ियों के अड्डे बनते जा रहे हैं। रोजाना कई युवा यहां लोगों को नशा करते लोगों को दिखाई दे रहे हैं। इधर सभासद गजाला कमाल ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में पुलिस से गश्त की मांग की है। बता दें कि नैनीताल की जिला पंचायत सीआरएसटी रोड पर जंगल क्षेत्र में रास्ते के किनारे कई युवा इन दिनों नशा करते नजर आ रहे हैं। शाम के समय यहां से आवाजाही करने में लोागों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इधर गुरुवार को सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल सीआरएसटी की ओर से जिला पंचायत की तरफ गई तो उनको वहां कुछ युवक पॉलीथीन में सूंघने वाला नशा करते नजर आए। उन्होंने पुलिस को सूचित करते हुए क्षेत्र में लगातार गश्त करने की मांग की है। मामले में एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि शिकायत के बाद क्षेत्र में गश्त करवाई जा रही है।

# फागोत्सव का आगाज़

## श्रीराम सेवक सभा में होल्यारों का धमाल





**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के 29वें फागोत्सव का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ हो गया। इस दौरान मां वैष्णव देवी मंदिर तल्लीताल से होली जलूस की शुरुआत हुई तथा विभिन्न टीमों ने होली के रंगों को नैनीताल के माल रोड में रंग को बिखेरा गया इस दौरान पूरा नैनीताल रंगों में रंग गया। होली जुलूस के बाद अपराह्न दो बजे श्री राम सेवक सभा प्रांगण में पालिकाध्यक्ष डाक्टर सरस्वती खेतवाल,नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन एवं रंग उड़ाकर फागोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रंगकर्मी डाक्टर संतोष आशीष तथा मीता उपाध्याय को संस्कृति में समर्पण हेतु शॉल ओढ़ाकर तथा राधा कृष्ण की मूर्ति तथा मां नंदा सुनंदा की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया गया। फागोत्सव के प्रथम दिन सभी अतिथियों को होली की टोपी पहना कर तथा होली के प्रतीक राधा कृष्ण की मूर्ति भेंट की गई। गुरुवार को बाहर की 10 टीमों ने अपना होली प्रदर्शन कर होली की धूम मचाई। मधुवन महिला होली दल हल्द्वानी समेत प्रगति महिला होली दल लालडांट हल्द्वानी तथा पार्वती संस्कृति कला मंच हल्द्वानी तथा जीवन वर्ष कला संगम समिति बेतालघाट व शिवशक्ति विहार हल्द्वानी व ऑल इंडिया विमेंस भवाली व जय इष्ट होली समूह जज७ ार्म हल्द्वानी व मां नंदा सुनंदा होली समिति तथा मां का आशीर्वाद ज्योलिकोट ने होली प्रस्तुतीकरण किया। समारोह में होलियारों कला नेगी, ऊषा शर्मा, राधा तिवारी, जानकी लोहिया, नीमा भट्ट, माया जोशी, बीना पाठक, सुषमा रावत तथा शांति बरगली को सम्मानित किया गया। संचालन प्रोफेसर ललित तिवारी व मीनाक्षी कीर्ति तथा मुकेश जोशी ने किया तथा टाइम कीपर भुवन बिष्ट रहे। इससे पूर्व श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभा परिवार से सभी का स्वागत कर फागोत्सव की बधाई दी। इस अवसर पर गिरीश जोशी, अशोक साह, राजेंद्र बिष्ट, विमल चौधरी, विमल साह, राजेंद्र लाल साह, देवेंद्र लाल साह, हीरा रावत, दिनेश भट्ट, मुन्नी तिवारी, हेमा कांडपाल, रमेश कांडपाल, गीता साह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता समिति ने ग्रामीणों को डोली की भेंट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ग्रामीण स्वास्थ स्वच्छता एवं पोषण समिति सालड़ी हरीनगर ने गुरुवार को समिति के द्वारा गांव के लिए एक डोली बना कर ग्रामवासियों को दी गई जिसमें ग्राम प्रधान सालड़ी जया बोरा तथा सभी गांव वालों से आगाह किया गया कि इस डोली का सब लोग समान रूप से उपयोग करें और इसके रख रखाव में भी ध्यान दें। आशा वर्कर सविता के द्वारा सभी ग्रामवासियों को बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के तहत यह डोली लाई गई है जैसे कि इसे पहले भी ग्राम सभा में सफाई पंचायत के लिए दरी कुर्सी आदि



समान लाया गए हैं और उनके द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग इसी योजना के तहत ग्राम सभा में इस तरह के अनेक कार्य करेगी। इसके लिए वह पूरे ग्राम सभा सालड़ी से विभाग का धन्यवाद देती है जिसमें आशा फैसेलेटर ममता पोखरा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भीमताल किरन कांडपाल, वार्ड मेंबर ललिता सात ही ग्राम वासियों ने आशा वर्कर सविता का आभार व्यक्त किया कि उनकी इस पहल से आज ग्राम सभा में इस तरह के कार्य हो रहे हैं। दीपा देवी, गीता, कविता आदि लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता राजीव शर्मा का निधन, शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार शर्मा का गुरुवार को तड़के निधन हो गया है वह 64 वर्ष के थे। परिजनों के मुताबिक उन्हें रात में बीपी लो की शिकायत हुई थी। एडवोकेट शर्मा का समीपवर्ती पाईंस स्थित शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र यश ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। बता दें एडवोकेट राजेश शर्मा कुमाऊँ विवि के डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा के पति हैं। उनके निधन पर नगर के सभी अधिवक्ताओं तथा कुमाऊं विवि परिवार ने गहरा दुरूख जताया है। दुख जताने वालों में कुमाऊं विवि के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत रजिस्ट्रार डाक्टर मंगल सिंह मंद्रवाल समेत प्रोफेसर अतुल जोशी डीन कला प्रोफेसर रजनीश पांडे समेत प्रोफेसर संजय



पंत, प्रोफेसर हरीश चंद्र सिंह बिष्ट कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. नीलू लोधियाल, डाक्टर दीपक कुमार, कूटा के महासचिव डाक्टर विजय कुमार सहित डाक्टर संतोष कुमार, डाक्टर पैनी जोशी, प्रो. अनिल बिष्ट, डा. उमंग, डा. सीमा चौहान, डा. शिवांगी, डा. दीपिका पंत, डा. नंदन सिंह बिष्ट, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. आरसी जोशी, डा. मोहित सिंह रौतेला, डा. दीपक मेल. कानी सहित डाक्टर मनोज सिंह बिष्ट, नंदा बल्लभ पालीवाल, गणेश सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।

# सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव इसी माह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ शाखा ने चुनाव अधिकारी अमित सहदेव को पत्र देकर अवगत कराया कि शाखा नैनीताल का कार्यकाल अक्टूबर माह 2024 में पूर्ण हों चुका है जिस के लिए अगामी चुनाव की रूप रेखा तैयार करने के लिए एवं चुनाव निष्पक्ष रूप से करायें जाने हेतु पुन: मुख्य चुनावधिकारी नियुक्त किया जाता है। मार्च माह 2025 में चुनाव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा चुनाव कमेटी का गठन कर चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ किए जाएंगे। चुनाव कमेटी शपथ समारोह तक चुनाव कार्यो का सम्पादन करेगी। उक्त चुनाव कराने में नियुक्त चुनाव कमेटी प्रशासनिक कार्यवाही व अन्य कार्यवाही किये जाने हेतु स्वतन्त्र है तथा शपथ समारोह कार्यक्रम का सम्पादन भी चुनाव अधिकारी द्वारा ही किया जाएगा, चुनाव कमेटी पदाधिकारीयों के नाम अधोहस्ताक्षरी को अवगत किया जा सके जिससे प्रदेश कार्यकारणी को भी अवगत कराया जा सके। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह, संघ संस्थापक बांके लाल, प्रदेश महासचिव राजपाल पवार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला तथा सचिव दिनेश कटियार, जितेन्द्र देवान्तक तथा कोषाध्यक्ष कल्लू चरण कार्यालय मंत्री मदन लालएप्रचारमंत्री लक्ष्मण चौहान, संगठन मंत्री मनोज कुमार, कार्यकारिणी सदस्य बिकेश कुमार तथा संजीव मुकेश राजौरिया, अजय कुमार, अरविन्द चंचल, श्याम सिंह, राजेश कुमार तथा दिनेश चौधरी आदि मौजूद रहें।

# सीनियर पुरुष क्रिकेट लीग 17 मार्च से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा (सीएयू) के निर्देशानुसार, सीनियर पुरुष क्रिकेट लीग आगामी 17 मार्च सोमवार से शुरू होगी। यह लीग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें जिले के सात रजिस्टर्ड क्लबों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। सीएयू के उपाध्यक्ष हेमन्त बिष्ट ने जानकारी दी कि इस वर्ष लीग में भाग लेने के लिए क्लब फीस जमा करने और सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि यदि कोई नया क्लब इस लीग में भाग लेना चाहता है, तो वह एसोसिएशन कार्यालय, राधा स्पोर्ट्स, रानीखेत में संपर्क कर सकता है। खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन के लिए डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड या पासपोर्ट, तीन साल के शैक्षिक प्रमाणपत्र और नौकरी करने वाले खिलाड़ियों को सैलरी स्टेटमेंट एवं नवीनतम फोटो देना अनिवार्य होगा। लीग के प्रदर्शन के आधार पर जिले की टीम का चयन किया जाएगा, जो क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित अंतर-जनपदीय सीनियर क्रिकेट लीग में भाग लेगी। यह लीग के सभी मैच रानीखेत स्थित नर सिंह ग्राउंड पर खेले जाएंगे।

## नो एंट्री में गाड़ी ले जाने पर चालान

**नैनीताल।** मध्यप्रदेश से घूमने नैनीताल आए पर्यटकों को नो एंट्री में टेंपो ट्रैवलर ले जाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश ग्वालियर निवासी विनीत सिंह पर्यटकों को टेंपो ट्रेवलर में लेकर नैनीताल पहुंच गया। नो एंट्री में टेंपो ट्रैवलर को आता देख पुलिस ने वाहन को रोका। लेकिन वाहन चालक ने वाहन नहीं रोका। पुलिस ने वाहन का पीछा कर वाहन रोका तो पर्यटक पुलिस से भिड गए। जब पुलिस ने पर्यटकों को टेंपो ट्रेवलर की नैनीताल में नो एंट्री की बात कही तो पर्यटकों ने माफी मांग ली। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि नो एंट्री में वाहन लाने पर वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही डांठ से टैंपो ट्रेवलर को वापस भेज दिया गया।

# मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के कई मेडिकल स्टोरों पर औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से गुरुवार को औचक छापेमारी की गई। अनियमितता पाए जाने पर विभाग की ओर से कई मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबन के लिए कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर हरीश चंद्र पंत के विशेष निर्देश पर गुरुवार को औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से नैनीताल में स्थित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। जिसमें हिमानी मेडिकल स्टोर समेत सांई संजीवनी मेडिकोज तथा प्रकाश मेडिकल स्टोर तथा पॉपुलर मेडिकोज पर औषधि के क्रय विक्रय अभिलेखों का सत्यापन न होने पर औषधि का रखरखाव



मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके अलावा फार्मासिस्ट की उपलब्धता भी नहीं पाई गई। जिसके चलते वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि मेडिकल स्टोरों के लाईसेंस निलंबन की संस्तुति के साथ-साथ ही क्रय विक्रय पर रोक लगाए जाने की कार्रवाई की है। अन्य मेडिकल स्टोर मोहिंदर केमिस्ट तथा राम सिंह संत सिंह व अन्य को बिल काटने व औषधि के उचित भंडारण के संबंध में निर्देशित किया साथ ही हिमानी मेडिकल और राम सिंह संत सिंह मेडिकल प्रतिष्ठानों से दो दो औषधि के नमूने जांच के लिए उठाए गए। टीम में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार भी शामिल थे।

## एक नजर

### होटल तथा ढांबों पर चेकिंग अभियान

**नैनीताल।** नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में श्रम प्रवर्तन व चाइल्ड हेल्प लाइन ने संयुक्त रूप से होटल तथा रेस्टोरेंट व ढाबों में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने होटल रेस्टोरेंट में बाल मजदूरी नहीं कराने की अपील की। जानकारी के अनुसार श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को तल्लीताल बाजार व भवाली रोड के होटलए रेस्टोरेंट व ढाबों में चैकिंग की। चेकिंग के दौरान टीम ने रेस्टोरेंट में बच्चों से बाल मजदूरी न कराने की बात कही। उन्होंने होटल व रेस्टोरेंट चालकों को बाल मजदूरी के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी रेस्टोरेंट या होटल में कोई व्यक्ति बाल मजदूरी कराते पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की है। फिलहाल गुरुवार को किसी भी रेस्टोरेंट या होटल में कोई बाल मजदूर नहीं पाया गया। बताया कि लगातार अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान चाइल्ड हैल्प लाइन से मदन मोहन समेत एएसआई सुनील कुमार मौजूद रहे।

### जीआईसी भूमियाधार में कौशलम कार्यशाला

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के जीआईसी भूमियाधार में कौशलम कार्यशाला का आयोजन किया गया। बता दें कि कार्यक्रम में कक्षा 11वीं की छात्रा मानसी वैशाली इशिका सोनम तनीषा इशिता सौम्या तथा प्रिया समेत कक्षा 7वीं व 8वीं की छात्राओं ने भाग लिया। प्रभारी प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र आर्य और इतिहास के प्रवक्ता विजय सिंह अधिकारी ने बताया कि स्कूल को अप्रैल 2025 में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इस कोशलम कार्यक्रम का उद्देश्य फेके गए या अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी उत्पाद बनाकर छात्रों की अंतर्निहित प्रतिभा को विकसित करना और उनमें उद्यमशीलता कौशल विकसित करना है। छात्रों ने अपने हाथ से बने उत्पादों जैसे पेन स्टैंड, बेकार कार्ड बोर्ड पर पेंटिंग तथा लकड़ी के तख्तों और कपड़ों पर बनाए गए विभिन्न रंगों के ऐपण डिजाइन करने के लिए बहुत उत्साह दिखाया जो न केवल उत्तराखंड की समृद्ध परंपराओं का प्रसार करने में बल्कि छात्रों को स्वरोजगार की संभावनाओं के लिए प्रोत्साहित करने में भी महान कलात्मक मूल्य रखते हैं। कार्यक्रम को सफल आयोजन में कार्यालय कर्मी पूरन चन्द्र एवं जीतेन्द्र पाठक ने भी अपना अहम योगदान दिया।

### शराब पीकर गाड़ी चलाना महंगा पड़ गया

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में दो दोपहियां वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने दोनों चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज कर दिये हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को चौकिंग अभियान के दौरान थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश सिंह बोहरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सतीश उपाध्याय तल्लीताल में चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक व एक स्कूटी को रोका गया। दस्तावेज मांगे तो दोनों चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। दोनों के नशे में प्रतीत होने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। एसओ रमेश सिंह बोरा ने बयाया कि एमवीएक्ट में गेठिया निवासी राज सिंह रावत व पंकज पतलिया के खिलाफ कार्रवाई कर बाईक संख्या यूके 04 जे 9743 व स्कूटी संख्या यूके 04 टीबी 7669 को सीज किया गया है।

### तेंदुए ने कुत्ते को मारकर पेड़ पर लटका दिया

**नैनीताल।** नैनीताल के अयारपाटा क्षेत्र में तेंदुए ने एक कुत्ते को मारकर पेड़ पर लटका दिया। पेड़ पर लटके कुत्ते को देख लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह अयारपाटा क्षेत्र में अरोमा होटल के समीप कुछ लोग मॉर्निंग वाक कर रहे थे। एक पेड़ में लोगों ने कव्वों को मंडराता देखा तो नजदीक जाकर देखा। इस दौरान लोगों को पेड़ पर मरा हुआ कुत्ता लटका मिला। लोगों ने तेंदुए द्वारा कुत्ते को मारकर पेड़ में लटकाने की संभावना जताई है। उन्होंने वन विभाग से कुत्ते के शव को वहां से हटाने की मांग की है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही क्षेत्र में टीम भेज दी गई थी। जिसने कुत्ते के शव का निस्तारण कर दिया है।

### उर्वशी दत्त बाली का सौंदर्य प्रतियोगिता में चयन

**काशीपुर।** राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता जीतने के बाद अब डी बाली ग्रुप की



डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली का चयन मिसेज इंटरनेशनल सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए हो गया है। यह प्रतियोगिता आगामी 15 जून से कजाकिस्तान में शुरू होगी और 5 दिन तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक फिल्म स्टार सलमान खान के भाई अरबाज खान होंगे। इस प्रतियोगिता में केवल सुंदरता को ही मापक नहीं माना जाता बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी आधार माना जाता है। कुल मिलाकर तन की सुंदरता नहीं बल्कि मन की स्वच्छता और मन की सुंदरता होना भी बहुत जरूरी होता है। आप सामाजिक और पारिवारिक जीवन का कैसा निर्वाह करते हैं उसको भी प्रतियोगिता में चयन का आधार माना जाता है। श्रीमती बाली का कहना है कि कई लड़कियां सिर्फ अपनी सुंदरता पर ध्यान देती है जबकि उन्हें सबसे पहले यह देखना चाहिए कि अपने आप को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए? उन्हें सोचना चाहिए कि स्त्रियों का सुंदर होने से ज्यादा जरूरी आत्मनिर्भर होना जरूरी है।

# हिमालय डिजिटल मीडिया संगठन ने सूचना महानिदेशक को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुवार को हिमालय डिजिटल मीडिया संगठन ने जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी के माध्यम से महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी को एक ज्ञापन प्रेषित किया।

इस ज्ञापन में राज्य में डिजिटल मीडिया नियमावली को शीघ्र लागू करने और न्यूज वेबसाइटों की सूचीबद्धता के लिए टेंडर आमंत्रित करने की मांग की गई। ज्ञापन में चार प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया, जिनमें राज्य में डिजिटल मीडिया नियमावली का शीघ्र लागू किया जाना, न्यूज वेबसाइटों के सूचीबद्धता के लिए टेंडर प्रक्रिया की शुरुआत,



सूचीबद्धता के मानकों को पूर्व की तरह बनाए रखने, और सूचीबद्धता की समय सीमा को 3 वर्ष तक बढ़ाने की मांग की गई। साथ ही, छूटे हुए न्यूज वेबसाइटों के लिए प्रतिवर्ष पृथक टेंडर आमंत्रित करने की आवश्यकता भी जताई गई। इस ज्ञापन को हिमालय डिजिटल मीडिया संगठन के अध्यक्ष दिनेश पांडे के नेतृत्व में पत्रकारों के एक समूह ने सौंपा। ज्ञापन देने वालों में गिरीश जोशी, तारा जोशी, मनोज पांडे, हर्ष रावत, डा. एएन तिवारी, भूपेंद्र रावत, श्रुति तिवारी, ऋषि कपूर, अतुल अग्रवाल सहित दर्जनों पत्रकारों के हस्ताक्षर शामिल थे।

# समग्र विकास पर एमओयू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की हेरिटेज संस्था और डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच गुरूवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते का उद्देश्य समाज के समग्र विकास और प्रगति में योगदान देना है। जिसके तहत दोनों संस्थान मिलकर शैक्षणिक तथा सामाजिक और सांस्कृतिक गति. विधियां आयोजित करेंगे। बता दें कि समझौते पर हेरिटेज की सचिव डाक्टर सरोज पालीवाल और डाक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज के प्राचार्य ने हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत दोनों संस्थान शैक्षिक अनुसंधान समेत कार्यशालाओं व संगोष्ठियों तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों और साम. ुदायिक विकास से जुड़े अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के ज्ञान में वृद्धि करना तथा समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाना है। हेरिटेज की सचिव डा. सरोज पाल. ीवाल ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और यह सिर्फ शुरुआत है। भविष्य में समाज कल्याण और शिक्षा के क्षेत्र में और भी कई समझौते किए जाएंगे। हेरिटेज के कार्यकारी सदस्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पालीवाल ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दोनों संस्थानों के लिए एक नया अवसर लेकर आया है जिससे अकादमिक गतिविधियों के साथ ही सामाजिक दायित्वों को भी पूरा किया जा सकेगा। कार्यक्रम में हेरिटेज संस्था की ओर से डाक्टर दीपक पालीवाल तथा विकास धाकड़ और रोनित जोशी ने भी हिस्सा लिया।

## मनावाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी को जारी किया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी नैनीताल को एक महत्वपूर्ण नोटिस जारी किया है। यह नोटिस सामाजिक कार्यकर्ता पवन रावत की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन रावत ने आयोग को एक शिकायत पत्र भेजा था जिसमें उन्होंने भवाली में खेल मैदान की व्यवस्था करने की मांग की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि भवाली क्षेत्र में कोई उचित खेल मैदान न होने के कारण वहां के युवाओं और बच्चों को खेल गति. विधियों में हिस्सा लेने के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। जिस पर आयोग ने विचार करते हुए संबंधित अधिका. रियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। आयोग ने जिलाधिकारी नैनीताल को निर्देशित किया है कि वह इस मामले में शिकायतकर्ता को सूचना प्रदान करें और उचित कदम उठाएं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि मामले की आगामी सुनवाई 18 मार्च को होगी जिसमें जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। आयोग ने यह भी कहा है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया जाता है तो आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह मामला मानवाधिकारों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पवन रावत जो उत्तराखंड युवा एकता मंच से जुड़े हुए हैं लंबे समय से सामा. जिक मुद्दों पर सक्रिय हैं। इस मामले में अब जिलाधिकारी की रिपोर्ट और आयोग की आगामी कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

# कुमाऊं विवि ने तपेदिक रोगियों को वितरित की पोषण किट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उन्नत भारत अभियान के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय ने



गुरुवार को सुयालबाड़ी स्थित साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में तपेदिक (टीबी) रोग से ग्रस्त मरीजों को पोषण किट वितरित की। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के निर्देशों में आयोजित किया गया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान से संबंधित है। विश्वविद्यालय ने आठ तपेदिक रोगियों को गोद लिया है, जिन्हें स्वास्थ्य लाभ और पोषण सहायता दी जा रही है। कार्यक्रम में उन्नत भारत अभियान के समन्वयक प्रो. अनिल कुमार बिष्ट ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य टीबी रोगियों को बेहतर पोषण प्रदान करना है, ताकि वे जल्द स्वस्थ हो सकें। कुमाऊं विश्वविद्यालय इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी उन्मूलन के लिए प्रयास कर रहा है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगा। कार्यक्रम में डॉट्स के सुप. रवाइजर आर एस दरमवाल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# नेहा बिष्ट और सूरज रहे चैम्पियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में 04-05 मार्च 2025 को आयोजित नवम् वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह लोटनी और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और मार्च पास्ट के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पिछले वर्ष की चौम्पियन नेहा बिष्ट ने मशाल जलाकर किया। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में कुनाल बोरा, सूरज मौर्य और अमित शर्मा ने क्रमश: पहले तीन स्थानों पर कब्जा किया, जबकि बालिका वर्ग में दिया, आस्था राणा और बबीता जोशी ने शीर्ष तीन



स्थान प्राप्त किए। अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं में सूरज मौर्य और खुशी आर्या ने 400 मीटर दौड़ में विजय प्राप्त की, जबकि लंबी कूद में पुनितेश द्विवेदी और नेहा बिष्ट ने पहला स्थान हासिल किया। बैडमिंटन, शतरंज, खो-खो, रस्सा कसी और अन्य खेलों में भी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। बैडमिंटन बालक वर्ग में राहुल गोस्वामी, बालि. का वर्ग में नेहा बिष्ट विजेता रहे। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य और मुख्य अतिथि ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारत-न्यूजीलैंड 25 साल बाद होंगे आमने-सामने

**● चैंपियंस ट्रॉफी: एक बार फिर दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के लिए खिताबी जंग लड़ेंगी**

**दुबई, वार्ता।** आलीशान इमारतों के शहर दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थीं। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दो बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में भिड़ी हैं। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच 2021 में विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला गया था। बारिश के कारण छह दिनों तक चले इस खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम भारत पर भारी पड़ी थी और कीवियों ने भारतीय टीम को आठ विकेट से हराया था। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नाकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था। उस मैच में सौरव गांगुली की अगुआई वाली भारतीय टीम ने गांगुली के 117 रन और सचिन तेंदुलकर के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में छह विकेट पर 264 रन बनाए थे। जवाब में स्टीफन फ्लेमिंग की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड टीम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया था। कीवी टीम के लिए क्रिस कार्न्स ने 113 गेंदों पर नाबाद 102 रन बनाए थे और भारत के मुंह से जीत छीन ली थी। इसके बाद से न्यूजीलैंड ने कभी आईसीसी के सफेद गेंद प्रारूप का टूर्नामेंट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड की टीम 2015 और 2019 वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन दोनों ही बार उसे हार का सामना करना पड़ा। अब उसका सामना एक और फाइनल में रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से होगा जो टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए खिताबी मुकाबले में पहुंची है। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था। इस मैच में वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही थी। चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला ही मैच खेलते हुए वरुण ने पांच विकेट झटके थे।






# शमी का लार के नियम पर दोबारा विचार करने का आग्रह

कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, दो नई गेंद नियम के आने से बिगड़ी स्थिति

दुबई, वार्ता। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आईसीसी से गेंद पर लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी देने का आग्रह किया है। कोविड-19 के दौरान आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इससे तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है, लेकिन अब गेंदबाज इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं करने से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वनडे क्रिकेट में दो नई गेंद का नियम आने से स्थिति और बिगड़ गई है। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई गेंदबाजों ने आईसीसी से लार पर प्रतिबंध पर दोबारा विचार करने का आग्रह किया है। इन गेंदबाजों का तर्क है कि इससे मुकाबले के दौरान बल्लेबाज और गेंदबाजों के बीच सही संतुलन बना रहेगा। शमी ने कहा, हम रिवर्स स्विंग करने का प्रयास करते हैं, लेकिन आप गेंद पर लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हम लगातार लार का इस्तेमाल करने की मंजूरी मांग रहे हैं और रिवर्स स्विंग होने से खेल दिलचस्प हो जाएगा। मैं लय वापस हासिल करने की कोशिश कर रहा हूं और टीम के लिए अतिरिक्त योगदान देना चाहता हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।

## रोजा न रख कर शमी ने किया बड़ा गुनाह: बरेलवी

**बरेली, वार्ता।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष और इस्लामिक रिसर्च सेंटर के संस्थापक और ऑल इंडिया तंजीम उलमा ए इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रज़वी बरेलवी ने कहा है कि क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने रमजान के मौके पर रोजा न रखकर बड़ा गुनाह किया है और वह शरीय कठघरे में खड़े हैं। शमी इन दिनो दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मौलाना शहाबुद्दीन ने क्रिकेटर के रोजा न रखने पर एक वीडियो जारी कर कहा कि इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है।

# मुशफिकुर ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**● जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा, पूरी लगन और ईमानदारी से अपना शत-प्रतिशत से अधिक दिया: रहीम**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने बुधवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। खराब फॉर्म में जूझ रहे मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर अपने संन्यास की जानकारी दी। वह वर्ष 2022 में टी-20 से संन्यास ले चुके है।

मुशफिकुर ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि मैं आज एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। सभी चीजों के लिए अलहमदुलिल्लाह। विश्व स्तर पर मेरी उपलब्धि सीमित रही। जब भी मैं अपने देश के लिए खेलने मैदान पर उतरा तो मैंने पूरी लगन और इमानदारी से अपना शतप्रतिशत से अधिक दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहे और मैंने महसूस किया कि यही मेरी किस्मत है। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों को धन्यवाद करता हूं जिनके लिए मैं पिछले 19 साल तक क्रिकेट खेला। मुशफिकुर चैंपियंस ट्रॉफी में भी संघर्ष करते हुए देखे गए। वह भारत के खिलाफ शून्य और न्यूजीलैंड के खिलाफ मात्र दो रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आखिरी एकदिवसीय अर्द्धशतक पिछले वर्ष मार्च में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। इसके बाद वह चोटिल होने की वजह से नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ दो एकदिवसीय और नवंबर, दिसंबर में वेस्टइंडीज के दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। मुशफिकुर ने बांग्लादेश के लिए 250 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं। वह बांग्लादेश में दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

# पाक पत्रकार पर बरसे बीसीसीआई उपाध्यक्ष

**■ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है, सवाल नागवार गुजरा, एक ही स्थल पर खेलने के फायदे को किया खारिज**

**लाहौर, वार्ता।** बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तानी पत्रकार के उस सवाल पर भड़क गए, जिसमें उन्होंने उससे पूछा कि क्या चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है। इस आईसीसी टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान है, लेकिन भारत ने इसके लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराने का फैसला किया था।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा हो रहा है। राजीव शुक्ला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच देखने गए थे और उस दौरान उनसे यही सवाल पूछा गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष इस सवाल पर भड़क गए और उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को करारा जवाब दिया। राजीव ने कहा कि भारत पिच नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन पर निर्भर रहती है। राजीव शुक्ला ने कहा, जब आईसीसी स्तर पर यह निर्णय लिया गया था तो यह तय किया गया था कि भारत के मैच दुबई में होंगे और बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे इसलिए यह निष्पक्ष या अनुचित का सवाल नहीं है। भारतीय टीम पिचों पर निर्भर नहीं करती है, यहां तक कि दुबई में भी अलग-अलग तरह की पिचें हैं। टीम अपने प्रदर्शन के आधार पर खेलती है, खिलाड़ी अपनी ताकत के आधार पर खेलते हैं और पिचों पर निर्भर नहीं होते हैं। राजीव शुक्ला ने इस दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तटस्थ स्थल पर द्विपक्षीय सीरीज की संभावनाओं के बारे में भी पूछा गया। इसे लेकर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली भारत सरकार की मंजूरी के अधीन है। वहीं, द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है।

# शकील टाइम आउट होने वाले सातवें बल्लेबाज

लाहौर, वार्ता। पाकिस्तान के सउद शकील प्रथम श्रेणी क्रिकेट में निर्धारित समय में क्रीज पर नहीं पहुंचने पर टाइम आउट करार दिये गए। वह टाइम आउट होने वाले दुनिया के सातवें बल्लेबाज है। पाकिस्तान के प्रथम श्रेणी घरेलू टूर्नामेंट प्रेसीडेंट ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की ओर से खेल रहे शकील दो गेंद पर दो विकेट गिरने के बाद तैयार नहीं होने के कारण निर्धारित समय के भीतर क्रीज पर नहीं पहुंचे। विपक्षी पीटीवी टीम के कप्तान अमाद बट ने निर्धारित तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने पर आउट की अपील कर दी।

अंपायरों ने तीन मिनट के अंदर क्रीज पर नहीं पहुंचने के कारण शकील को टाइम आउट करार दिया। टाइम आउट का वाक्या वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्वकप में उस समय सामने आया था जब एंजेलो मैथ्यूज को बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन के द्वारा अपील की गई और आउट करार दिया गया था वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इस तरह आउट करार दिये गए पहले बल्लेबाज थे। प्रथम श्रेणी मुकाबले में मोहम्मद शहजाद ने उमर अमीन और फवाद आलम को लगातार दो गेंद में आउट कर दिया था और उनकी हैट्रिक होने वाली थी। शकील के इस तरह आउट होने के बाद इरफान खान बल्लेबाजी करने आए और वह पहली ही गेंद पर आउट हो गए जिससे शहजाद ने हैट्रिक पूरी की।

# स्पिनरों के खिलाफ रन उगल रहा विराट कोहली का बल्ला

**दुबई, वार्ता।** गत वर्ष बॉर्डर- गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पर्थ टेस्ट में शतक के बाद लगातार रनों के लिए जूझ रहे विराट कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फार्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की पारी के दौरान विराट एक बार फिर नई ऊंचाइयां छूने को आतुर दिख रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। हालांकि वह मायूस नहीं होंगे। वह लंबे समय से स्पिनरों के खिलाफ परेशान चल रहे थे। इस दौरान वह इससे पूरी तरह उबरते दिखाई दिए। साथ ही उन्होंने 98 गेंद में सिर्फ पांच चौके लगाते हुए एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अर्द्धशतक जड़ा, जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। हालांकि, यह चमत्कार रातोंरात नहीं हुआ है।

## खेल विशेष

### एसआरएच ने चोटिल कार्स की जगह मुल्डर को टीम में किया शामिल

**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्ब्डर को टीम में जगह दी है। एसआरएच ने बतांया कि इंग्लैंड के ऑलराउंडर कार्स चोट के कारण आईपीएल के इस सत्र नहीं खेल पाएंगे। टीम प्रबंधन ने उनकी जगह मुल्डर को 75 लाख रुपये में खरीदा है। मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 11 टी-20, 25 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 60 विकेट लिए हैं और 970 रन बनाए हैं। एसस20 में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने डरबन सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए 32 मैचों में 26-21 की औसत और 136-11 के स्ट्राइक रेट से 603 रन बनाए हैं। इसमें तीन अर्द्धशतक भी शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने नौ विकेट भी लिए।

### फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** फुटबॉल टूर्नामेंट सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 21 अप्रैल से शुरु होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की घोषणा के अनुसार नॉक-आउट प्रारूप वाले इस टूर्नामेंट में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 13 क्लब और आई-लीग के तीन क्लब शामिल होंगे।

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया । निम्नलिखित ऋण खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **10.03.2025** को **सुबह 10 बजे** से निम्नलिखित ज़िला केंद्र **हल्द्वानी-नैनीताल रोड - प्रथम तल गुरु गोविंद सिंह टावर नैनीताल रोड हल्द्वानी उत्तराखंड-263139** पर संचालित की जायेगी। स्थान या दिनांक में किसी भी बदलाव (यदि कोई हो) नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से नीलामी यहाँ दी गयी तिथि पर संपन्न न की जा सके या एक ही दिन में पूरी न हो, तो आईआईएफएल को कथित नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ आगे की किसी तारीख़ पर संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25386868, GL33076888, GL31537685, GL31556656, GL31388469, GL31389245, GL33895422, GL33912866, GL31299379, GL31318237, GL31502219, GL31515023, GL31942868, GL31960074, GL32935036, GL32953906, GL33315451, GL33321734, GL33520221, GL33538103, GL25294873, GL31454548, GL31470059, GL31589696, GL31603065, GL31739852, GL32732967, GL32740540, GL32943429, GL32951893, GL33284010, GL33316352, GL32546371, GL33700254, GL31338123, GL31341108, GL32937799, GL32955409, GL33040920, GL33051409, GL33145212, GL33183412, GL33228735, GL33286052, GL33305053, GL33305057, GL33324713, GL33324788, GL33537446, GL33640771, GL33670853, GL33675211, GL33714911, GL33726213, GL33738089, GL33744242, GL33946994, GL32595702, GL32610118, GL33518728, GL31867645, GL32263826, GL33605383, GL33836123, GL31093050, GL31505883, GL31511704, GL32115497, GL32122093, GL32465336, GL32699452, GL32995889, GL32996089, GL33004939, GL33014944, GL33021414, GL33023989, GL33134327, GL33147384, GL33161369, GL33299531, GL33309587, GL33321314, GL33324326, GL33343368, GL33384220, GL33398295, GL33472652, GL33755470, GL33852624, GL33856547, GL32506134, GL32524259, GL33506902, GL33508954, GL33559884, GL33579041, GL33591148, GL33699209, GL32930318, GL32936526, GL32951533, GL32955108, GL33342300, GL33580501, GL33591492, GL33662998, GL33853717, GL32905472, GL32921258, GL33444788, GL33460556.

नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

स्थान: नैनीताल
दिनांक: 07.03.2025

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, बाजपुर**

ई-मेल- twdbazpur@gmail.com

पत्रांक : 244/न0ख0बा0 /निविदा/2024-25 दिनांक : बाजपुर :06/03/2025

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं0-06/निविदा/2024-2025, दिनांक 06.03.2024**

| जॉब सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST कर अतिरिक्त (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Supply of PVC Pipes 200 mm dia for water supplies in light gray colour 0.4 M.P.A working pressure with socket & solvent cement (in 6 meter length) I.S.I mark including proper stacking in central store at Bazpur as per IS 4985:2021. | 4000.00 MTR | 38400.00 | 1500+18% | 2 Month |
| 02 | Supply of PVC Pipes 160 mm dia for water supplies in light gray colour 0.4 M.P.A working pressure with socket & solvent cement (in 6 meter length) I.S.I mark including proper stacking in central store at Bazpur as per IS 4985:2021 . | 8000.00 MTR | 48160.00 | 2000+18% | 2 Month |

-: ई-निविदा से सम्बन्धित सारणी :-

1:-निविदा प्रपत्र की वेबसाईट पर उपलब्धता की तिथि व समय बजे के बाद — दिनॉक 12.03.2025 अपराह्न 1.00 बजे के बाद
2:-वेवसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि व समय बजे के बाद — दिनांक 13.03.2025 अपराह्न 2.00 बजे के बाद
3-वेबसाईट में निविदा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि व समय — दिनाक 14.03.2025 पूर्वाह्न 10.00 बजे के बाद
4-वेबसाईट में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय — दिनॉक 19.03.2025 शाम 05.00 बजे तक
5-कार्यालय में निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि व समय — दिनॉक 20.03.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक
6:-वेबसाईट पर तकनीकी विड खोले जाने की तिथि व समय — दिनॉक 21.03.2025 अपराह्न 01.00 बजे
7:-निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी का नाम व पता — अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, बाजपुर।
8:-निविदा से सम्बन्धित सूचना यदि कोई हो, जैसे शुद्वि-पत्र/परिशिष्ठ/निरस्तीकरण, वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।
9:-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाऐं वेबसाईट http:\\www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होगी।

(राजेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड बाजपुर

## आईआईटी रुड़की के अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र ने

# स्थिरता के लिए अंतरिक्ष पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र सीएसएसटी ने दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों. स्थिरता के लिए अंतरिक्ष विज्ञान प्रौद्योगिकी शिक्षा एवं नीति और 6वें भारतीय ग्रह विज्ञान सम्मेलन आईपीएससी 2025 की सफलतापूर्वक मेजबानी की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र आईएन.स्पेस इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ एस्ट्रोनॉटिक्स आईएए एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया एएसआई एवं भारतीय ग्रह विज्ञान संघ आईपीएसए के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों ने स्थायी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियांए ग्रहों की खोज और शिक्षा. उद्योग सहयोग पर चर्चा के लिए एक उच्च प्रभाव वाला मंच प्रदान किया। सम्मेलन के दूसरे दिन को भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप और उद्योगष् शीर्षक से इंटरैक्टिव ओपन सत्र का उद्घाटन किया गयाए जो भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के भीतर स्टार्टअपए उद्योग एवं शिक्षा के एकीकरण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉण् विनोद कुमारए निदेशक ;पीडीद्धए इन.स्पेसए अंतरिक्ष विभागए भारत सरकार उपस्थित थे। श्री प्रतीक जैनए आईएएसए प्रबंध निदेशकए सिडकुलए उत्तराखंडए एवं डॉण् दुर्गेश पंतए महानिदेशकए यूसीओएसटीए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईआईटी रुड़की




के निदेशक प्रोण् केण्केण् पंत ने की। शिक्षा कौशल एवं क्षमता निर्माण के माध्यम से एक मजबूत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र का विकासष् विषय पर एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और नीति के कुछ सबसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ एक साथ आए। चर्चा में एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया सेवानिवृत्त उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडॉर के अध्यक्षय प्रोफेसर इंद्रनील मन्नाए अध्यक्षए भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी और बीआईटी मेसरा के कुलपतिय अर्जुन गोयलए निदेशक.तकनीकी सरस्वती डायनेमिक्स प्राइवेट लिमिटेडय प्रोफेसर डॉ सुहास देशमुखए निदेशक राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद और प्रोफेसर इंद्रदी सिंह डीन. इंफ्रास्ट्रक्चरए आईआईटी रुड़की शामिल थे। सत्र का संचालन डॉण् विनोद कुमारए निदेशक पीडी इन.स्पेस ने किया। चर्चा में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक प्रमुख रणनीतिक नीतिगत हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला गया। पैनलिस्टों ने अंतरिक्ष अनुसंधान एवं विकास में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका कौशल विकास के लिए एक संरचित दृष्टिकोण की आवश्यकता और उद्योग.अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। इन क्षेत्रों को संबोधित करकए भारत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक अधिक लचीला व नवाचार.संचालित अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर सकता है। इस सम्मेलन में इसरो प्रयोगशालाओं शैक्षणिक संस्थानों एवं अंतरिक्ष उद्योग के अग्रणी वैज्ञानिकों शोधकर्ताओं व उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक प्रमुख आकर्षण ष्भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप की यात्रा और उनका आगे का रोडमैपष् शीर्षक वाला एक इंटरैक्टिव सत्र थाए जिसे इन.स्पेस के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस सत्र ने अंतरिक्ष स्टार्टअप और उभरते उद्योग के नेताओं को भारत की बढ़ती अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपने योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप्स ने भाग लियाए जिनमें अग्निकुलए जो छोटे उपग्रह प्रक्षेपण वाहनों में विशेषज्ञता रखती हैय ध्रुव स्पेसए जो उपग्रह प्रौद्योगिकी समाधानों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैय दिगंतरा जो अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता और कक्षीय मलबे की ट्रैकिंग पर काम करती हैय मनस्तु स्पेसए जो उपग्रहों के लिए टिकाऊ प्रणोदन प्रणाली विकसित करने वाली कंपनी हैय और सैटश्योर जो भू अवलोकन और भू.स्थानिक विश्लेषण में अपनी विशेषज्ञता के लिए जानी जाती है। इस कार्यक्रम में केनसैटए मॉडल रॉकेट्री एवं पोयम टीमों द्वारा तकनीकी प्रदर्शन भी किए गएए जिससे उपस्थित लोगों को अत्याधुनिक अंतरिक्ष अनुसंधान एवं छात्र.नेतृत्व वाले नवाचारों के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। इन प्रदर्शनों ने भारत के अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र को आगे बढ़ाने में युवा नवोन्मेषकों और अनुसंधान. संचालित परियोजनाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। इस सत्र के दौरान हुई चर्चाओं और सहभागिताओं ने भारत के अंतरिक्ष स्टार्टअप की सफलता को आगे बढ़ाने और उद्योग में दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेशए नीति समर्थन और सहयोग की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित किया। आईआईटी रुड़की के अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र सीएसएसटी के प्रमुख प्रोफेसर संजय उपाध्याय ने संस्थान के भविष्य के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहाए ष्आईआईटी रुड़कीए सीएसएसटी के माध्यम से भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने एवं उभरती अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में एक कदम के रूप मेंए हम उत्तराखंड में एक अंतरिक्ष अनुसंधान पार्क स्थापित करना चाहते हैंए जो अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकासए उद्योग.अकादमिक सहयोग एवं क्षमता निर्माण के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसरोए इन.स्पेसए उत्तराखंड सरकार और केंद्र सरकार के समर्थन और मार्गदर्शन सेए यह पहल नवाचार को बढ़ावा देगीए अनुसंधान साझेदारी को सुविधाजनक बनाएगी और अंतरिक्ष स्टार्टअप का पोषण करेगी। यह अंतरिक्ष अनुसंधान पार्क उत्तराखंड के बढ़ते प्रौद्योगिकी परिदृश्य में योगदान करने की क्षमता रखेगाए साथ ही भारत को स्थायी अंतरिक्ष अन्वेषण में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करेगा।

## पुरानी गंगानगर में अजगर दिखाई देने से लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर पुरानी गंगनहर में मगरमच्छ दिखाई देने से लोगो में दहशत का माहौल हैं। लोगों ने वन विभाग को सूचना दी हैं। वन विभाग के अनुभाग अधिकारी आशुतोष निम का कहना है कि मगरमच्छ को रेस्क्यू कर पकड़ लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को पुरानी गंगनहर में पार्किंग के सामने लोंगो को एक बड़ा मगरमच्छ दिखाई दिया। जिसको देखने के लिए लोगो की भीड़ जुट गई।इस बीच किसी ने मगरमच्छ का गंगनहर से बाहर आते हुए वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।जिसके बाद लोगों मे नहर में मगरमच्छ दिखाई देने से दहशत का माहौल हैं।आसपास के लोगो ने बताया कि पुरानी गंगनहर में आये दिन मगरमच्छ दिखाई देते रहते हैं।लेकिन इनको पकड़ा नही जा रहा हैं।इनसे कभी भी बड़ी घटना घट सकती हैं। आसपास के लोगो ने वन विभाग को सूचना देकर रेस्क्यू कर इन्हें पकड़ने की मांग की हैं। वन विभाग के अनुभाग अधिकारी आशुतोष निम का कहना है कि मगरमच्छ को रेस्क्यू कर पकड़ लिया जाएगा।

## पुलिस ने दो बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने 02 बाईक चोरो को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे चोरी की गयी मोटरवसाईकिल भी पुलिस ने बरामद कर ली है। अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनाँक 05.03.2025 को अक्षय कुमार पुत्र रामपाल सिह निवासी कोटामुराद नगर थाना पिरान कलियर रूडकी जनपद हरिद्वार के द्वारा कोतवाली रूडकी पर लिखित सूचना दी गयी कि उसकी मो0सा0 न0 8579 को ढण्डेरा रूडकी से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिस पर कोतवाली रूडकी पर मु0अ0सं0 77/2025



धारा 303(2) बीएनएस मे पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 विपिन कुमार के सुपुर्द की गयी। वाहन चोरी पर लगाम लगाने हेतु वर्तमान थाना प्रभारी कुश मित्रा के द्वारा टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर तन्त्र को सक्रिय किया गया जिसके क्रम मे टीम के द्वारा उक्त चोरी की मो0सा0 न0 8579 सहित 02 अभियुक्त 1. राव मौहम्मद हसीन पुत्र हमीद हसन निवासी प्राचीन शिव मंदिर वाली गली ढण्डेरा कोतवाली रूड़की जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष 2.राव इशरार पुत्र राव अहसान निवासी छोटी मस्जिद के पास ढण्डेरा कोतवाली रूड़की जनपद हरिद्वार को सोलानी पार्क से कलियर जाने वाली बीच वाली नहर पटरी पर पकडा है। अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उ0नि0 विपिन कुमार कोतवाली रूडकी हेकानि0 मनमोहन भण्डारी कोतवाली रूडकी हेकानि0 नूर हसन कोतवाली रूडकी कानि0 अनिल चौहान कोतवाली रूडकी आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने शान्ति भंग में चार को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने 04 लोगो को शान्ति भंग करने पर गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तगण को न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट रूडकी के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रूडकी के अ0उ0नि0 अषाढ सिह साथ मे कानि0 अनिल शर्मा के गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुये जैसे बस स्टैण्ड रूडकी पर पहुँचे तो 04 व्यक्ति आपस मे गाली गलौच कर लडाई झगडा कर रहे थे। जिन्हे पुलिस अधिकारियो के द्वारा समझाया बुझाया गया लेकिन नही माने जिन्हे हस्व कायदा 05. 35 बजे अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण को न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट रूडकी के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्त'1.उदय पुत्र अशोक कुमार निवासी गणेश नगर थाना गोपेश्वर जिला चमोली 2. ओमकार शर्मा पुत्र विजय शर्मा निवासी जिन्द थाना सिटी जिला जिन्द हरियाणा 3.राहुल पुत्र परविन्दर निवासी जिन्द थाना सिटी जिला जिन्द हरियाणा 4.विनय पुत्र अजय शर्मा निवासी जिन्द थाना सिटी जिला जिन्द हरियाणा है। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 अषाढ सिह पंवार कोतवाली रूडकी, कानि0 अनिल शर्मा कोतवाली रूडकी, कानि0 प्रदीप डंगवाल कोतवाली रूडकी आदि शामिल रहे।

## गंगनहर में डूबकर लापता हुए युवक की तलाश में जुटी जल पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंगनहर में डूबकर लापता हुए दो युवकों तलाश में जल पुलिस ने बोट की मदद से गंगनहर में सर्चिंग अभियान चलाया।

जानकारी के अनुसार धनौरी चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने बताया कि धनौरी के पास गंगनहर में 2 मार्च को 18 वर्षीय उवेश निवासी मालपुर तेतरा थाना जरीफ नगर जिला बदायूं उत्तर प्रदेश नारियल पकड़ते हुए डूबकर गंगनहर में लापता हो गया।वही 23 फरवरी को 22 वर्षीय दिपक शर्मा पुत्र राजकुमार निवासी पिण्डरा बागड़ी जिला बलिया



उत्तर प्रदेश डूबकर लापता हो गया।बृहस्पतिवार को जल पुलिस, बोट और कलियर पुलिस टीम के साथ अभियान चलाकर दो युवकों के शव की तालाश की जा रही है।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी पर राजीव रौथान कोतवाली प्रभारी लक्सर ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा माननीय न्यायालय से जारी आदेशिकाओं को शत प्रतिशत तामिल करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें लक्सर पुलिस द्वारा न्यायालय से जारी आदेशिकाओ की तामिल के लिए पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम इलमचंद पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम बहालपुरी थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी कांस्टेबल महेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### रामनगर कचहरी में राष्ट्रीय लोक अदालत कल

## विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व सचिव ने लिया तैयारी का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में रुड़की रामनगर कचहरी में 8 मार्च यानी कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। तहसील विधिक सेवा समिति द्वारालोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समिति के अध्यक्ष अपर जिला जज रमेश सिंह ने बताया कि लोक अदालत के जरिए आम जनता को आसानी से न्याय मिलता है लोक अदालत में आपसी समझौते या जमाने से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जा सकता है जिसमें मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगे जुमार्नो दुर्घटना संबंधी वादों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिविल मामलों को भी निस्तारित किया जाएगा। समिति के सचिव व द्वित्य अपर सिविल जज नवल बिष्ट ने बताया कि अनेक माध्यम से इस संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत काज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं यह जनहित में एक बेहतर कदम है।

वहीं इस अवसर पर रुड़की एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लीलू सिंह पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार तोमर श्रीकांत धीमान, कोतवाली सिविल लाइन प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंकुश मिश्रा, भगवानपुर थानाध्यक्ष सूर्य भूषण नेगी श गंग नहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऐश्वर्या पाल, मंगलौर कोतवाली से वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली आदि मौजूद रहे।

## बेहतर स्वास्थ्य इंसान की सबसे बड़ी पूंजी : जगदेव

**रुड़की।** गोपालपुर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय और आसपास के 50 से अधिक बच्चों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान जगदेव ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य इंसान की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए। ऐसे शिविर में जांच के बाद कोई बीमारियों का प्रारंभ में पता चल जाता है। जिनका शुरुआत में ही आसानी से इलाज कराया जा सकता है।

## छापे के दौरान अस्पताल में न डॉक्टर मिला, न ही स्टाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कस्बेवासियों की लगातार मिल रही शिकायतों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने टीम के साथ एक निजी अस्पताल में छापा मारा। इस दौरान अस्पताल में टीम को मौके पर न कोई डॉक्टर मिला और न ही स्टाफ के लोग मौजूद मिले। कुछ स्टाफ के सदस्य मौके पर मौजूद थे, लेकिन टीम को देखकर वह भी चलते बने। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है। सुबह लोगों की शिकायत के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अभिमन्यु ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम निजी अस्पताल की जांच पड़ताल के लिए कस्बा भगवानपुर में पहुंच गई। इस दौरान अस्पताल में टीम को कोई भी चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं मिला। कुछ स्टाफ के लोग भी टीम को देखकर बाहर की तरफ निकल गए। मौजूद एक महिला स्टाफ से चिकित्सा प्रभारी व टीम के लोगों ने पूछताछ की। इस पर महिला स्टाफ पूछताछ के दौरान कुछ जानकारी नहीं दे पाई। अस्पताल की संदिग्ध स्थिति देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने मौके पर कुछ फोटोग्राफ भी कराए। डॉ. अभिमन्यु ने बताया कि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी राजकीय और अशासकीय माध्यमिक विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापकों को उनके यहां चल रही बोर्ड परीक्षा में लगे शिक्षकों को कार्य मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

**खोया पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैनामा वर्ष 2019 बहीं सं. 1, जिल्द सं. 4703 के पृष्ठ 119 से 140 पर क्रं. सं. 5890 उक्त रजि. का 3 नंबर पेज वास्तव में कहीं खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य अवैध होगा।

**प्रवेज पुत्र अब्दुल गफूर नि. मौहल्ला किला, कस्बा मंगलौर, तह. रूडकी हरिद्वार।**

## अवैध खनन करने वालों ने बंद की पुलिया, घरों में घुसा गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मोहम्मदपुर कुन्हारी गांव में घरों से निकलने वाले पानी को तालाब तक ले जाने वाली पुलिया को अवैध खनन करने वालों ने बंद कर दिया। इसके चलते घरों से निकलने वाला पानी अब सड़कों पर भरने लगा है। गांव वालों ने हरिद्वार ग्रामीण विधायक को ज्ञापन भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीण मनोहर अली, अमजद अली, आमिर अली, जावेद, शरीफ, मुमताज, दिलशाद, आदि गांव वालों ने हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत को ज्ञापन भेजकर बताया कि गांव से निकलने वाला पानी पहले से गांव के आसपास बने तालाबों में जाता था। गांव के रास्तों पर बनी पुलिया से होकर उसकी निकासी होती थी। लेकिन कुछ अवैध खनन करने वालों ने मिट्टी डालकर पुलिया को बंद कर दिया है। इससे अब वहां से पानी निकासी पूरी तरह बंद हो गई है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रितिक कुमार का आचरण मेरे में मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण अपने पुत्र रितिक कुमार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं आज के बाद रितिक के किसी भी लेनदेन व अनैतिक कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मनोज कुमार पुत्र साधुराम नि. ग्राम मिर्जापुर पूरणपुर थाना खानपुर, तह. लक्सर, जिला हरिद्वार।**

## पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस ने एक अदद चाकू के साथ एक आरोपी को पकड लिया है। पकडे गये अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

थाना भगवानपुर क्षेत्रान्तर्गत अपराधो की रोकथाम/निरोधात्मक कार्यवाही के अन्तर्गत दौराने चौकिंग थाना भगवानपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 05/03/2025 को आरोपी राशिद पुत्र आबिद निवासी ग्राम खेलडी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार हाल निवासी ग्राम सिसोना थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को एक अदद नाजायज चाकू से साथ सिकन्दरपुर चौक से दौडबसी जाने वाले मार्ग पर तिराहे पर से पकड़ा कर गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 67/2025 धारा 4/25 आर्म्स अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त राशिद पुत्र आबिद से पुलिस ने अदद नाजायज चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में 1-कानि0 संजीव यादव ख्रथाना भगवानपुर 2-हो0गा0 तनवीर आदि शामिल रहे।

वहीं कोतवाली रुड़की पुलिस द्वारा गश्त के दौरान जादूगर रोड सिविल लाइन रुड़की में अशोक पुत्र प्रकाश नौटियाल निवासी 44 सिविल लाइन जादूगर रोड रूडकी पर शांति व्यवस्था प्रभावित कर रहा था पुलिस गस्त टीम द्वारा अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किया गया।

## घर से गाय चोरी कर गोकशी करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के सिद्धू निवासी सुमन ने पुलिस में पत्र देकर घर से रात्रि में गाय खोलकर उसको काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सीडधू निवासी महिला सुमन ने पुलिस में पत्र देकर बताया कि हमारे घेर में दो गाए और एक बछड़ा बंधा हुआ था रात्रि में करीब 5:30 बजे जब मैं दूध निकालने के लिए घेर में गई तो वहां पर हमारी एक गाए नहीं मिली जो 4 महीने की गर्भवती थी। उसने बताया मेरे परिवार व ग्राम वासियों ने इधर-उधर उसकी तलाश करने की कोशिश की तो हमारे गांव के किसान के खेत में हमारी गाय कटी हुई के अवशेष पड़े हुए थे जिसमें कटा हुआ सर भी पडा था। कटे हुए सर से हमने पहचान की है कि यह हमारी ही गाए हैं। उन्होंने आधा दर्जन व्यक्तियों के खिलाफ एक पुलिस में देखकर कार्रवाई की मांग की है जिसमें क्षेत्र के बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के दर्जनों



कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा भी किया है। वहीं लक्सर कोतवाली पर भारी राजीव रौथाण ने बताया कि बहुत जल्द इस मामले को देखा जाएगा और जो भी मुलजिम होगा उसे पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी करते हुध् मुखबीर की सूचना पर तीन ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया है। कहा की लक्सर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन किसी को भी नहीं करने दिया जाएगा।

जानकारी पर राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर ने बताया सरकर की ओर से अवैध खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है अवैध खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बावजुद कुछ लोग रात के अंधेरे में अवैध खनन कर रहे हैं जिनके खिलाफ पुलिस लगातर करवाई करती रहती है। सूचना मिली थी की खनन भंडारण की आड में कुछ लोग अवैध खनन नले रहे हैं और कर रहे हैं उस सूचना पर भीक्कमपुर क्षेत्र के रामपुर राय घटी क्षेत्र में मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करवाई की गई। कार्रवाही के दौरान तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा गया है उनकी रिपोर्ट अलग से संबंधित अधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने यह



भी कहा की लक्सर कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन किसी को भी नहीं करने दिया जाएगा। बुधवार को अवैध खनन छापेमारी मैं भीक्कमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह अन्य कांस्टेबल कार्रवाही में शामिल रहे।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 7 मार्च 2025

## चीन की प्रतिक्रिया

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी योजना के अनुसार उन देशों पर भारी टैरिफ लगाना शुरू कर दिया, जिनके विषय में वह पहले से ही कहते रहे हैं। उनकी योजना दो अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस समय उनके निशाने पर मैक्सिको, कनाडा, भारत, चीन मुख्य रूप से हैं। हालांकि उनकी योजना उन सभी देशों के लिए है, जो अमेरिका के उत्पादों पर टैरिफ लगाते रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि वह टैरिफ के मामले में किसी पर भी रियायत नहीं करेंगे और जैसे को तैसे की भाषा में जवाब देंगे। जहां तक बात मैक्सिको व कनाडा की है, उन पर तो टैरिफ लगाने की बात समझ में आती है लेकिन भारत जैसा मित्र देश जो अमेरिकी उत्पादों को लेकर इस समय काफी नर्मी दिखाता रहा है और अभी तक उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ को लेकर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है उससे भी पता चलता है कि भारत अमेरिका के साथ किसी तरह का व्यापारिक टकराव नहीं चाहता, जबकि मैक्सिको, कनाडा और चीन ने अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में चुनौती देनी शुरू कर दी है और बदले में यह देश भी अमेरिका के उत्पादों पर शुल्क लगा रहे हैं। अब यह लड़ाई कहां तक जाएगी या व्यापार तक ही सीमित रहेगी या व्यापार से आगे भी निकल सकती है, क्योंकि जैसी कठोर प्रतिक्रिया इस समय चीन की तरफ से देखने को मिली है, वह दुनिया के लिए ठीक नहीं है। चीन ने यहां तक कह दिया है कि वह अमेरिका के साथ युद्ध में हर हद तक जाएगा। चाहे व्यापारिक युद्ध हो चाहे अन्य कोई और, वह पूरे दम-खम के साथ अमेरिका से लड़ेगा। जिस तरह चीन ने अपना एकाएक 7.2 प्रतिशत अपना रक्षा बजट बढ़ाया है, वह भी चौंकाने वाला है। इस समय कुल बजट की बात करें, तो चालू वर्ष में जहां अमेरिका का रक्षा बजट 890 अरब डॉलर है, तो वहीं चीन का 249 अरब डॉलर है यानि अमेरिका के बाद केवल दुनिया में चीन ही है, जो रक्षा बजट के मामले में दूसरा नंबर रखता है। जहां तक बात भारत की है, भारत का रक्षा बजट चीन से भी काफी कम है। जोकि 78.8 अरब डॉलर है। मतलब साफ है कि चीन अपना रक्षा बजट बढ़ाकर अमेरिका को सीधे चुनौती तो नहीं लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से चुनौती पेश कर रहा है कि वह उसे हल्के में न ले। इस टैरिफ वॉर में कौन घाटे में जाएगा और किसको लाभ होगा, यह तो उस समय पता चलेगा, जब इस संबंध में आंकड़े सामने आएंगे और ये आंकड़े आने में अभी काफी लंबा समय लगेगा। अभी तो केवल शुरुआतभर ही है इसलिए अभी जल्दबाजी में कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे ट्रम्प जिस तरह फैसले ले रहे हैं, उसने विश्व को जरूर एक नई पैचीदा स्थिति में डाल दिया है। सबसे बड़ी यह मुश्किल पैदा कर रही है वह उनके फैसले लेने का स्वभाव है। अब देखना है कि दुनिया पर उनके फैसलो का क्या प्रभाव पड़ता है।

### मोदी ने गंगा सफाई की गारंटी को भुलाया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए नमामि गंगा योजना शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे, लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च ही नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ, उससे गंगा साफ नहीं हुई, मोदी जी ने कहा था कि उनको मां गंगा ने बुलाया है, पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को भुलाया है, करीब 11 वर्ष पहले, 2014 में, नमामि गंगे योजना शुरू की गई थी, योजना में मार्च 2026 तक 42,500 करोड़ रुपये की राशि इस्तेमाल की जानी थी, पर संसद में गंगा से संबंधित सवालों के जवाब से पता चलता है कि दिसम्बर 2024 तक केवल 19,271 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यानी मोदी सरकार ने नमामि गंगे योजना के लिए आवंटित 55 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**अध्यक्ष, कांग्रेस**

## सलाह: होली के दौरान बालों तथा त्वचा की देखभाल जरूरी



शहनाज हुसैन

> **'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फेंकने वाले अल्हड़ युवक-युवतियों की टोलियों पिचकारी, गुब्बारों, डाई व गुलाल में बाजार में बिकने वाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उसमें हानिकारक रसायन मिले होते हैं**

होली का त्यौहार खुशियों ,मस्ती, रोमांच तथा उत्साह लेकर आता है / लेकिन रंगों के इस त्यौहार को हम सब लोग उत्साह से मनाने के साथ ही रंग खेलने के साथ ही रंग छुड़ाने, त्वचा एवं बालों को हुए नुकसान को लेकर भी टेंशन में रहते हैं क्यों कि 'बुरा न मानो होली है' कहकर रंग फेंकने बाले अल्हड़ युवक युवतियों की टोलियां पिचकारी, गुव्वारों, डाई वा गुलाल में बाजार में बिकने बाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उनमें माइका ,लेड जैसे हानिकारक रसायनिक मिले होते हैं जिससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है, बल झड़ना शुरू हो जाते हैं तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है / आज के युग में बाजार में बिकने बाले रंगों में हर्बल तथा प्राकृतिक उत्पाद नाममात्र ही होते हैं / लेकिन ऐसे में आप घर पर छुप कर कतई न बैठें



/अगर आप कॉलोनी के पार्क में खुशनुमा माहौल में दिल खोल कर होली खेलना चाहते हैं तो जमकर रंग खेलने के बाद चुटकियों में रंग छुड़ाने के तरीके बता रही हैं सौंदर्य शहनाज़ हुसैन होली का त्यौहार ज्यादातर खुले आसमान में खेला जाता है जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरित प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकारक यू.वी. किरणों के साथ-साथ नमी की कमी की वजह से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निर्जीव बन जाती है। होली के पावन त्यौहार में अपनी त्वचा की रक्षा के लिए होली खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एस.पी.एफ. सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोड़े, फन्सियां आदि है तो 20 एस.पी.एफ. से ज्यादा दर्ज की सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही विद्यमान होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक शुष्क हैं तो पहले सनस्क्रीन लगाने के बाद कुछ समय इंतजार करने के बाद ही त्वचा पर माइस्चराईजर का लेप करें। आप अपनी बाजू तथा सभी खुले अंगों पर माईस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें। होली खेलने से पहले सिर में बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें।

इससे बालों को गुलाल के रंगों की वजह से पहुंचने वाले सुखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव मिलेगा। आजकल बाजार में सनस्क्रीन सहित हेयर क्रीम आसानी से उपलब्ध हो जाती है। थोड़ी से हेयर क्रीम लेकर उसे दोनों हथेलियों पर फैलाकर बालों की हल्की-हल्की मालिश करें। इसके लिए आप विशुद्ध नारियल तेल की बालों पर मालिश भी कर सकते है। इससे भी रसायनिक रंगों से बालों को होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है। होली के रंगों से नाखूनों को बचानें के लिए नाखूनों पर नेल वार्निश की मालिश करनी चाहिए। होली खेलने के बाद त्वचा तथा बालों पर जमें रंगों को हटाना काफी मुश्किल कार्य है। उसके लिए सबसे पहले चेहरे को बार-बार साफ निर्मल जल से धोएं तथा इसके बाद कलीजिंग क्रीम या लोशन का लेप कर लें तथा कुछ समय बाद इसे गीले काटन वूल से धो डाले। आंखों के इर्द गिर्द के क्षेत्र को हल्के-हल्के साफ करना न भूलें। क्लीजिंग जैल से चेहरे पर जमें रंगों को धुलने तथा हटाने में काफी मदद मिलती है। अपना घरेलू क्लीनजर बनाने के लिए आधा कप ठंडे दूध में तिल, जैतून, सूर्यमुखी या कोई भी वनस्पति तेल मिला लीजिए। काटन वूल पैड को इस मिश्रण में डूबोकर त्वचा को साफ करने के लिए उपयोग में लाऐं। शरीर से रसायनिक रंगों को हटाने में तिल के तेल की मालिश महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे न केवल रसायनिक रंग हट जाऐंगे बल्कि त्वचा को अतिरिक्त सुरक्षा भी मिलेगी। तिल के तेल की मालिश से सूर्य की किरणों से हुए नुकसान की भरपाई में मदद मिलती है। नहाते समय शरीर को लूफ या वाश कपड़े की मदद से स्क्रब कीजिए तथा नहाने के तत्काल बाद शरीर तथा चेहरे पर माइस्चराईजर का उपयोग कीजिए। इससे शरीर में नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी। यदि त्वचा में खुजली है तो पानी के मग में दो चम्मच सिरका मिलाकर उसे त्वचा पर उपयोग करें तथा इससे खुजली खत्म हो जाऐगी। इसके बाद भी त्वचा में खुजली जारी रहती है तथा त्वचा पर लाल चकत्ते तथा दाने उभर आते है तो आपकी त्वचा को रंगों से एलर्जी हो गई तथा इसके लिए आपको डाक्टर से आवश्यक सलाह मशवरा जरूर कर लेना चाहिए। बालों को साफ करने के लिए बालों में फंसे सुखे रंगों तथा माईका को हटाने के लिए बालों को बार-बार सादे ताजे पानी से धोते रहिए। इसके बाद बालों को हल्के हर्बल शैम्पू से धोएं तथा उंगलियों की मदद से शैम्पू को पूरे सिर पर फैला लें तथा इसे पूरी तरह लगाने के बाद पानी से अच्छी तरह धो डालिए। बालों की अंतिम धुलाई के लिए बियर को अन्तिम हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। बीयर में नीबू का जूस मिलाकर शैम्पू के बाद सिर पर उडेल लें। इसे कुछ मिनट बालों पर लगा रहने के बाद साफ पानी से धो डालें। होली के अगले दिन दो चम्मच शहद को आधा कप दही में मिलाकर थोड़ी सी हल्दी में मिलाए तथा इस मिश्रण को चेहरे, बाजू तथा सभी खुले अंगों पर लगा लें। इसे 20 मिनट लगा रहने दें तथा बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे त्वचा से कालापन हट जाएगा तथा त्वचा मुलायम हो जाएगी। होली के अगले दिनों के दौरान अपनी त्वचा तथा बालों को पोषाहार तत्वों की पूर्ति करें। एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल में एक चम्मच अरण्डी का तेल मिलाकर इसे गर्म करके अपने बालों पर लगा लीजिए। एक तौलिए को गर्म पानी में भीगों कर पानी को निचोड दीजिए तथा तौलिए को सिर पर लपेट लीजिए तथा इसे 5 मिनट तक पगड़ी की तरह सिर पर बंधा रहने दीजिए। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराईए इसे खोपड़ी पर तेल को जमने में मदद मिलती है। एक घण्टा बाद बालों को साफ ताजे पानी से धो डालिए।

**( लेखिका-अर्न्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ है तथा हर्बल क्वीन के नाम से लोकप्रिय है )**

## एआई: एक रक्त परीक्षण से कई बीमारियों का निदान...

**वर्तमान में आत्म-प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है जिससे निदान में देरी हो सकती है लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है, इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है**

कल्पना कीजिए कि सिर्फ एक रक्त परीक्षण से कोविड-19, एचआईवी, मधुमेह और आत्म-प्रतिरक्षा सम्बंधी बीमारियों की जांच हो जाती है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल विकसित किया है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया का विश्लेषण कर एक साथ कई बीमारियों का पता लगा सकता है।

साइंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में लगभग 600 लोगों पर इस एआई टूल का परीक्षण किया गया। पता चला कि यह टूल सटीक रूप से पहचान सकता है कि व्यक्ति स्वस्थ है, वायरल संक्रमण से जूझ रहा है या आत्म-प्रतिरक्षा रोग से ग्रसित है। इतना ही नहीं, इससे यह भी पता चल सकता है कि व्यक्ति ने हाल ही में फ्लू का टीका लिया है या नहीं, जो इसकी अतीत और वर्तमान प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को समझने की क्षमता को दर्शाता है।

वास्तव में हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली एक मेमोरी बैंक की तरह काम करती है जो हर संक्रमण, टीकाकरण और बीमारी का रिकॉर्ड रखती है। इसमें दो मुख्य घटक होते हैं। 'बी' कोशिकाएं जो हानिकारक वायरस से लड़ने के लिए एंटीबॉडी बनाती हैं और 'टी' को. शिकाएं जो संक्रमित कोशिकाओं को नष्ट करती हैं या अन्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करती हैं। जब किसी व्यक्ति को कोई संक्रमण या आत्म-प्रतिरक्षा रोग होता है तो 'बी' और 'टी' कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है और वे अपनी सतह पर विशेष ग्राही बनाती हैं, जो संक्रमण की पहचान और प्रतिक्रिया में मदद करते हैं।

AI



वैज्ञानिकों ने इन ग्राहियों को बनाने वाले जीन्स का अनुक्रमण किया ताकि बीमारियों का एक विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। इसके बाद, एआई टूल ने इन जीन अनुक्रमों का विश्लेषण करने के लिए छह मशीन-लर्निंग मॉडल का उपयोग किया और अलग-अलग बीमारियों से जुड़े पैटर्न की पहचान की। वर्तमान में, आत्म-प्रतिरक्षा बीमारियों या वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए कई परीक्षण और विशेषज्ञ परामर्श की ज़रूरत होती है, जिससे निदान में देरी हो सकती है। लेकिन यह एआई टूल केवल एक रक्त परीक्षण से सटीक परिणाम दे सकता है। इसके अलावा कुछ बीमारियों के लिए कोई पक्के नैदानिक परीक्षण नहीं होते, जिससे उन्हें शुरुआती चरण में पहचानना कठिन होता है। यह एआई टूल प्रतिरक्षा प्रणाली की गतिविधियों को पढ़कर उन छिपी हुई बीमा. रियों को भी पकड़ सकता है, जिन्हें पारंपरिक जांचें नहीं ढूंढ पातीं। इसके साथ ही, यदि डॉक्टर किसी व्यक्ति के प्रतिरक्षा इतिहास को समझ पाएं, तो वे व्यक्तिगत उपचार योजनाएं बना सकते हैं और गंभीर लक्षण प्रकट होने से पहले ही बीमारी पकड़ सकते हैं। यह टूल बहुत सशक्त है क्योंकि प्रतिरक्षा प्रणाली अपने आप में एक नैसर्गिक निदान है। यदि हम इसे पूरी तरह समझ लें तो यह बहुत मददगार होगी। लेकिन अभी इस टूल को विविध और बड़े पैमाने पर परखने की ज़रूरत है ताकि यह सटीक और बेहतर हो सके।

**स्रोत फीसर्च**

## 'छावा' की रिलीज के बाद औरंगजेब को लेकर गहराता विवाद!



अशोक भाटिया

> **सपा के विधायक ने कहा: छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी**

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफों के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया, हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के समय) सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर मारा, वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता है? एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है।

दरअसल, अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया, और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था- तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा। उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे, तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34 प्रतिशत हिंदू उसके साथ नहीं होते, और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम एंगल देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा, और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है। इस बीच, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो। कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।, जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाके से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की :कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गए, हम फिर आएंगे वही दौर लेकर यह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ी, जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी की, जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का, है जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है, और आगे बताया कि जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने एफआईआर दर्ज की है, यह एफआईआर आईपीसी की धारा 153(ए) और 34 के तहत दर्ज किया है, एफआईआर दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाके से गिरफ्तार किया, इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहां विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थी, जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थी, जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 'कोल्हापुर बंद' का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी।

**( ये लेखक के अपने विचार है, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक व टिप्पणीकार )**




## बालों के झड़ने को कहें अलविदा, ये जादुई तेल बालों को बनाएगा मजबूत और लंबा

आजकल बढ़ते प्रदूषण, अनहेल्दी लाइफस्टाल, खानपान और तनाव की वजह से लोग कई समस्याओं का सामना करते हैं। तो इन्हीं के कारण बाल झड़ने और हेयर ग्रोथ की समस्या भी बढ़ती जा रही है। इसलिए लोग बालों की केयर के लिए तरह-तरह के हेयर ट्रीटमेंट्स और कैमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। जो बालों को अधिक खराब कर देते हैं। ऐसे में आप घरेलू नुस्खों का सहारा लेकर हेयर फॉल की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। इससे आपके बाल नेचुरल तरीके से लंबे और घने दिखेंगे। अगर आप भी बालों के झड़ने के साथ हेयर ग्रोथ रुक जाने की समस्या से परेशान हैं, तो आज हम आपको एक होममेड तेल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

### हेयर ऑयल सामग्री...

- बेरी बेरी लीव्स- 6-7 पत्तियां
- करी पत्ता- 6-7 पत्तियां
- कलौंजी- 1 टेबलस्पून
- काले तिल- 1 टेबलस्पून
- नारियल तेल- 1 बड़ी कटोरी
- विटामिन- ई कैप्सूल- 2
- अरंडी का तेल- 2 टेबलस्पून

### ऐसे बनाएं...

- एक स्टील के बर्तन में नारियल का तेल निकाल लें।
- फिर गैस पर नारियल के तेल को पिघला लें और गैस धीमी रखना है।
- तेल पिघल जाने के बाद उसमें करी पत्ता, काले तिल, बेरी-बेरी लीव्स और
- कलौंजी डालकर अच्छे से पका लें।
- इस तेल को तब तक खौलाएं जब तक यह आधा न रह जाए।
- इस प्रक्रिया में करीब 1 घंटे का समय लग सकता है।
- तब तेल पककर आधा रह जाए, तो इसमें विटामिन ई के कैप्सूल और अरंडी का तेल मिला दें।
- इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं और गैस बंद कर दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो छलनी की मदद से छानकर इसे डिब्बे में स्टोर कर लें।

### कैसे करें इस्तेमाल...

बता दें कि सप्ताह में दो बार आप इस तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं बाल धोने से एक दिन पहले अच्छे से इस तेल से सिर की मालिश करें। जिससे कि पूरी रात तेल अच्छे से बालों की जड़ों तक पहुंच जाए। फिर अगले दिन सुबह उठकर शैंपू से बाल धो डालें।

# टोक्यो में दो जुड़ी हुई बुलेट ट्रेनें अलग हुई, सेवाएं बाधित

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में एक स्टेशन के पास गुरुवार को दो जुड़ी हुई शिकानसेन बुलेट ट्रेनें अलग हो गईं, जिसके बाद उन्हें आपातकालीन स्थिति में रोका गया, जिससे पूर्वी जापान में बुलेट ट्रेन सेवाएं कुछ समय के लिए बाधित रही। पूर्वी जापान रेलवे (जेआर ईस्ट) ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि तोहोकू शिकानसेन लाइन पर एक हायाबुसा ट्रेन और एक कोमाची ट्रेन स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे उएनो और ओमिया स्टेशनों के बीच अलग हो गईं। उन्हें स्थानीय यात्री लाइन पर निशिनिपोरी

## घटना के समय ट्रेन में सवार थे 650 यात्री

स्टेशन के पास जांच के लिए रोका गया। रेलवे संचालक ने बताया कि हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नही है। उसने बताया कि घटना के समय ट्रेन में करीब 650 यात्री सवार थे। दस कोच वाली हायाबुसा और सात कोच वाली कोमाची ने स्थानीय समयानुसार सुबह 11:20 बजे टोक्यो स्टेशन से प्रस्थान किया और बाद में उन्हें अलग होकर अलग-अलग स्थानों तक की यात्रा करनी थी। हायाबुसा को तोहोकू शिकानसेन लाइन पर शिनाओमोरी स्टेशन और कोमाची को अकिता शिकानसेन लाइन पर अकिता तक की यात्रा करनी थी। जेआर ईस्ट ने बताया कि घटना के बाद तोहोकू, अकिता, यामागाटा, होकुरिकु और जोएत्सु शिकानसेन लाइनों पर बुलेट ट्रेन सेवाओं को कुछ खंडों पर निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 2:30 बजे के परिचालन फिर से शुरू कर दिया गया।



# ईरान ने ब्रिटेन की सुरक्षा को खतरे का दावा किया खारिज

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगेई ने बुधवार को कहा कि ब्रितानी अधिक-ारियों का यह दावा कि तेहरान ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना चाहता है, पूर्णत: निराधार है। बगेई ने मंगलवार को ब्रिटेन की संसद में संबोधन के दौरान ब्रिटेन के रक्षा मंत्री डैन जार्विस की ईरान विरोधी टिप्पणियों के जवाब में ईरानी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में यह खंडन किया। जार्विस ने कहा कि वह पूरे ईरान को, जिसमें उसकी खुफिया सेवाएं, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स और खुफिया मंत्रालय शामिल हैं, खुफिया विदेशी प्रभाव से रक्षा के लिए डिजाइन किए गए आगामी विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना के उन्नत स्तर में रखेंगे।

उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों से आग्रह किया कि ब्रिटेन अपनी टकरावपूर्ण नीतियों पर जोर देने और ईरान के विरुद्ध निराधार आरोप लगाने के बजाय ईरानी लोगों के विरुद्ध अपनी गलत नीतियों को त्याग दे तथा आतंकवाद को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना बंद कर दे।

# अमेरिकी टैरिफ का माकूल जवाब देगा ईयू





## फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा: हमें भी तैयार रहना चाहिए
## डब्ल्यूटीओ ने की अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत की पुष्टि

**मॉस्को/वाशिंगटन।** यूरोपीय संघ अमे-रिकी टैरिफ के लिए जवाब तैयार कर रहा है, लेकिन अभी भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह कदम उठाने से रोकने की कोशिश कर रहा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह बात कही।

मैक्रोन ने बीएफएम टीवी द्वारा प्रसारित भाषण में कहा, हमें तैयार रहना चाहिए अगर अमेरिका यूरोपीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाता है, जैसा कि उसने अभी कनाडा और मैक्सिको के साथ किया है। यह निर्णय हमारे और अमेरिकी अर्थव्यवस्था दोनों के लिए अस्पष्ट है और हमारे कुछ उद्योगों पर इसके परिणाम होंगे। हम भी इसका उत्तर दिए बिना नहीं रहेंगे, जबकि हम अपने यूरोपीय भागीदारों के साथ जवाब तैयार करते हैं, हम अमेरिकी राष्ट्रपति को मनाने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखते हैं। ट्रम्प ने फरवरी में कहा कि उनका प्रशासन बहुत जल्द यूरोपीय संघ से आयात पर नए 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा करेगा, जिसमें ऑटोमोबाइल भी शामिल हैं। इसी बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने बुधवार को कहा कि उसे अमेरिकी टैरिफ पर कनाडा की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें विवाद परामर्श का अनुरोध किया गया है। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अमेरिका द्वारा कनाडा में उत्पादित सभी गैर-ऊर्जा वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और ऊर्जा वस्तुओं पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज करेगा। डब्ल्यूटीओ ने कहा, कनाडा ने कनाडा में उत्पादित वस्तुओं पर अमे-रिका द्वारा लागू किए गए नए टैरिफ उपायों के बारे में अमेरिका के साथ डब्ल्यूटीओ विवाद परामर्श का अनुरोध किया है। कनाडा ने दावा किया है कि अमे-रिकी टैरिफ 1994 के टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते के साथ-साथ व्यापार सुविधा समझौते के विभिन्न प्रावधानों के साथ असंगत हैं। संगठन ने कहा कि शिकायत बुधवार को डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के बीच प्रसारित की गई थी। परामर्श के लिए अनुरोध डब्ल्यूटीओ में औपचारिक विवाद शुरू करने का पहला कदम है। यदि पक्षकार 60 दिनों के भीतर विवाद को हल करने में विफल रहते हैं, तो मुकदमा चलाया जाता है।

### अगले सप्ताह पेरिस में होगी बैठक

**मैक्रों ने कहा कि हालांकि फ्रांस, नाटो और अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी दोनों के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे अपनी रक्षा और सुरक्षा के मामलों में स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने घोषणा की कि वह अगले सप्ताह राजधानी पेरिस में एक बैठक में यूरोपीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे, ताकि स्थाई शांति लाने की योजना पर काम किया जा सके, जिसमें रूस को फिर से आक्रमण करने से रोकने के लिए यूक्रेन में शांति सेना तैनात करना शामिल हो सकता है।**

# परमाणु शस्त्रागार से यूरोपीय सहयोगियों को सुरक्षा देगा फ्रांस

> मैं विश्वास करता हूं कि अमेरिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है: मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस परमाणु शस्त्रागार का सुरक्षा कवच अपने यूरोपीय सहयोगियों तक बढ़ाने पर विचार करेगा, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यूरोप को इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि यूक्रेन-रूस युद्ध में अमेरिका कि हमारे साथ खड़ा नही होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैक्रों ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव प्रसारण में कहा, मैंने यूरोपीय महाद्वीप पर अपने सहयोगियों की सुरक्षा के लिए हमारे प्रतिरोध पर रणनीतिक बहस शुरू करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्होंने यूरोप द्वारा यूक्रेन की सहायता जारी रखने तथा अपनी रक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मैक्रों ने फ्रांस के परमाणु शस्त्रागार के बारे में कहा, हमारा परमाणु प्रतिरोध हमारी रक्षा करता है, यह पूर्ण, संप्रभु, शुरुआत से अंत तक फ्रांसीसी है। यह हमारे कई पड़ोसियों की तुलना में हमारी बहुत अधिक रक्षा करता है। उन्होंने कहा, जो कुछ भी हो, निर्णय हमेशा गणराज्य के राष्ट्रपति, सेना के कमांडर के हाथों में रहा है और रहेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यूरोप एक नए युग में प्रवेश कर रहा है और रूस से खतरे के प्रति दर्शक बने रहना मूर्खता होगी। मैक्रों ने कहा, हमारे सहयोगी अमे-रिका ने इस युद्ध पर अपनी स्थिति बदल दी है, यूक्रेन का कम समर्थन कर रहा है और आगे क्या होगा, इस पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि अमे-रिका हमारे पक्ष में रहेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।

# एयरोस्पेस विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद तेज

**बेलगावी (कर्नाटक)।** देश के एयरोस्पेस उद्योग में नवाचार और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने बेलगावी एयरोस्पेस क्लस्टर (बीएससी) में 50:50 संयुक्त स्वामित्व वाली सैंड कास्टिंग सुविधा की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**मैगेलन एयरोस्पेस कॉरपोरेशन और एक्वस प्राइवेट लिमिटेड ने करार पर हस्ताक्षर किए**

यह प्रस्तावित सुविधा वाणिज्यिक और रक्षा दोनों क्षेत्रों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से स्थापित की जाएगी। वर्तमान में भारत में एयरोस्पेस-योग्य एनएडीसीएपी प्रमाणित सैंड कास्टिंग सुविधाओं की कमी है। ऐसे में यह पहल देश और दक्षिण पूर्व एशिया के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। भारत में मेक इन इंडिया और उड़ान योजना जैसी पहलों से एयरोस्पेस उद्योग में जबरदस्त विकास हुआ है। निजी क्षेत्र के बढ़ते निवेश और बढ़ते हवाई यातायात के कारण, इस संयुक्त उद्यम से देश में एयरोस्पेस विनिर्माण के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है। यह पहली बार नही है जब मैगेलन और एक्वस एक साथ आए हैं। वर्ष 2007 में दोनों कंपनियों ने एयरोस्पेस प्रोसेसिंग इंडिया की स्थापना की थी, जो एयरबस और बोइंग द्वारा अनुमोदित भारत की पहली थर्ड-पार्टी सरफेस ट्रीटमेंट सुविधा है। इसके अलावा वर्ष 2024 में दोनों कंपनियों ने कर्नाटक में विमान इंजन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा विकसित करने के लिए भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।



## हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे

# 1905 में आए भूकंप के निशान अब तक बाकी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगडा में 1905 में आए विनाशकारी भूकंप के 120 साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन इस त्रासदी के निशान और असर अभी तक बने हुए हैं।

कांगड़ा में 1905 में आया भूकंप भारतीय इतिहास के सबसे विनाशकारी भूकंपों में से एक है। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.8 से 7.9 के बीच मापी गई थी और इसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे। इस भूकंप से करीब 53,000 पालतू जानवर मारे गए और लगभग 100,000 इमारतें मलबे में तब्दील हो गयी थी। जलसेतु नेटवर्क सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के पूर्ण रूप से ध्वस्त होने के कारण लंबे समय तक पीड़ा और भारी आर्थिक नुकसान को दंश कांगडा ने झेला है। अतिरिक्त सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन बलवान चंद ने सभी विभागाध्यक्षों को लिखे एक पत्र में कहा, पीड़ितों को सम्मानित करने और आपदा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए, हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर आपदा जागरूकता अभियान चला रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को भूकंप की तैयारियों और लचीलापन-निर्माण उपायों के बारे में शिक्षित करना है। इस अवसर पर निर्धारित प्रमुख कार्यक्रमों में सरकारी और निजी संस्थानों में निकासी अभ्यास, सभी जिला मुख्यालयों में नागरिक एकजुटता मार्च और स्कूलों, विश्वविद्यालयों और स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में जागरूकता कार्यशालायें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य आकर्षण केन्द्र एक ड्रिल है, जिसमें हज़ारों लोग ड्रॉप, कवर एंड होल्ड अभ्यास में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त, अप्रैल में ग्राम सभा की बैठकें भूकंप-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि स्थानीय समुदाय सुरक्षित निर्माण तकनीकों को समझें और अपनायें। अभियान में भूकंप सुरक्षा दिशा-निर्देशों का प्रसार और छात्रों, शिक्षकों और अधिकारियों के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। चंद ने कहा कि पिछली आपदाओं और बढ़ते भूकंप के जोखिमों के मद्देनजर, सरकार ने भविष्य में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और तेज़ कर दिया है। राज्य आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना को नए निर्माणों, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अनिवार्य भूकंप-रोधी भवन संहिताओं के साथ बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए संशोधित किया गया है। आपदा-रोधी आवास को बढ़ावा देने के लिए इंजीनियरों, राजमिस्त्रियों और स्थानीय बिल्डरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में भूकंपीय निगरानी स्टेशनों की स्थापना से वास्तविक समय में अलर्ट मिलेंगे, जबकि आपदा की तैयारी को नियमित साम-ुदायिक अभ्यास के साथ स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 2023 के मानसून के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 13,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए थे, सरकार भूस्खलन- प्रभावित क्षेत्रों में असुरक्षित विकास को रोकने के लिए जलवायु-अनुकूल निर्माण और इस संबंध में सख्त कानूनों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# तहव्वुर राणा ने की प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग

**वॉशिंगटन।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 2008 के आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है।

राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमे-रिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों की ओर से वांछित तहव्वुर राणा को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने की मंजूरी दे दी है।

राणा ने अपने आवेदन में कहा है कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है। वह हृदय धमनी




विकार, पार्किंसंस और यूरिनल कैंसर का रोगी है। राणा के वकीलों का तर्क है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकता है। तहव्वुर हुसैन राणा (63 वर्षीय) पाक मूल का कनाडाई नागरिक है। राणा, पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है और सेना में डॉक्टर रहा। हालांकि 90 के दशक में राणा कनाडा चला गया और फिर उसने वहीं की नागरिकता ले ली थी। कनाडा से तहव्वुर राणा अमेरिका पहुंचा और वहां उसने शिकागो में एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म खोली। मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

राणा को साल 2009 में अमेरिकी जांच एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली ने मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। हेडली, तहव्वुर राणा की इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का कर्मचारी था। जांचकर्ताओं का मानना है कि हेडली ने तहव्वुर राणा के इशारे पर ही ये काम किया।




